सूर्योदय 6:40 सूर्यास्त 5:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9 न्यू | 20 अधि |
| धर्मशाला | 16 न्यू | 26 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,459.15 |
| निफ्टी | 25,597.65 |
| सोना | 1,19,916 |
| चांदी | 1,45,800 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 6 नवंबर 2025 | 22 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 309, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### किश्तवाड़ में मुठभेड़ एक जवान घायल

**एजेंसी, किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छत्रू स्थित कलाबन फॉरेस्ट एरिया में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकियों की फायरिंग से एक जवान घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि पुलिस को आतंकियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस ने सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन को छत्रू नाम दिया गया है। फिलहाल, दोनों तरफ से फायरिंग जारी है। इलाके में भारी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। सूत्रों के अनुसार, इलाके में दो से तीन आतंकवादी छिपे होने की आशंका है। (अनंत ज्ञान)

### यूपी : मिर्जापुर में 6 महिलाएं ट्रेन से कटीं

**एजेंसी, मिर्जापुर।** यूपी के मिर्जापुर में बुधवार को कालका एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर 6 महिलाओं की मौत हो गई। इनमें दो सगी बहनें हैं। हादसा सुबह 9:30 बजे चुनार रेलवे स्टेशन पर हुआ। चोपन से पैसेंजर ट्रेन चुनार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर- 3 पर पहुंची थी। भीड़ अधिक होने की वजह से कुछ श्रद्धालु प्लेटफॉर्म पर न उतरकर दूसरी तरफ ट्रैक पर उतर गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर कालका एक्सप्रेस आ रही थी। अचानक ट्रेन आते ही यात्री घबरा गए। पुरुष तेजी से प्लेटफॉर्म पर चढ़ गए, जबकि महिलाएं नहीं चढ़ पाईं और ट्रेन की चपेट में आ गईं। उनके शवों के टुकड़े करीब 50 मीटर तक ट्रैक पर बिखर गए। शवों को बैग में भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में कार्गो प्लेन क्रैश, 7 की मौत

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के केंटकी राज्य में बुधवार को लुईविल में एक कार्गो प्लेन क्रैश हो गया है। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कम से कम 11 के घायल होने की खबर है। फेडरल एविएशन अथॉरिटी के मुताबिक, पीएस कंपनी की फ्लाइट 2976 ने मोहम्मद अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से होनोलुलु (हवाई) के डेनियल इनौये इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। हादसा शाम करीब 5:15 बजे हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में तेज आग और मलबा दिखाई दे रहा है। विमान में करीब 38,000 गैलन ईंधन (करीब डेढ़ लाख लीटर तेल) भरा हुआ था, जो धमाके के बाद आग की लपटों में बदल गया। पुलिस ने एयरपोर्ट से 8 किमी के दायरे में रहने वाले लोगों को घर के अंदर रहने का आदेश दिया है। साथ ही, एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- एनएच से ल्हासे उठाए कौन, विभाग मौन? पेज 2
- हिमाचल में सड़क दुर्घटनाओं में आई ऐतिहासिक कमी -पेज 3
- 2 करोड़ ठगी के मामलों में साइबर टीम का राजस्थान में डेरा -पेज 5
- लघु हरिद्वार कांढापत्तन में अवैध कब्जों की भरमार -पेज 9
- विस चुनाव के लिए भाजपा बद्दी से भरेगी उड़ान -पेज 12


### सेवानिवृत्त जजों के बकाया भुगतान में सरकारी लापरवाही पर अदालत नाराज

# हाईकोर्ट ने 10 करोड़ के ड्राफ्ट के साथ वित्त सचिव को किया तलब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के बकाया भुगतान को लेकर राज्य सरकार के प्रति कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने वित्त सचिव को आदेश दिया है कि वह 10 करोड़ के ड्राफ्ट के साथ व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित हों। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि अगली सुनवाई से पहले यह राशि जमा नहीं की गई, तो वित्त सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।



मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने यह निर्देश तब दिए जब सरकार द्वारा हाईकोर्ट को आवश्यक धनराशि जारी नहीं की गई थी। अदालत ने कहा कि यह रकम न्यायालय के खाते में जमा कर अगली सुनवाई से पहले प्रस्तुत की जाए। रजिस्ट्रार (खाते) की रिपोर्ट के अनुसार, न्यायाधीशों के चिकित्सा व्यय, यात्रा भत्ता, वर्दी, वाहन और आतिथ्य व्यय जैसे मदों में 10 करोड़ से अधिक की राशि अब भी बकाया है।

एसीएस गृह कमलेश कुमार पंत ने हलफनामे में बताया कि सेवानिवृत्त जजों को आंध्र प्रदेश मॉडल के तहत भुगतान किया जा रहा है, लेकिन अदालत इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुई। न्यायालय ने निर्देश दिए कि 81 लाख 23 हजार 864 रुपए की लंबित मांग, जिसमें 58 लाख चिकित्सा बिल और 3 लाख मानदेय शामिल हैं, शीघ्र अदा की जाए।

## हाईकोर्ट में डिजास्टर एक्ट की आड़ में चुनाव टालने को चुनौती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव की तिथि को लेकर खिंच रही रस्साकशी अब न्यायालय के दरवाजे तक पहुंच गई है। प्रदेश सरकार द्वारा डिजास्टर एक्ट का हवाला देते हुए चुनाव टालने की संभावना ने दो अधिवक्ताओं को अदालत का रुख करने पर मजबूर कर दिया। एडवोकेट दिक्कन ठाकुर और हैप्पी ठाकुर ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग दोनों से जवाब तलब करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि डिजास्टर एक्ट का सहारा लेकर चुनाव टालने की मंशा संविधान की भावना के विपरीत है। मुख्य सचिव ने 8 अक्तूबर को एक पत्र जारी कर कहा था कि प्रदेश में आपदा के हालात सामान्य होने के बाद ही चुनाव कराए जाएंगे। इसके तुरंत बाद कैबिनेट ने पंचायतों के पुनर्गठन का फैसला ले लिया, जिससे पूरी चुनावी प्रक्रिया दो से ढाई महीने पीछे खिसकती दिख रही है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से अनुरोध किया है कि पंचायत चुनाव समय पर करवाने के लिए सरकार और आयोग को बाध्य किया जाए। उनका तर्क है कि संविधान के अनुच्छेद 243-ई के अनुसार किसी भी पंचायत का कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक नहीं हो सकता और मौजूदा पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने से पहले चुनाव करवाना अनिवार्य है।

**समय पर चुनाव की मांग, देरी करने को बताया असंवैधानिक**

# अशोक रत्न कांगड़ा, विजय चंबा के एसपी

## सुक्खू सरकार ने 15 आईपीएस और 61 एचपीएस के किए तबादले

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने बुधवार देर शाम पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल किए हैं। गृह विभाग की ओर से एक साथ तीन आदेश जारी कर 15 आईपीएस और 61 एचपीएस कैडर के अधिकारियों के तबादले व कइयों को अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जानकारी के अनुसार, 15 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है, जबकि 33 अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वहीं, 61 एचपीपीएस अधिकारियों के भी तबादले किए हैं। इस तबादले में राज्य पुलिस मुख्यालय, सतर्कता ब्यूरो, रिजर्व बटालियन, सीआईडी, साइबर क्राइम, प्रशिक्षण संस्थानों और जिलों के पुलिस अधीक्षकों के स्तर तक व्यापक बदलाव किए गए हैं।

आईपीएस अधिकारियों में ज्ञानेश्वर सिंह, बिमल गुप्ता, गुरदेव चंद शर्मा और सौम्या सांबशिवन को अतिरिक्त जिम्मेदारियां दी गई हैं। ज्ञानेश्वर सिंह अब विशेष कार्य बल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक का दायित्व संभालेंगे। बिमल गुप्ता को सशस्त्र पुलिस और प्रशिक्षण शाखा की कमान दी गई है। गुरदेव चंद शर्मा को कानून एवं व्यवस्था के उप पुलिस महानिरीक्षक का अतिरिक्त प्रभार मिला है, जबकि सौम्या सांबशिवन को धर्मशाला स्थित पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज डरोह की प्राचार्य बनाया गया है।

इसके अलावा अभिषेक त्रिवेदी कानून एवं व्यवस्था के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के साथ-साथ जेल विभाग का भी कार्यभार संभालेंगे। अशोक रत्न को पुलिस अधीक्षक कांगड़ा के रूप में नई जिम्मेदारी दी गई है, जबकि विजय कुमार को चंबा का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। राज्य सरकार ने पुलिस उप अधीक्षकों और उपमंडलीय पुलिस अधिकारियों के स्तर पर भी व्यापक बदलाव किए हैं।

### डॉ. डीके चौधरी धर्मशाला में साइबर क्राइम डीआईजी

**डॉ.** डीके चौधरी को धर्मशाला में साइबर क्राइम शाखा का डीआईजी नियुक्त किया गया है। अनुपम शर्मा अब सीआईडी के उप महानिरीक्षक बनाए गए हैं। अभिषेक अब पुलिस अधीक्षक किन्नौर के साथ शिमला पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे। आदिति सिंह को धर्मशाला स्थित सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जिम्मेदारी दी गई है। एचपीपीएस अधिकारियों में भूपिंदर सिंह को पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज डरोह में पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। मदन लाल को कुल्लू, बलबीर सिंह को हमीरपुर, विनोद कुमार को बद्दी का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। कुलभूषण वर्मा को नूरपुर, नरवीर सिंह को शिमला सतर्कता ब्यूरो और राजिंदर कुमार को कांगड़ा का पुलिस अधीक्षक तैनात किया गया है। मनोज कुमार को ऊना की प्रथम भारतीय रिजर्व बटालियन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का कार्यभार दिया गया है। महिला अधिकारियों में रेणु कुमारी को कांगड़ा में एएनटीएफ की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि डॉ. वसुधा सूद को देहरा में उप पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। डॉ. प्रतीभा चौहान को बिलासपुर की पांचवीं रिजर्व बटालियन में तैनाती दी गई है।

# हरियाणा में 25 लाख वोट चोरी हुए : राहुल

## मतदाताओं के फर्जी फोटो व फर्जी मकान पतों पर सवाल उठाए

**एजेंसी नई दिल्ली**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। राहुल गांधी ने वोट चोरी के अपने आरोप दोहराए और अपने दावे के पक्ष में बातें बताईं। राहुल गांधी ने मतदाताओं के फर्जी फोटो और फर्जी मकान के पतों पर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने शुरुआत में कई राज्यों के एग्जिट पोल दिखाए।

उन्होंने इनके जरिए कहा कि हरियाणा, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में वोट चोरी पकड़ी गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत दिखाई गई और भी कई जगहों पर ऐसे ही नतीजे पेश किए गए, लेकिन हमें बाद में वोट चोरी की शिकायतें मिलीं। राहुल ने एक महिला की तस्वीर दिखा कर कहा कि हरियाणा में एक महिला ने अलग-अलग नाम से 10 जगह 22 बार वोट डाला। उन्होंने दावा किया कि यह महिला एक ब्राजील की मॉडल है। उसने स्वीटी, विमला, सरस्वती आदि नाम से वोट डाला। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में 25 लाख वोट चोरी हुए। उन्होंने कहा कि यह सेंट्रलाइज ऑपरेशन है। 'हमारे पास फाइल्स हैं और यह इस बारे में हैं कि कैसे एक पूरा राज्य चुरा लिया गया है। हमें शक है कि यह सिर्फ अलग-अलग सीटों पर नहीं हो रहा है, बल्कि नेशनल लेवल पर हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

### हरियाणा में हर आठ में एक वोटर नकली

**राहुल** ने कहा कि हरियाणा में अपने उम्मीदवारों से बहुत सारी शिकायतें मिलीं कि कुछ गड़बड़ है। हमने ऐसा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में भी अनुभव किया था, लेकिन हमने हरियाणा पर फोकस किया कि वहां क्या हुआ था, उसकी पूरी जानकारी लेने का फैसला किया।' हरियाणा में हर आठ में से एक वोटर नकली है। उन्होंने कहा कि नकली फोटो वाले हरियाणा में एक लाख से ज्यादा मतदाता हैं। राहुल गांधी ने मतदाता सूची में कई मतदाताओं के मकान नंबर शून्य होने पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि फर्जी मतदाताओं की कोई पहचान नहीं होती और फर्जी मतदाता वोट डालने के बाद गायब हो जाते हैं। उनकी पहचान करना मुश्किल होता है।

## भाजपा बोली-वोट चोरी के राहुल के दावे झूठे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा बुधवार को एक एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा और चुनाव आयोग पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी करने के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर पलटवार किया। रिजिजू ने कहा, 'राहुल ने जो प्रेजेंटेशन दिया, वह फर्जी था। वह संसद सत्र चलते समय विदेश चले जाते हैं। छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं। उन्हें विदेशों से जो प्रेरणा मिलती है, उसके आधार पर वह लोगों का समय बर्बाद करते हैं।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम भी कई चुनाव हारे, लेकिन कभी रोना-धोना नहीं किया। हमने हमेशा नतीजों का स्वागत किया। बिहार में वीरवार को चुनाव है। वह ध्यान भटकाने के लिए मुद्दा लेकर आ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



**कहा- बिहार चुनाव के मद्देनजर बोल रहे झूठ**

# हंसराज ने बद्दी के लोगों से मांगी माफी अब युवती के पिता ने जड़े संगीन आरोप

## कहा- विधायक की पत्नी ने फोन कर बेटी को डराया-धमकाया

**अनंत ज्ञान, चुराह**

चंबा के चुराह से विधायक हंसराज का एक युवती से अश्लील चैट विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में विधायक हंसराज ने सोशल मीडिया में लाइव आकर बद्दी के लोगों से माफी मांगी। विधायक ने कहा, 'बद्दी-नालागढ़ व चंडीगढ़ में काम कर रहे लोगों पर मैंने जो टिप्पणी की थी, मैं उन सभी भाई-बहनों से माफी मांगता हूं कि मैंने गलत बोला था। मुझे उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। मैं अपने शब्दों के लिए माफी मांगता हूं।' उधर, पीड़ित युवती के पिता ने चंबा में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके विधायक हंसराज पर कई गंभीर आरोप लगाए। वहीं, बुधवार दोपहर में मीडिया से बात चीत करते हुए चुराह विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी एवं कांग्रेस के नेता यशवंत खन्ना ने बताया कि उनके पास पीड़ित महिला के पिता मदद की गुहार लगाने पहुंचे और उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले साल से अब तक हम सिर्फ डर के साए में जी रहे हैं। हमें किडनैप किया गया डराया गया धमकाया गया, घर जलाने तक की धमकियां मिलीं और हम डर गये थे।



**मुझे बद्दी में कार्यरत लोगों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी**

हाल ही में विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष हंसराज की पत्नी मेरी बेटी को फोन करके कहती है कि इस बार मेरे पति मंत्री बनेंगे तो सबसे पहले तेरा ही नंबर लगेगा। बस एक बार मंत्री बन जाने दे। कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया एवं डीसी चंबा को शिकायत पत्र लिखते हुए कहा कि इस मामले की जांच उच्च स्तरीय तरीके से होनी चाहिए और जो माहौल अभी चुराह में बना है, इसको खत्म किया जाए।

# भारतीय मूल के डेमोक्रेट जोहरान ममदानी बने न्यूयॉर्क के मेयर

## मंच पर मां मीरा नायर ने गले लगाया, 'धूम मचा ले' पर नाचे

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

भारतीय मूल के डेमोक्रेट जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क मेयर का चुनाव जीत लिया है। उन्हें 50.4% वोट मिले। वह मानसून वेडिंग और सलाम बॉम्बे जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाली मीरा नायर के बेटे हैं। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयॉर्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे। अपनी विक्ट्री स्पीच में उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के 15 अगस्त, 1947 की आधी रात को दिए गए 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' का जिक्र किया। भाषण के बाद वे अपनी पत्नी के साथ 'धूम मचा ले' गाने पर झूमते नजर आए। मां मीरा नायर ने मंच पर आकर उन्हें गले लगा लिया। पिता महमूद ममदानी भी मौजूद रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति टंप पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि ममदानी अगर मेयर बने तो, वह न्यूयॉर्क की फेडरल फंडिंग रोक सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



न्यूयॉर्क मेयर का चुनाव जीतने के बाद ममदानी अपने परिवार के साथ।

**ट्रंप ने ममदानी के जीतने पर फंड रोकने की दी है चेतावनी**

### बिहार विधानसभा चुनाव

## पहले चरण में आज 121 विस क्षेत्रों में होगी वोटिंग

**एजेंसी, पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार बुधवार शाम समाप्त हो गया। पहले चरण में 6 नवंबर को 18 जिलों के 121 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा व 3 करोड़ 75 लाख से अधिक मतदाता 1 हजार 314 प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। पहले चरण में पटना, दरभंगा, मधेपुरा, सहरसा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, शेखपुरा, नालंदा, बक्सर और भोजपुर जिलों में मतदान होगा। प्रचार के अंतिम दिन, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए और महागठबंधन के स्टार प्रचारकों तथा वरिष्ठ नेताओं ने मतदाताओं को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं, निर्वाचन आयोग ने पहले चरण के लिए पहली बार प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में एक सामान्य पर्यवेक्षक तैनात किया गया है। मतदान प्रक्रिया की कड़ी निगरानी के लिए सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# आज कोई देश अकेले सुरक्षित नहीं : द्विवेदी

## आर्मी चीफ ने कहा- अब साझा इनोवेशन ही सुरक्षा का कवच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आज दुनिया में कई तरह के खतरे हैं और ये तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं रह सकता। अब सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा- रक्षा क्षेत्र में मिलजुलकर की गई खोज (इनोवेशन) ही सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है। जनरल द्विवेदी दिल्ली में हुए 'इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव 2025' में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा कि सेना अब ड्रोन युद्ध, क्वांटम टेक्नोलॉजी और स्पेस मिशन जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। हम ऐसी तकनीकों पर काम कर रहे हैं जो नागरिक और सैन्य दोनों जगह उपयोगी हों। जनरल द्विवेदी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को आर्थिक मजबूती मिली है, अब सेना को काम करने में ज्यादा आजादी और लचीलापन मिल रहा है। इसी वजह से नए हथियार और तकनीक को शामिल करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। (अनंत ज्ञान)


विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई

SSU PALAMPUR

Sri Sai University Palampur

Himachal's leading NAAC Accridated private university

Proudly NAAC Accredited, setting benchmarks in quality education!

NAAC NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL



COURSES OFFERED:
- DIPLOMA • UNDER GRADUATE (UG)
- POST GRADUATE (PG) • DOCTORATE (PHD)

LIMITED SEATS | APPLY TODAY | SCHOLARSHIPS AVAILABLE!

ADMISSIONS OPEN 2026-27

Contact Us : 9736501261, 01894-236301

Visit: www.srisaiuniversity.org

Er. S.K. Punj
Chairman
SSGI
Badhani



Tripta Punj
MD
SSGI
Badhani



Kanwar Tushar Punj
CMD Cum
Pro Chancellor
SSU Palampur




## चिकित्सा

### प्रदेश में घटे एनीमिया के मामले, सोलन जिले में सबसे अधिक 75 फीसदी की कमी


# देशभर में अपनाया जाएगा सोलन का एनीमिया मुक्त फार्मूला

**आर मोहन चौहान, सोलन**

अनंत ज्ञान स्पैशल

देशभर में चल रहे एनीमिया मुक्त अभियान में सोलन जिला ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। यही कारण है कि एम्स अब जिला सोलन में अपनाई गए फार्मूले को देशभर में लागू करेगा। जानकारी के मुताबिक प्रदेश में पहली बार एनीमिया मामलों को कम करने में स्वास्थ्य विभाग को सफलता मिली है।

प्रदेश में एनीमिया मामलों में गिरावट आनी शुरू हो गई है। इसके तहत प्रदेश के अन्य जिला में भी 25 से 60 फीसदी तक की कमी हुई है, जबकि सोलन में सबसे अधिक 75 फीसदी तक एनीमिया मामले कम हो गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सोलन को प्लान दिया था कि वे तेजी से सूचना, शिक्षा और संपर्क (आईईसी) कर एनीमिया मामलों का पता लगाए। इसमें हर माह 50-55 मामलों का पता लगाया। इन मामलों का तो उपचार किया ही गया। साथ ही स्कूलों में प्रत्येक बच्चों आयरन की दवाओं का वितरण किया गया।





### एम्स टीम ने सोलन पहुंच कर ली फीडबैक

**एम्स** टीम ने सोलन पहुंच कर ल फीडबैक हाल ही में एम्स दिल्ली की टीम ने सोलन में आकर जानकारी ली। इससे पता चला कि टेस्ट के बाद केयर और जागरूकता एनीमिया की बड़ी दवा बन गई है। अब देशभर में इसी प्रकार का प्लान तैयार कर लागू करवाया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार देशभर की आबादी में हर तीन में एक व्यक्ति एनीमिया से पीड़ित हैं। अगर योजना को लागू कर दिया तो मामलों में गिरावट आ जाएगी। सोलन में स्वास्थ्य विभाग ने रैंडम मॉनिटरिंग की है।

### टीम ने घर-द्वार पहुंच कर किए एनीमिया टेस्ट

**इस** अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-द्वार पर एनीमिया मामलों का पता लगाने के एनीमिया टेस्ट किए। पॉजिटिव आने वाले मामलों को उपचार व केयर कर मामलों में कमी आई है। एक वर्ष तक प्लान की मॉनिटरिंग हुई व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के पोर्टल पर रोजाना अपडेट किया। अपडेट करने के बाद सोलन जिला में एनीमिया मामलों में कमी आई है। पहला जिला है जहां ऐसा हुआ है। एम्स दिल्ली की रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है।

### एनीमिया?

**एनीमिया** एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर में स्वस्थ लाल रक्त वाहिकाओं की संख्या कम हो जाती है, जिससे शरीर के रसायन तक ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती है।। इसके मुख्य दस्तावेज में थकान और निर्बलता शामिल हैं। वजन का सबसे आम प्रकार आयरन की कमी से होने वाला है। इसके इलाज में डॉक्टर की सलाह लेकर, आहार में आयरन और विटामिन बी12 वी फोलेट से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल किया जा सकता है।

**विभाग** की टीम ने घर-द्वार पर एनीमिया मामलों का पता लगाने के टेस्ट किए। पॉजिटिव आने वाले मामलों को उपचार व केयर कर मामलों में कमी आई है। स्कूलों में आयरन की गोलियां बांटी गई हैं। लोगों को जागरूक करने के बाद टेस्ट भी किए गए हैं। प्रत्येक वर्ष अब इसी प्रकार से एनीमिया मामलों में गिरावट लाई जाएगी।



**-डॉ. अजय पाठक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोलन**

## न्यूज ब्रीफ

### अंडर-14 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गौना करौर में बुधवार को 41वीं राज्य स्तरीय अंडर-14 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न 10 जिलों से कुल 166 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य जोगिंदर सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अश्वनी कुमार, एडीपीओ हमीरपुर विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 10 जिलों के खेल अधिकारी व अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश स्कूल खेल संघ के सदस्य राकेश कुमार, विपिन कुमार, जिला फुटबॉल संघ हमीरपुर के अध्यक्ष, प्रदीप कुमार तथा गणित प्रवक्ता डॉ. सुरेश कुमार भी उपस्थित रहे। मुख्यातिथि जोगिंदर सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को विकसित करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को आगामी दो दिवसीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### गोशाला भदरूं में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** श्री कृष्ण गोपाल गोशाला भदरूं धनेटा में विश्व कल्याण के लिए आयोजित भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं पंच भीष्म यज्ञ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कथावाचक आचार्य सुनील वशिष्ठ ने जगदीश्वर भगवान के अवतारों का प्रयोजन व कृष्ण लला के जन्म का सुंदर व्याख्यान किया। कथा का आयोजन 2 नवंबर से 8 नवंबर तक किया जा रहा है। 8 नवंबर को यज्ञ की पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ, नादौन की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ, नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक 7 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा (कारगू) की अध्यक्षता में कांगू जिला हमीरपुर में पूर्व निर्धारित जगह पर होगी। बैठक में पेंशनर्स की लंबित मांगों व समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा और पेंशनरों की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त बैठक में सदस्यों को संघ की गतिविधियों व अन्य विषयों पर विभिन्न जानकारियां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। अतः नादौन खंड कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व खंड सदस्यों से अनुरोध है कि खंड इकाई की मासिक बैठक में अवश्य अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें व विभिन्न जानकारियां प्राप्त करें।

### श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह ने की, जबकि विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान राजनीश ठाकुर मुख्यातिथि रहे। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, रैली, जनजागरूकता और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने त्रिमूर्ति शिव मंदिर, राजनौण मंदिर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेटा में सफाई अभियान भी चलाया। शिविर का संचालन एनएसएस प्रभारी राकेश चंद (प्रवक्ता अंग्रेजी) और सुमन बाला (प्रवक्ता वाणिज्य) के मार्गदर्शन में हुआ। प्रधानाचार्य ने स्वयंसेवियों को सामाजिक कार्यों में निरंतर योगदान देने की प्रेरणा दी। समापन अवसर पर सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवियों को सम्मानित किया गया। लड़कों में दिशांत शर्मा, सौरभ शर्मा, पियूष कांग, लड़कियों में अंशु, कृषिका, प्रिनीता तथा सर्वश्रेष्ठ समूह में आदित्य, सौरभ, समायारा, काजल, रोहिणी, निधि को चुना गया। प्रधानाचार्य ने सभी स्वयंसेवियों को सफल शिविर आयोजन के लिए बधाई दी।

### तरक्वाड़ी में 7-8 नवंबर को स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के अंतर्गत आने वाले तरक्वाड़ी कस्बे में देवभूमि आयुर्वेदिक एवं पंचकर्मा अस्पताल में आगामी 7 और 8 नवंबर को मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान की कार्यक्रम अधिकारी सीमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय शिविर में विशेषज्ञ आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच और उपचार आयुर्वेदिक पद्धति से किया जाएगा। इस अवसर पर सभी प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण (टेस्ट) पूरी तरह निशुल्क होंगे। सीमा शर्मा ने बताया कि शिविर में आने वाले लाभार्थियों को औषधियों पर विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोग इस अवसर का लाभ उठा सकें। यह शिविर आम जनता के स्वास्थ्य कल्याण को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है। लोगों की सुविधा के लिए अस्पताल प्रशासन ने अग्रिम पंजीकरण की व्यवस्था भी की है। इच्छुक व्यक्ति अपना पंजीकरण इस मोबाइल नंबर 94187-27266 पर संपर्क कर सकते हैं।

### शशि शर्मा को ढटवाल मंडल सचिव की कमान

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के शशि शर्मा को भाजपा ढटवाल मंडल का सचिव बनाया गया है। इस जिम्मेवारी के लिए उन्होंने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। शशि शर्मा वर्ष 2012 से 2017 तक युवा मोर्चा सचिव, 2017 से 2022 तक युवा मोर्चा कोषअध्यक्ष, वर्ष 2022 से 2025 तक युवा मोर्चा अध्यक्ष रह चुके हैं। शशि शर्मा पूर्व युवा खेल मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर के खास माने जाते हैं, ढटवाल मंडल सचिव की जिम्मेवारी मिलने पर उन्होंने विशेषतौर पर अनुराग सिंह ठाकुर का धन्यवाद किया है।

### एकांकी में जिला हमीरपुर प्रथम स्थान पर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** अंडर-14 40वीं राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम योग प्रतियोगिता का समापन बुधवार को बाल स्कूल नादौन में हुआ। राज्य निदेशालय के मीडिया प्रभारी चंचल सिंह ठाकुर ने बताया कि इसके परिणाम इस प्रकार रहे। लोक नृत्य में जिला शिमला प्रथम स्थान पर, जिला किन्नौर दूसरे स्थान पर तथा जिला कुल्लू तीसरे स्थान पर रहा, जबकि एकांकी में जिला हमीरपुर प्रथम स्थान पर, जिला सिरमौर दूसरे स्थान पर जिला सोलन तीसरे स्थान पर रहा। एकल गान में जिला शिमला प्रथम स्थान पर, जिला कांगड़ा दूसरे स्थान पर तथा जिला मंडी तीसरे स्थान पर रहा। योगा में जिला शिमला प्रथम स्थान पर, जिला हमीरपुर दूसरे स्थान पर तथा जिला सिरमौर तीसरे स्थान पर रहा। मंच संचालक संजीव कौशल शारीरिक शिक्षक संघ के प्रधान राकेश कुमार स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य दिल्ली मोहम्मद पोसवाल एचईएसएसए मैंबर विजय चैधरी, मुकेश कुमार, शीशराम, संजय कुमार, ताराचंद, टेकचंद, अनीता चंदेल तथा स्थानीय विद्यालय का समस्त स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

### लोग रात के अंधेरे में फेंक रहे कूड़े से भरे लिफाफे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वार्ड नंबर-1 कृष्णा नगर की इंदिरा कालोनी का संपर्क मार्ग जो कि हमीरपुर से नादौन जाने वाले राष्ट्रीय उच्च मार्ग से मिलता है। इस संपर्क मार्ग के किनारे सटे नाले पर कुछ अज्ञात लोग रात के अंधेरे में प्लास्टिक के बड़े-बड़े लिफाफों में कूड़ा भर भर कर फेंक रहे हैं। बंदरों का समूह उन लिफाफों को फाड़कर कूड़े को चारों तरफ फैला रहे हैं। इससे गंदगी फैल रही है और आने-जाने वालों को भी दिक्कत हो रही है। नगर निगम द्वारा प्रत्येक घर से कूड़ा उठाने के लिए 60 रुपए लिए जा रहे हैं। नगर निगम हमीरपुर के कर्मचारी घर-घर से कूड़ा उठा रहे हैं, ताकि स्वच्छता अभियान को सफल किया जा सके, लेकिन कुछ लोग जो 60 रुपए देने से भी कतरा रहे हैं। कूड़े को इधर-उधर फेंक कर स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। प्रकाशचंद सेन अध्यक्ष प्रभात सुधार सभा व जिला हमीरपुर की समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा ने नगर निगम से अनुरोध किया है कि वह ऐसे तत्वों का जो स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाने वाले लोगों का पता लगा करके उन पर जुर्माना लगाएं।

### हमीरपुर-अवाहदेवी वाया उहल बस सेवा पुनः शुरू

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिर पूरी हो गई है। हिमाचल प्रदेश सड़क परिवहन निगम हमीरपुर डिपो की हमीरपुर-अवाहदेवी वाया उहल , परनाली, टिहरा, बस सेवा को दोबारा शुरू कर दिया गया है। यह बस हमीरपुर से कशीरी महादेव, छतरूडू, उहल, परनाली और मांगलबार तक नियमित रूप से संचालित होगी। जानकारी के अनुसार मन्योह में सड़क बाधित होने के कारण यह रूट पिछले कुछ समय से केवल उहल तक ही चल रहा था। मार्ग सुचारू होने पर निगम ने रूट को पूर्व की तरह बहाल कर दिया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को बड़ी राहत मिली है। बस सेवा शुरू होने पर स्थानीय लोगों–भूमि देव शास्त्री, रमेश शास्त्री, विजय लगवाल, अंकुश, सुमन चौहान, राकेश भाटिया, परमजीत, प्रवीण, बासुदेव सहित अन्य ग्रामीणों–ने लोक निर्माण विभाग तथा परिवहन निगम हमीरपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक का धन्यवाद किया है। लोगों का कहना है कि बस सेवा बहाल होने से दैनिक आवागमन, छात्रों और कामकाजी यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी विभाग इस रूट के रखरखाव पर विशेष ध्यान देकर इसे निर्बाध बनाए रखेगा।

### श्रम ट्रस्ट हरिद्वार कार्यकारिणी की बैठक 11 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश सेवा श्रम ट्रस्ट हरिद्वार कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक 11 नवंबर को प्रातः बजे गौशाला भड़ोली भगौर नजदीक धनेटा में ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों का आना आवश्यक है। ट्रस्ट की महासचिव निर्मला राणा ने बताया कि अप्रैल 2025 से आज तक ट्रस्ट द्वारा किए गए विकास कार्य एवं आय व्यय की जानकारी दी जाएगी व अन्य कार्यों की स्वीकृति ट्रस्ट से ली जाएगी। मीटिंग के लिए ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार सुखदेव शास्त्री विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी प्रेस सचिव एवं ट्रस्टी हिमाचल सेवा आश्रम ट्रस्ट हरिद्वार रसील सिंह मनकोटिया ने दी।

**दिक्कत: एनएचएआई और फॉरेस्ट विभाग में ठनी, एक-दूसरे पर डाला जा रहा नजला**

# एनएच से ल्हासे उठाए कौन, विभाग मौन?

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हमीरपुर-नादौन एनएच के दरमियान झनियारी से आगे कई ल्हासे दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं, लेकिन इन्हें हटाने के लिए विवाद पैदा हो गया है। कारण यह है कि नेशनल हाईवे के जिन अधिकारियों के सपोर्ट इस सड़क को दुरुस्त करने का जिम्मा है, वे सारा नजला फॉरेस्ट अधिकारियों पर फेंक रहे हैं।

एनएचएआई के अधिकारी कह रहे हैं कि डीएफओ हमीरपुर इस काम में बाधा डाल रहे हैं, जबकि डीएफओ अंकित कुमार का कहना है कि संबंधित विभाग के डायरेक्टर विक्रम मीणा गलत बोल रहे हैं। न तो हमसे इन ल्हासों को हटाने की एवज में कोई परमिशन मांगी गई है और न ही संबंधित विभाग के अधिकारी ने हमसे बात की है। वे गलत इल्जाम लगा रहे हैं। हमने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को कभी भी इस काम से रोका नहीं है, जो गिरे हुए पेड़ हैं, उन्हें वे हटाकर किनारे कर दें और यदि हमारी जरूरत है तो हम मौके पर चलने के लिए भी तैयार हैं। दरअसल, झनियारी माता मंदिर के पास से निचले इलाके में जोलसपड़ तक जाने वाले नेशनल हाईवे पर कई जगह ल्हासे गिरे हुए हैं। यह ल्हासे बरसात के दौरान गिरे थे, कई जगह उनकी स्थिति खराब है। इन ल्हासों के साथ चीड़ के पेड़ भी साथ आए हुए हैं। अब शायद यह भी एक समस्या है, लेकिन सड़क के जिस हिस्से पर यह ल्हासे गिरे हैं, उन्हें हटाने में वन विभाग को तो कोई दिक्कत हो नहीं सकती फिर दोनों विभाग आपस में क्यों उलझे हुए हैं? अब समस्या यह है कि पिछले एक महीने से यह सारी प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। सड़क पर जो बाधा ट्रैफिक व्यवस्था के लिए बनी हुई है, वह हल कैसे होगी? अधिकारियों के बीच में जो गलतफहमी तैयार हुई है, उसका हल कौन निकालेगा, कैसे निकलेगा और कब निकलेगा? यक्ष प्रश्न यही है। मुख्यमंत्री के गृह जिले खासकर गृह विधानसभा क्षेत्र में भी यदि इस तरह का विवाद है, तो फिर समस्या कैसे हल होगी? महज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



हमीरपुर-नादौन एनएच पर ल्हासे हटाने का काम शुरू तो हुआ था, लेकिन अधर में।

### न चिट्ठी आई और न हुई बात: डीएफओ

**डीएफओ** अंकित कुमार का कहना है कि नेशनल हाईवे के अधिकारी गलत बोल रहे हैं। वन विभाग के पास उनका कोई भी पत्र पेंडिंग नहीं है और न ही आया है। यदि उन्हें कोई दिक्कत है तो हमें बताएं, हम मौके पर जाकर समस्या का हल कर सकते हैं। सड़क पर हमारा कोई कब्जा नहीं है, जहां से भी ल्हासे हटाने हैं, हटा दें। जो भी बीच में पेड़ गिरे हों, उन्हें भी हटा दें। इसमें वन विभाग को कोई ऑब्जेक्शन नहीं है।

### वन विभाग ने रुकवाया काम: एनएचएआई

**एनएचएआई** के हमीरपुर स्थित प्रोजेक्ट ऑफिसर विक्रम मीणा का कहना है कि इन्हें हटाने का काम शुरू किया गया था, लेकिन वन विभाग ने रुकवा दिया। उसके बाद दो मर्तबा पत्र भी लिखे गए हैं, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। अब वन विभाग के अधिकारी आखिर चाहते क्या हैं? इसका पता नहीं चल पा रहा, जिन लोगों ने मौके पर आकर काम रुकवाया, उनका कहना था कि डैमेज रिपोर्ट आपको ही भेजी जाएगी इसलिए उन्होंने काम रोक दिया।

# नादौन में 25 करोड़ रुपए से स्थापित होगा एकीकृत एक्वा पार्क

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

बड़ा। राज्य सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हमीरपुर जिले के नादौन में 25 करोड़ रुपये की लागत से एक एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है। परियोजना के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है और आईसीएआर-सीआईएफए, भुवनेश्वर द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है।

यह पार्क रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ मत्स्य पालन क्षेत्र को एक लाभदायक और टिकाऊ व्यवसाय में बदलने में मदद करेगा। पार्क में आधुनिक फ्रेश वाटर एक्वा कल्चर तकनीकों को किसानों और युवाओं तक पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। परियोजना के तहत मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य आहार निर्माण, मूल्य संवर्धन और विपणन जैसी गतिविधियां संचालित होंगी। उच्च गुणवत्ता वाले मत्स्य आहार की उपलब्धता स्थानीय किसानों के उत्पादन को बढ़ाएगी। साथ ही प्रशिक्षण इकाइयों के माध्यम से

**नादौन को मिली सीएम की एक और सौगात**

बेरोजगार युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। पार्क में भारतीय मेजर कार्प (रोहू, कतला, मृगल), विदेशी कार्प (हंगेरियन और अमूर स्ट्रेन), माइनर कार्प (कुलवांस), कैटफिश (पंगेसियस, मुर्रेल) और सजावटी मछलियों (गोल्डफिश, कोई कार्प, गप्पी, मौली) के उच्च गुणवत्ता वाले बीज उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसमें हैचरी, नर्सरी और पालन इकाइयां, बायोफ्लोक और रीसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, फीड मिल, सार्वजनिक एक्वेरियम, प्रशिक्षण परिसर और अपशिष्ट उपचार संयंत्र जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और आधुनिक मछली उत्पादन पद्धतियों से किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

## सांसद अनुराग की पहल से घायल युवक दीपक का पीजीआई में सफल ऑपरेशन

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**बड़सर।** जिला हमीरपुर की ग्राम पंचायत सठवीं के रहने वाले दीपक कुमार का हरियाणा में कांवड़ यात्रा के दौरान सड़क हादसे में पैर डैमेज हो गया था।

दुर्घटना के बाद दीपक का इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा था, लेकिन मरीजों की अधिकता के कारण उसका ऑपरेशन बार-बार टलता जा रहा था। तीन महीने से बिस्तर पर पड़े दीपक की स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही थी, जिससे परिवार के सदस्य भी बेहद परेशान थे, जब इस बात की जानकारी पूर्व महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर को मिली, तो उन्होंने तुरंत हिमाचल के छोकरा एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को स्थिति से अवगत करवाया। सांसद अनुराग ठाकुर ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए पीजीआई प्रशासन से बात की और दीपक का ऑपरेशन शीघ्र कराने की व्यवस्था करवाई। डॉक्टरों ने तत्परता से ऑपरेशन किया, जो सफल रहा। दीपक के माता-पिता, परिजनों, धतवाल और आसपास के ग्रामीणों ने सांसद अनुराग ठाकुर और भाजपा नेत्री अनीता ठाकुर का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर सदैव जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं, जो उनकी सादगी और जनसेवा की भावना को दर्शाता है।

## धमरोल में संध्या बैडमिंटन प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, जाहू।** उपमंडल के यूथ क्लब धमरोल की ओर से राजकीय उच्च पाठशाला धमरोल के खेल मैदान में 35 से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों की एकदिवसीय संध्या बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की 16 टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबला लदरौर टीम के सुरेंद्र और हरीश ने धमरोल टीम के प्रशांत और अमृत को हराकर जीता। प्रतियोगिता का शुभारंभ भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा वर्ग नशे से दूर रहकर खेलों और प्रतियोगिताओं में भाग लें। यूथ क्लब के सदस्यों ने भी प्रशांत सिंह को सम्मानित किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेल-कूद गतिविधियों से जोड़ना और उनके बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ाना था। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## गुरुद्वारा नादौन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरु पर्व



गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर गुरु की महिमा का गुणगान के दौरान हेड ग्रंथी सिमरजीत सिंह व अन्य।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

ऐतिहासिक शहर नादौन में स्थित गुरूद्वारा दसवीं पातशाही गुरू गोबिंद सिंह में सिक्खों के प्रथम गुरू, गुरू नानक देव जी का 556वां प्रकाशोत्सव बड़े हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिसमें काफी संख्या में स्थानीय व बाहर से आई संगतों ने गुरू पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया तथा अटूट लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

जानकारी देते हुए गुरूद्वारा नादौन साहिब के हैड ग्रंथी सिमरजीत सिंह एवं सिमरन सिंह सभा नादौन के प्रधान जसविंदर सिंह ने बताया कि गुरू नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आनंदपुर साहिब से आए कीर्तन जत्थे ने संगत को गुरू की महिमा का गुणगान करके निहाल किया। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति अटूट लंगर का आयोजन भी किया गया जिसमें काफी संख्या में संगत ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सिंह सभा के सदस्य सरदार बसंत सिंह,सरदार सुशील कुमार,अमर सिंह,मंजीत सिंह, सरकार अमर सिंह,सरदार गुरप्रीत सिंह,एडवोकेट कशमीर सिंह भारती,सरदार वीरेन्द्र सिंह,तारा सिंह,निर्मल सिंह,प्रियतोष जाट, एडवोकेट प्रवेश जंवाल आदि भी उपस्थित रहे।

## एचआरटीसी बस में 4 लोग जुआ खेलते हुए पकड़े

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर की टीम ने मंगलवार को गश्त पर थी। इसी दौरान निर्माणाधीन बस स्टैंड के नजदीक खड़ी एचआरटीसी में जुआ खेलते हुए 4 लोगों को पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बस नंबर एचपी 67-4180 जोकि निर्माणाधीन बस स्टैंड के पास खड़ी थी उसमें ओम प्रकाश पुत्र मोहन लाल हाउस नंबर 23, वार्ड न0 03, प्रतापनगर, अशोक कुमार पुत्र सरवन सिंह गाव जंदरोह डाकघर कठियाणा, तहसील बड़सर, अजय कुमार पुत्र सोमनाथ शर्मा गांव यानवी डाकघर धमरोल तहसील भोरंज तथा विजय कुमार पुत्र मिलखी राम हाउस न0 74, वार्ड नं. 3, प्रताप नगर तहसील व जिला हमीरपुर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस इन व्यक्तियों से 2430 रुपए नगद बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि इन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## हाई पावर कमेटी गठन की मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश के लगभग 70 हजार शिक्षकों से संबंधित मामलों पर विचार के लिए सरकार से शिक्षक वर्ग की संयुक्त सलाहकार समिति और हाई पावर कमेटी गठित करने की मांग की है। संघ का कहना है कि पदोन्नति, नियमितीकरण, कोर्ट निर्णयों की अनुपालना, अलग तबादला नीति, दूरी मापदंड, ड्रेस कोड, कैशलेस उपचार, डी.ए. और एरियर भुगतान जैसे शिक्षक-हित के विषयों पर विस्तृत चर्चा आवश्यक है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने नाहन में जिला स्तरीय बैठक में कहा कि अप्रैल 2021 में गठित हाई पावर कमेटी अब तक शिक्षकों से औपचारिक बैठक नहीं कर पाई। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि शिक्षकों के लिए अलग एजेंडा तैयार किया जाए और इसे हाई पावर कमेटी की देखरेख में तैयार किया जाए। उन्होंने प्रिंसिपल पदोन्नति की लंबित सूची शीघ्र जारी करने और जेसीसी प्रक्रिया के तहत प्रमोशन में देरी न होने की भी मांग की। नाहन में इस बैठक में टीजीटी कला संघ के 120 सदस्य उपस्थित रहे।

## खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, स्वस्थ समाज और समरसता की नींव : नरेंद्र अत्री

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

जिला वालीबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित वरिष्ठ जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को बड़े उत्साह के साथ सुजानपुर चैगान में किया गया, जिसमें भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे, खेलों में प्रदेश का प्रतिनिधित्व व नेतृत्व कर चुके नरेंद्र अत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज और समरसता की नींव हैं। मुख्य अतिथि नरेंद्र अत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में खेलों को खूब बढ़ावा मिला है। भारतीय खिलाड़ी विश्व मंच पर भारत की विजय पताका फहरा रहे हैं और प्रधानमंत्री के इस अभियान में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर देश- प्रदेश में एक अग्रदूत की भूमिका में है। बात चाहे धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम सहित हिमाचल प्रदेश के विभिन्न भागों में



वॉलीबाल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्यातिथि नरेंद्र अत्री खिलाड़ियों से मुलाकात करते हुए।

क्रिकेट में विश्व स्तर की खेल सुविधाएं सृजित करने की हों, हमीरपुर व धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक बनवाने की हो या फिर सांसद खेल महाकुंभ के माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र के 5000 गांव के लगभग सवा लाख युवाओं को अपने स्थानीय मंच पर प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करने की हो, आज परिणाम सबके सामने है।

हिमाचल की बेटियां पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी कड़ी मेहनत व क्षमता के दम पर प्रदेश प्रदेश का सम्मान बढ़ाने में सफल रही। महिला क्रिकेट विश्व कप में रोहडू की बेटी रेणुका ठाकुर ने भारत की जीत में योगदान करके भारत को विश्व विजेता बनाया ,वहीं ऊटपुर ,हमीरपुर की बेटी मनीषा ने एथलेटिक्स में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे पूरा देश इन बेटियों के प्रदर्शन पर गौरवान्वित है यह चैंपियन बेटियां इनके कोच व परिजन बधाई के पात्र हैं। उन्होंने जिला स्तर पर इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन को सराहनीय कदम बताया और कहा कि इससे ग्रामीण स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र बरवाल ने बताया में कि पूरे जिला से कुल 11 टीमें शामिल हुईं। उद्घाटन मैच में सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा की टीम ने स्पोर्ट्स क्लब पटलांदर की टीम को 2-0 से हराया।

## रंगड़ों ने करीब एक दर्जन लोगों को काटा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल की पंचायत नौंहगी के गांव कथलाणी में रंगडों ने बुधवार को रास्ते से जा रहे लोगों पर हमला बोला दिया। जिससे करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं। जिनमें से गंभीर रूप से घायल शुभम ठाकुर को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ले जाया गया है। यह जानकारी देते हुए नौंहगी पंचायत के उपप्रधान ठाकुर प्रकाश चंद्र ने बताया कि बुधवार को रास्ते से जा रहे कथलानी गांव के शुभम ठाकुर,आयूस ठाकुर,विशाल सिंह ठाकुर आदि पर रंगड़ों ने अचानक हमला बोला और करीब एक दर्जन लोगों को काटा । उन्होंने बताया कि शुभम ठाकुर पुत्र उत्तर पूर्ण चंद मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में उपचाराधीन है।

## हर बच्चे को मंच, सुख सरकार के संगः डॉ. पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय भगेटू में बुधवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने शिरकत की। मुख्य अतिथि के आगमन पर गांववासियों तथा वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं अध्यापकों ने डॉ. वर्मा को पारंपरिक टोपी, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला मंडल प्रधान शांता देवी ने किन्नौरी टोपी पहनाकर मुख्य अतिथि का विशेष सम्मान किया, जिसने समारोह में पारंपरिक गरिमा को और बढ़ाया। डॉ. वर्मा ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि प्राथमिक स्तर से बच्चों को मंच और अवसर मिलना उनके आत्मविश्वास निर्माण का आधार है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि भविष्य का निर्माण इन्हीं नन्हे कदमों से होता है। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों को सुदृढ़ करने, स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी आधुनिक शिक्षा से लाभान्वित हो रहे हैं और यही कारण है कि आज हिमाचल प्रदेश 3 वर्ष पहले पूरे भारतवर्ष में शिक्षा के क्षेत्र में 21 वें स्थान पर था आज पांचवें स्थान पर है।

**हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में वार्षिक समारोह का आयोजन**

## अतिरिक्त उपायुक्त ने 350 छात्रों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में दूसरे भव्य वार्षिक समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इस समारोह में कक्षा चौथी, सातवीं और दसवीं के छात्रों ने भाग लिया।





समारोह में मुख्यातिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त हमीरपुर अभिषेक कुमार गर्ग ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई और समारोह की शोभा बढ़ाई। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर इस समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन आरसी. लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, निदेशक पंकज लखनपाल, प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, नाटी किंग कुलदीप शर्मा, प्रधानाचार्या, डुगनेड़ा वनिता गुप्ता, मुख्याध्यापिका कंचन लखनपाल, उपप्रधानाचार्य अश्विनी शर्मा, एओ प्राकृत लखनपाल, छात्र कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीव ठाकुर और उपाध्यक्ष कमल सिंह सहित अन्य सम्मानित अतिथियों ने समारोह में भाग लिया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में छात्रों और अभिभावकों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के समाज सेवा कार्यों की सराहना की। नौवीं कक्षा के कौस्तुभ ने मुख्यातिथि के जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कक्षा दसवीं के मेधावी छात्रों को शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया विद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों ने अपनी लग्न और मेहनत से विद्यालय का गौरव बढ़ाया। नाटी किंग कुलदीप शर्मा ने अपनी मधुर आवाज में गीत प्रस्तुत कर समारोह को यादगार बना दिया। उनके सुरों ने पूरे सभागार में माहौल को सुरमयी कर दिया और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनकी प्रस्तुति की सराहना की। इसके उपरांत कक्षा सातवीं की बालिकाओं ने राग पूरिया धनाश्री पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शो मस्ट गो ऑन शीर्षक से कक्षा सातवीं सी के बालकों ने कॉमेडी डांस प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इस समारोह में लगभग 500 अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि अभिषेक कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की प्रस्तुतियां बच्चों में न केवल आत्मविश्वास बढ़ाती हैं बल्कि देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करती हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य और मुख्य अतिथि ने लगभग 350 मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया।

## रोहित के घर पहुंची निस्वार्थ भाव सेवा संगठन की टीम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मानवता और सेवा की एक और मिसाल कायम करते हुए निस्वार्थ भाव सेवा संगठन हमीरपुर के प्रमुख डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने अपनी टीम के साथ संधोल क्षेत्र के कोठुआं निवासी रोहित कुमार के घर पहुंचकर सहायता प्रदान की। डॉ. डोगरा के साथ संगठन के सदस्य जीवन राम, अनिल धीमान और भोला भी मौजूद रहे। रोहित कुमार, जो 80 प्रतिशत से अधिक विकलांग हैं, लंबे समय से आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। उनकी पत्नी एक हादसे के बाद घर छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद वे अपनी छोटी बेटी की परवरिश और शिक्षा को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। मौके पर डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने रोहित कुमार की स्वास्थ्य जांच की और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तत्काल आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। साथ ही संगठन ने एक वर्ष के लिए राशन की भी व्यवस्था की। डॉ. डोगरा ने कहा कि रोहित कुमार की बेटी की पढ़ाई और उसके भविष्य की जिम्मेदारी अब निस्वार्थ भाव सेवा संगठन उठाएगा।

## करियर प्वाइंट विवि के छात्रों का 'अर्न व्हाइल यू लर्न' का सपना साकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अपने कौशल को निखारते हुए आय अर्जित करने का सपना अब वास्तविकता में बदल रहा है। यह उपलब्धि बीसीए द्वितीय समेस्टर में पढ़ने वाले छात्रों ने हासिल की जो बाकि छात्रों के लिए मिसाल बनी। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में अन्य विभागों के विद्यार्थी भी जुड़े हुए है जिसमें उन्हें 15 से 20 हजार रूपए दिए जा रहे हैं।

इस योजना का उद्देश्य छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे अपनी शिक्षा के साथ ही आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें और भविष्य में बेहतर करियर के लिए व्यावहारिक कौशल विकसित कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को प्रोफेशनल वर्ल्ड की आवश्यकताओं को समझने और अपने व्यक्तित्व विकास में मदद करेगी। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में स्किल नेट टेक्नोलॉजीज द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभाग के कुल 15 छात्रों ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया तीन चरणों में लिखित परीक्षा, तकनीकी साक्षात्कार और एच.आर. इंटरव्यू में संपन्न हुए। सभी चरणों के उपरांत 5 छात्र एच.आर. राउंड के लिए चयनित हुए, जिनमें से 2 छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर प्लेसमेंट प्राप्त की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं डीन कोऑपरेटिव स्टडीज गुलशन सधूं ने कहा कि करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी अपने छात्रों के सौ प्रतिशत प्लेसमेंट के लक्ष्य की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

विश्वविद्यालय उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अद्यतन कर रहा है, ताकि विद्यार्थी न केवल सीखते हुए कमाएं की भावना को साकार कर सकें बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी अग्रणी बनें। सीएसई विभाग के विभागाध्यक्ष ने कहा कि ऐसी प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों को उद्योग की वास्तविक मांगों से जोड़ती हैं, जिससे उनके तकनीकी कौशल, आत्मविश्वास और रोजगार-योग्यता में वृद्धि होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल की ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। किन्नौर, लाहौल-स्पीति के ऊंचाई वाले रिहायशी इलाकों में बर्फबारी से शीतलहर बढ़ गई है। धौलाधार सहित चंबा की चोटियों पर भी बर्फबारी हुई है। किन्नौर के ऊपरी इलाके बर्फ की मोटी सफेद चादर से ढक गए हैं। भारत-तिब्बत सीमा से सटे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल छितकुल गांव में अढ़ाई से तीन इंच बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के बाद पूरी घाटी चांदी की तरह चमक उठी है। छितकुल में सीजन की यह दूसरी बर्फबारी है। बर्फबारी की वजह से जिला मुख्यालय रिकांगपिओ और निचले क्षेत्र रामपुर में भी ठंड बढ़ गई है। रामपुर में सुबह से हल्के बादल छाए रहे और शिमला में धूप खिली रही। जनजातीय जिले लाहौल-स्पीति में बुधवार सुबह से घाटी में रुक-रुक बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी से मनाली-लेह मार्ग के साथ कोकसर से रोहतांग व ग्रांफू-लोसर मार्ग बंद हो गया है। वहीं, मनाली से अटल टनल व कोकसर बहाल है। रोहतांग व कुंजम दर्रा में 15-15 और कोकसर में 10 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई है। वहीं, हल्की बर्फबारी के बीच सैलानियों ने खूब मस्ती की है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार वीरवार को लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा और कुल्लू जिले में कुछ स्थानों पर बारिश-बर्फबारी की संभावना है, जबकि कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर व बिलासपुर जिले के कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। 6 से 11 नवंबर तक पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने के आसार हैं।

### शिक्षा मंत्री का क्षेत्रीय प्रवास कार्यक्रम 7 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 7 से 9 नवंबर, तक अपने गृह क्षेत्र जुब्बल-कोटखाई तथा ठियोग विधानसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे।प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान मंत्री क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के भूमि पूजन, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा आम जनता की समस्याएं सुनेंगे। रोहित ठाकुर 7 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे कड़ीवान में नाबार्ड-एमएलए प्राथमिकता योजना के तहत कड़ीवान से गलूं उमलाड़ाट सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे। इसके पश्चात वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे। 8 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देहा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत वे गुरुकुल पब्लिक स्कूल, देहा के 25वें रजत जयंती समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। बाद में वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और क्षेत्र की जनता से संवाद करेंगे। 9 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे मांदल में रोहलान और जाखोर के लिए जलापूर्ति योजना हेतु अतिरिक्त झरना स्रोत उपलब्ध कराने का भूमि पूजन करेंगे। इसके बाद ग्राम पंचायत मांदल के पंचायत भवन का शिलान्यास करेंगे तथा सामुदायिक केंद्र, जाखोर का उद्घाटन करेंगे।

### जुन्गा की बेटियां राष्ट्रीय हॉकी में दिखाएंगी दम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुन्गा की राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की दो होनहार छात्राएं भूमिका और प्रियंका अब राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगी। हाल ही में ऊना जिला के सलोह में संपन्न राज्य स्तरीय अंडर-14 मेजर गेम्स हॉकी प्रतियोगिता में इन दोनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी का दिल जीता। शारीरिक शिक्षिका रमा देवी के मार्गदर्शन में स्कूल की सात छात्राओं भूमिका, प्रियंका, मुस्कान, मानसी, कनिका, समृद्धि, मधु और साक्षी ठाकुर ने भाग लिया था। बेहतरीन खेल कौशल के दम पर भूमिका और प्रियंका का चयन राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शिमला जिला की टीम इस प्रतियोगिता में उपविजेता रही। प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। एसएमसी प्रधान पवन कुमार और अभिभावकों ने इस सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन और शारीरिक शिक्षिका रमा देवी को दिया।

# शिमला में गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाशपर्व की धूम

## रागी जत्थों के कीर्तन से गूंज उठा गुरुद्वारा श्री सिंह सभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर राजधानी शिमला का वातावरण भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत रहा। गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, शिमला में बुधवार को आयोजित विशेष दीवान में हजूरी रागी जत्थों ने अपने मधुर शबद कीर्तन और गुरमत विचारों के माध्यम से संगत को निहाल किया। उनकी सुरमयी वाणी ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।

सुबह से ही श्रद्धालु गुरुद्वारा परिसर में पहुंचने लगे थे। दोपहर एक बजे से आरंभ हुए दीवान में संगत ने नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान हजूरी रागी जत्थों ने सतगुरु नानक परगटिया, मिट्टी धुंध जग चानण होआ जैसे अमृतमयी शब्दों से वातावरण को पवित्र कर दिया। शिमला के अलावा संजौली स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में भी विशेष दीवान सजाए गए, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। दीवान के उपरांत संगत को गुरु का लंगर वितरित किया गया।


गुरुनानक देव जयंती पर सिख संगत के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

गुरुद्वारों में रोशनी की सजावट और कीर्तन की स्वर लहरियों से पूरा शहर गुरुनानक नाम में डूबा रहा। श्रद्धालुओं ने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी समाज को प्रेम, सेवा और समानता का संदेश देती हैं। यह पर्व केवल श्रद्धा नहीं, बल्कि मानवता के मार्ग पर चलने का प्रेरणास्रोत भी बना, जिसने शिमला की ठंडी हवाओं में भी भक्ति की गर्माहट घोल दी।

# ग्रामीण विकास मंत्री ने चैड़ी में किए 3.40 करोड़ के उद्घाटन व शिलान्यास


ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह चैड़ी पंचायत में विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह राणा ने बुधवार को कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चैड़ी में लगभग 3.40 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। इस दौरान उन्होंने 85 लाख रुपए की लागत से निर्मित 3 किलोमीटर लंबी चैड़ी-निहारी संपर्क सड़क का उद्घाटन किया और बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मंत्री ने पंचायत क्षेत्र को सामुदायिक संसाधन केंद्र के भवन और नई सड़कों के लिए बधाई देते हुए कहा कि कुसुम्पटी क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अणु के आयुर्वेदिक औषधालय भवन पर 98.47 लाख, भराड़ी से कुफर सड़क पर 67 लाख और क्यारकोटी से अणु सड़क पर 85 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि अब तक 230 सड़कों की एफआरए क्लीयरेंस प्रक्रिया में से 90 सड़कों की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं और इन पर तेजी से काम चल रहा है।

उन्होंने बताया कि राजकीय माध्यमिक पाठशाला क्यारकोटी का नया भवन 4.82 करोड़ रुपए की लागत से पारंपरिक शैली में बनाया जाएगा, जबकि प्राथमिक पाठशाला चैड़ी के भवन पर 50 लाख रुपए खर्च होंगे। उन्होंने चैड़ी में युवाओं के लिए खेल मैदान के निर्माण हेतु जमीन की गिफ्ट डीड जमा करवाने की अपील की और ग्राम पंचायत चैड़ी भवन की मरम्मत के लिए 5 लाख रुपए, सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए 1.14 करोड़ रुपए तथा युवक मंडल चैड़ी की गतिविधियों के लिए 50 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने निहारी में बरसात से क्षतिग्रस्त डंगे के पुनर्निर्माण के लिए 1.5 लाख रुपए और शिमला से चैड़ी-क्यारकोटी तक नई बस सेवा शुरू करने की भी घोषणा की।

# हिमाचल को मिला पीपल फर्स्ट इंटीग्रेशन अवार्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

डिजिटल सेवा वितरण में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित पीपल फर्स्ट इंटीग्रेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। राज्य के डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग ने 51 हिमसेवा ई-जिला सेवाओं के साथ हिमपरिवार और हिमएक्सेस कार्ड को डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म पर सफलतापूर्वक एकीकृत किया है, जो हिमाचल की डिजिटल परिवर्तन यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।


नई दिल्ली में पीपल फर्स्ट इंटीग्रेशन अवार्ड प्राप्त करते हुए हिमाचल प्रदेश के डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग के सचिव आशीष सिंहमार।

यह पुरस्कार 4 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित 'डिजिलॉकर 2025' राष्ट्रीय कार्यशाला एवं सम्मेलन के दौरान डीडीटीजी सचिव आशीष सिंहमार को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर एनआईसी के महानिदेशक और राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (एनईजीडी) के सीईओ भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की हिमपरिवार और हिमएक्सेस परियोजनाओं की परिकल्पनाओं को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करना राज्य सरकार की डिजिटल पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार आईटी एवं नवाचार गोकुल बुटेल ने कहा कि यह उपलब्धि तकनीक के माध्यम से नागरिक सशक्तिकरण की दिशा में हिमाचल के प्रयासों को नई ऊंचाई देती है। वहीं डीडीटीजी के निदेशक डॉ. निपुण जिंदल ने बताया कि विभाग ने डिजिलॉकर पर 53 प्रकार के नागरिक प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों को एकीकृत किया है, जिनमें हिमपरिवार, हिमएक्सेस कार्ड, बोनाफाइड हिमाचली प्रमाणपत्र, परिवार रजिस्टर की प्रति, निवास और आय प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं।

# नादौन में 25 करोड़ रुपए से बनेगा एकीकृत एक्वा पार्क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार हमीरपुर जिले के नादौन में 25 करोड़ रुपए की लागत से एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित करने जा रही है। इस परियोजना के लिए भूमि की पहचान की जा चुकी है और इसकी विस्तृत रिपोर्ट आईसीएआर-सीआईएफए, भुवनेश्वर द्वारा तैयार की गई है। यह पार्क प्रदेश में मत्स्य पालन को लाभदायक और टिकाऊ उद्यम के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। आधुनिक फ्रेश वाटर एक्वा कल्चर तकनीकों पर आधारित यह पार्क रोजगार, स्वरोजगार और आजीविका सृजन का केंद्र बनेगा। यहां मत्स्य आहार निर्माण, बीज उत्पादन, मूल्य संवर्धन और विपणन जैसी गतिविधियों से युवाओं और किसानों की आर्थिकी को मजबूती मिलेगी। साथ ही, पार्क में व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुविधाएं भी होंगी जिससे बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

### मत्स्य पालन को मिलेगा नया आयाम

### आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा परिसर

**प्रस्तावित** एक्वा पार्क में उच्च गुणवत्ता वाले मछली बीज उत्पादन, फीड मिल, आधुनिक हैचरी, बायोफ्लॉक और रीसर्क्युलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, सजावटी मछली इकाइयां और सार्वजनिक एक्वेरियम जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता है और इस तरह की परियोजनाएं किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी।

# संजौली में ट्रैफिक पुलिस कर्मी पर व्यक्ति ने किया हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के उपनगर संजौली में मंगलवार देर शाम एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कॉन्स्टेबल पर एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। यह घटना संजौली स्थित एचआरटीसी कार्यालय के पास हुई, जब कॉन्स्टेबल सुनील अपनी नियमित ड्यूटी निभा रहे थे।

### ड्यूटी के दौरान दी गई हिदायत बनी वजह

जानकारी के अनुसार, ड्यूटी के दौरान कॉन्स्टेबल सुनील ने एक व्यक्ति को खुले में सिगरेट पीते हुए देखा। उन्होंने उसे सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान न करने की हिदायत दी। पहले तो वह व्यक्ति सिगरेट फेंककर वहां से चला गया, लेकिन कुछ ही देर बाद अचानक वापस लौटा और कॉन्स्टेबल सुनील पर हमला बोल दिया। आरोपी ने पुलिस कर्मी को घूंसे मारे और उन्हें घसीटते हुए दावत होटल की दिशा में ले गया। हमले के दौरान कॉन्स्टेबल सुनील ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन झड़प में उन्हें चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल पुलिसकर्मी ने तुरंत संजौली थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया।

### कोटखाई निवासी निकला आरोपी, नशे में था धुत

**पकड़े** गए आरोपी की पहचान कोटखाई निवासी संदीप के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि घटना के समय वह शराब के नशे में था। संजौली थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 121(1) और 221 के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी संजौली ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर हमला गंभीर अपराध है और इस मामले में आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शिमला में लोअर बाजार में दुकान के पास गिरी पुरानी दीवार, बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के लोअर बाजार में बुधवार को एक दुकान के समीप पुरानी दीवार अचानक गिर गई, जिससे वहां मौजूद लोगों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय सड़क से गुजर रहे राहगीर इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों के अनुसार दीवार काफी पुरानी थी और लंबे समय से जर्जर हालत में थी। सौभाग्य से किसी के घायल न होने से बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही पुलिस और नगर निगम का दल मौके पर पहुंचा और क्षेत्र को अस्थायी रूप से घेराबंदी कर दिया गया। निगम अधिकारियों ने कहा कि दीवार के गिरने के कारणों की जांच की जाएगी और आसपास के जर्जर ढांचों का निरीक्षण कर सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

## भट्ठाकुफर में 75 वर्षीय बुजुर्ग चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के भट्ठाकुफर क्षेत्र में पुलिस ने 75 वर्षीय बुजुर्ग को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वीर चंद के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने यह कार्रवाई गश्त के दौरान की, जब आरोपी संदिग्ध हालात में घूम रहा था। पुलिस के अनुसार तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से चिट्टा बरामद हुआ। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी सिटी शिमला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बुजुर्ग के संपर्क में कौन-कौन लोग थे और नशे की यह खेप कहां से आई।

# जो तेजस्वी अपने परिवार के नहीं हुए, वो बिहार की जनता के कैसे होंगे: अनुराग



**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने राजनगर विधानसभा में आयोजित युवा चौपाल और सामाजिक समरसता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव और राजद पर कड़ी टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि जो तेजस्वी अपने पिता और परिवार के प्रति वफादार नहीं रहे, वे बिहार की जनता के प्रति कैसे वफादार हो सकते हैं।

अनुराग सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस की सत्ता का मतलब है गुंडागर्दी, रंगदारी और कट्टों का संरक्षण। उन्होंने कहा कि लालू परिवार ने बिहार और गरीब युवाओं को ठगा है और तीन पीढ़ियों से राज्य की प्रगति को रोककर उसे पीछे धकेला है। तेजस्वी यादव के 'युवाओं को नौकरी देने' के दावे को भी उन्होंने भ्रष्टाचार से जोड़ा।

उन्होंने चेतावनी दी कि पोस्टर से लालू की तस्वीर हटाने से जनता उनके जंगलराज और भ्रष्टाचार को नहीं भूल पाएगी। अनुराग ने कहा कि जनता का भरोसा सिर्फ एनडीए सरकार पर है और इस बार भी बिहार के लोग एनडीए को भारी मतों से विजयी बनाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिहार को आगे बढ़ाने और नई पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए राजद और कांग्रेस जैसी अराजक और भ्रष्ट पार्टियों से राज्य को बचाना होगा।

# कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति से लोगों में उत्साह

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** कोटखाई नगर पंचायत के वार्ड सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन सुंदर चौहान, वार्ड सदस्य मोहित नंदा और सुनिता घालटा ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर कहा कि कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चली आ रही यह मांग अब साकार हुई है, जिसके लिए पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। वार्ड सदस्य मोहित नंदा ने कहा कि यह विद्यालय कोटखाई और इसके आसपास के इलाकों के विद्यार्थियों के लिए बड़ी सौगात साबित होगा। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा तथा सांसद सुरेश कश्यप का विशेष आभार जताया। साथ ही उन्होंने पूर्व मंत्री स्वर्गीय नरेंद्र बरागटा को भी नमन किया, जिनके कार्यकाल में केंद्रीय विद्यालय के लिए पहल की गई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा ने इस विषय को लगातार केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष उठाया और उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि आज यह सपना साकार हुआ है।

तीनों पार्षदों ने नगर पंचायत की चेयरमैन द्वारा दिए गए उस कथन का खंडन किया जिसमें कहा गया था कि गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल को केंद्रीय विद्यालय में मर्ज करने का प्रस्ताव दिया गया है। मोहित नंदा ने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत की किसी भी बैठक में ऐसा कोई प्रस्ताव न तो प्रस्तुत हुआ और न ही इस पर चर्चा हुई। मोहित नंदा ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आग्रह किया कि केंद्रीय विद्यालय और गर्ल्स स्कूल दोनों को समानांतर रूप से संचालित किया जाए। इससे क्षेत्र की शैक्षणिक परंपरा और भावनाओं का सम्मान बना रहेगा। गर्ल्स स्कूल को मर्ज न किया जाए, ताकि बेटियों की शिक्षा प्रभावित न हो और केंद्रीय विद्यालय की सौगात से क्षेत्र का समग्र विकास भी सुनिश्चित हो सके।

# अंटी में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया पंचायत भवन का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बुधवार को अपने गृह क्षेत्र जुब्बल के प्रवास के दौरान विकास कार्यों की शृंखला में अंटी में 26 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन दूसरी मंजिल का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने सीमावर्ती पंचायत पंद्राणु में पब्बर वैली यूथ क्लब द्वारा आयोजित पंचायत स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि किया। इस दौरान उन्होंने पंद्राणु में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निरीक्षण भी किया।


शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर अंटी पंचायत में लोगों को संबोधित करते हुए।

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अंटी में नए पंचायत भवन के निर्माण से पंचायत के प्रशासनिक कार्यों में सुविधा होगी और स्थानीय जनता को भी बेहतर सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं और सरकार ग्रामीण ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि अंटी-चींग सड़क पर 9 करोड़ 36 लाख और अंटी-सभाड़ सड़क पर 12 करोड़ 80 लाख रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंटी राष्ट्रीय राजमार्ग 707 पर स्थित एक केंद्रीय स्थान है, जिससे आसपास की पंचायतों को जोड़ने का कार्य हो रहा है। यह राजमार्ग हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ने वाला एक प्रमुख मार्ग है, जिसके निर्माण पर लगभग 93 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि पुलों और सुरक्षा दीवारों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अपने दौरे के दौरान मंत्री ने पंद्राणु में 1 करोड़ 70 लाख रुपए से निर्माणाधीन प्राथमिक चिकित्सा केंद्र का भी निरीक्षण किया।

# कर्नल तेजेंद्र सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम ने किया शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कर्नल तेजेंद्र सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मंडी जिले के धर्मपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत लौंगणी के निवासी कर्नल तेजेंद्र सिंह का असामयिक निधन राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में राज्य सरकार परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति दें। वहीं, उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कर्नल तेजेंद्र सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कर्नल तेजेंद्र सिंह का राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और वीरता सदैव स्मरणीय रहेगी। उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

**सुधार** | सुक्खू सरकार के प्रयासों से बची अनगिनत जानें, सड़क सुरक्षा सुधार में राज्य बना उदाहरण

# हिमाचल में सड़क दुर्घटनाओं में आई ऐतिहासिक कमी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा सुधार के क्षेत्र में उठाए गए ठोस कदमों के परिणामस्वरूप न केवल दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी आई है, बल्कि अनगिनत अमूल्य जीवन भी सुरक्षित हुए हैं।




सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में राज्य में कुल 2,253 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज हुई थीं, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या घटकर 2,147 रह गई। वर्ष 2025 में अब तक केवल 1,457 दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। यह गिरावट प्रदेश सरकार की सक्रिय नीतियों, आधुनिक निगरानी तंत्र और सड़क सुरक्षा के प्रति बढ़ती जन-जागरूकता का प्रमाण है। सरकार के सख्त अमल और समन्वित कार्यशैली ने हिमाचल को उन राज्यों में शामिल किया है जहां सड़क सुरक्षा में ठोस सुधार देखा गया है।

जानकारी के अनुसार यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि वर्ष 2023 और 2025 में राज्य को भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा। इन परिस्थितियों में भी सड़क नेटवर्क को सुरक्षित बनाए रखना एक चुनौती थी। बावजूद इसके, विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों के कारण सरकार सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने में सफल रही। सड़क सुधार कार्यों में पारदर्शिता, निगरानी प्रणाली में तकनीकी नवाचार और त्वरित बचाव-प्रतिक्रिया तंत्र ने इसमें प्रमुख भूमिका निभाई।

### सीएम सुक्खू के निर्देशों से बदला परिदृश्य

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सड़क सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए विभागों को हरसंभव उपाय करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उनका मानना है कि विकास का अर्थ केवल सड़कें बनाना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित बनाना भी है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य दुर्घटनाओं की संख्या को कम करना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। इसी दृष्टिकोण से सेफ रोड्स हिमाचल अभियान को व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है।

### जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च लक्ष्य

**प्रदेश** सरकार ने सड़क सुरक्षा क्षेत्र में सतत सुधार की दिशा में कई नई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें ट्रैफिक कंट्रोल रूमों का आधुनिकीकरण, ब्लैक स्पॉट्स की पहचान, ड्राइवर प्रशिक्षण कार्यक्रम और आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवाओं को सशक्त बनाना प्रमुख हैं। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि हर सड़क सुरक्षित हो, हर सफर जिम्मेदारी के साथ तय हो और हर नागरिक घर सुरक्षित लौटे।

## न्यूज ब्रीफ

### बठरा पंचायत में जांचा 126 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम (अनुराधा, दिवांश, महावीर) ने डॉ. विजय के नेतृत्व में जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र की बठरा पंचायत के वार्ड नंबरा 5 में जनता की सामान्य स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान 68 महिलाओं व 57 पुरुषों सहित कुल 126 लोगों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं 56 मरीजों की रक्त जांच निशुल्क की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया। स्वास्थ्य जांच के दौरान 20 मरीज हड्डियों से संबंधित बीमारी से जबकि 13 मरीज उच्च रक्तचाप, 10 मरीज मधुमेह, 4 गायनी एवं 79 लोग अन्य बीमारियों से ग्रसित पाए गए। शिविर के लिए स्थानीय पंचायत पदाधिकारियों व लोगों ने सांसद अनुराग सिंह ठाकुर व प्रयास संस्था का आभार व्यक्त किया।

### कृष्ण नगर स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कृष्ण नगर में में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। 30 अक्तूबर से शुरू हुए शिविर में एनएसएस स्वयंसेवियों ने पास के गांव में जाकर सामुदायिक भागीदारी के तहत मंदिर, रास्तों और बावड़ियों की साफ-सफाई की एवं नशीले पदार्थों, शिक्षा और बालिका शिक्षा का अलख का जगाया और जनजागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर के दौरान स्वच्छता जागरूकता, स्वास्थ्य व पोषण, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ट्रैफिक अवेयरनेस, नशे के विरुद्ध तथा सामुदायिक सेवा जैसे विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कीर्ति चक्र से अलंकृत कर्नल सुभाष चंद राणा पधारे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या नीलम राणा ने की। सुभाष चंद राणा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल भाव - नहीं मैं, प्रथम तू का वास्तविक अर्थ समझाया और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रेरक उद्बोधन दिया।

# नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता : बाली

## कहा– लोगों से जो वादे किए हैं उनको किया जा रहा पूरा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



लोगों की समस्याएं सुनने पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली।

**पर्यटन** निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र का एक समान विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी क्षेत्रों में एक समान विकास को सुनिश्चित बनाने के लिए विभागों को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

बुधवार को लोगों की नगरोटा विस क्षेत्र की लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा के विकास में धन तथा बजट की किसी भी स्तर पर कमी नहीं रहने दी जाएगी। आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं तथा लोगो से जो वादे किए गए हैं, उनको पूरा किया जाएगा। विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा समयबद्ध निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। आरएस बाली ने कहा कि विकास पुरुष स्व. जीएस बाली के सपनों को पूरा करने के लिए तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास पुरुष जीएस बाली ने नगरोटा में विकास मजबूत नींव रखी है तथा उसी पर अब नई इबारतें गढ़ी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जीएस बाली का एक ही सपना था कि नगरोटा विस एक विकास की दृष्टि से एक आदर्श विस क्षेत्र बनकर अपनी पहचान कायम करे।

# नरवाणा में नशे में धुत्त युवक ने तोड़ी सार्वजनिक संपत्ति, मचा हंगामा

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** नरवाणा गांव में नशे में धुत्त युवक द्वारा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का मामला सामने आया है। ग्रामवासी डॉ. दिव्यांश शर्मा निवासी नरवाणा ने पुलिस चौकी योल में लिखित शिकायत दी है। शिकायत की प्रतियां ग्राम पंचायत प्रधान और जिला कल्याण अधिकारी कांगड़ा को भी भेजी गई हैं। शिकायत के अनुसार, घटना 3 नवंबर रात लगभग 9:30 बजे की है। आरोपी योगेश गुलेरिया, जो ओमकार गुलेरिया का पुत्र है, नशे की हालत में डॉ. शर्मा के घर के पास पहुंचा और वहां लगे कचरा निस्तारण के लिए बनाए गए इन्सिनरेटर को तोड़ दिया। यह इन्सिनरेटर सार्वजनिक क्षेत्र में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के लिए लगाया गया था।

डॉ. शर्मा ने बताया कि आरोपी ने इस दौरान अपने माता–पिता के साथ–साथ उनके परिवार के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया और गाली–गलौज की। उन्होंने बताया कि आरोपी के माता–पिता वर्तमान में उनके (शिकायतकर्ता के) मकान में किरायेदार के रूप में रह रहे हैं, क्योंकि आरोपी ने पूर्व में घरेलू विवाद के चलते उन्हें उनके अपने घर से बेदखल कर दिया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी अपने माता–पिता के प्रति दुर्भावना रखता है और बार–बार मोहल्ले में शांति भंग कर रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों में भय और असंतोष का माहौल है। करीब डेढ़ माह पूर्व गणेश चतुर्थी के अवसर पर भी आरोपी ने इसी प्रकार की हरकत की थी और सार्वजनिक रूप से अपने माता–पिता का अपमान किया था। घटना के अगले दिन जब डॉ. शर्मा ने युवक से उसके व्यवहार को लेकर बात करने की कोशिश की, तो उसने चुनौतीपूर्ण लहजे में कहा कि जो करना है कर लो, मैंने ही किया है और फिर कर सकता हूं। इस संबंध में जब चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि ऐसी कोई शिकायत अभी तक पुलिस चौकी में प्राप्त नहीं हुई है। यदि ऐसी शिकायत प्राप्त होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डॉ. शर्मा ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, मोहल्ले की शांति भंग करने और वृद्ध माता–पिता के साथ दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# मैक्लोडगंज में पर्यटकों को एक क्लिक में मिलेगी पूरी जानकारी

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

**धर्मगुरु आज करेंगे होटल एसोसिएशन की वेबसाइट को लॉन्च**

**मैक्लोडगंज** आने वाले पर्यटकों को अब एक ही क्लिक पर यहां के पर्यटन स्थलों व सुंदरता की जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। वीरवार को धर्मगुरु दलाईलामा द्वारा होटल एसोसिएशन धर्मशाला की अधिकारिक वेबसाइट का उद्घाटन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, होटल एसोसिएशन धर्मशाला द्वारा एक व्यापक सोशल मीडिया हैंडल तैयार करने को लेकर वेब डेवलपरों से चर्चा की गई थी।

इसके साथ ही एसोसिएशन की एक व्यापक वेबसाइट शुरू करने का निर्णय लिया गया था। जिसे तैयार कर अब धरातल पर उतारा जाएगा। बताया जा रहा है कि इस साइट पर क्लिक करते ही पर्यटकों को धर्मशाला से संबंधित सभी होटल, कमरे की उपलब्धता, यहां के व्यंजनों, त्योहारों, दार्शनिक स्थलों, तिब्बतियन मोनेस्टिज, धर्मगुरु दलाईलामा की प्रार्थना सभाओं, कैंपिंग साइटों, ट्रैकों, कला एवं संस्कृति, रमणीक स्थलों यहां तक की यहां आने के लिए परिवहन सुविधाओं तक की जानकारी भी उपलब्ध हो जाएगी।

उधर, इस बारे में होटल एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांवा ने बताया कि इस बैवसाइट को पर्यटन श्रृंखला को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इस पोर्टल का लक्ष्य धर्मशाला को एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करना है।

# डाडासीबा क्षेत्र में तूफान का कहर, 13 घंटे से बिजली गुल

## बिजली तारों पर गिरा पेड़, लोगों को करना पड़ा दिक्कतों का सामना

**पिंकी, अनंत ज्ञान**



डाडासीबा 33केवी लाइन पर गिरा पेड़।

**डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र में मंगलवार देर रात अचानक तेज आंधी–तूफान ने जनजीवन अस्त–व्यस्त कर दिया। तूफान के चलते बिजली की मेन लाइन देहरा से डाडासीबा 33केवी लाइन पर बढ़ल गांव में एक पेड़ गिर गया। इससे बढ़ल, जंबल, बस्सी, नंगल चौक डाडासीबा, चनौर, गुरनबाड़ व सयुल खड्ड इत्यादि क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लगभग 13 घंटे तक इलाके में अंधकार छाया रहा, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार सुबह 10 बजे के करीब विद्युत आपूर्ति बहाल हुई। जानकारी के अनुसार, तेज हवा के झोंकों से कई जगह पेड़ों की टहनियां बिजली की तारों पर गिर गईं, जिससे तार टूट गए और ट्रिपिंग की स्थिति बन गई।

बिजली गुल होने से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, इंटरनेट व मोबाइल नेटवर्क भी प्रभावित हुआ। विद्युत बोर्ड डाडासीबा के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि भारी तूफान के कारण 33 केवी लाइन पर भारी पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को मौके पर भेजकर युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है, सुबह 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति को चालू करवाया गया।

# गरली पंचायत की सख्ती बिना पुलिस रजिस्ट्रेशन के अब रख पाएंगे किरायेदारों

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** पंचायत गरली में एक प्रवासी के रहस्यमयी ढंग से लापता होने के बाद पंचायत प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। पंचायत प्रधान शशि लता ने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि अब कोई भी मकान मालिक बिना पुलिस एंट्री के किसी प्रवासी को किराए पर नहीं रख सकेगा। आदेशों के मुताबिक, जिन घरों में प्रवासी किराए पर रह रहे हैं, उनके मकान मालिक आज ही अपने किरायेदारों की जानकारी पुलिस स्टेशन रकड़ में दर्ज करवाएं, वरना कार्रवाई तय है। दरअसल, कुछ दिन पहले बलदेव की दुकान में किराए पर रहने वाला प्रवासी राजू अचानक गायब हो गया, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। इसी घटना के बाद पंचायत ने यह फैसला लिया है, ताकि भविष्य में कोई संदिग्ध गतिविधि या सुरक्षा संबंधी खतरा न पैदा हो। प्रधान शशि लता ने कहा कि बिना पुलिस और पंचायत में एंट्री के किसी भी प्रवासी को गरली में किराए पर नहीं रखा जाएगा। लोगों ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम गांव की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी था।

# गैलेक्सी स्कूल में शिक्षण को विद्यार्थियों के अनुभवों से जोड़ने पर दिया बल



दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन गया।

**शिव गुलेरिया, अंनत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में 4 और 5 नवंबर को सीबीएसई द्वारा गणित माध्यमिक स्तर की दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों को गणित को अधिक रोचक, अभिनव और रचनात्मक तरीके से पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित करना था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से 60 शिक्षकों और प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। संसाधन व्यक्ति डॉ. आरती शर्मा और मदन गोपाल शर्मा ने आलोचनात्मक चिंतन, निर्णय लेने तथा बहुविकल्पीय प्रश्न निर्माण पर विशेष सत्र लिए व शिक्षण को विद्यार्थियों के अनुभवों से जोड़ने पर बल दिया। डॉ. आरती शर्मा ने प्रतिभागियों को 6–6 सदस्यों वाले दस समूहों में विभाजित कर आपसी चर्चा के माध्यम से संभावित समाधानों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। प्रत्येक समूह ने अपनी गतिविधियों और विचारों को प्रस्तुत किया। स्कूल प्रबंधक डॉ. गुलशन कुमार और प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने सभी प्रतिभागियों, संसाधन व्यक्तियों और सीबीएसई का धन्यवाद किया।

# प्रदेश सरकार ने हिमाचल को 10 वर्ष पीछे धकेला : अरविंद चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजयुमो प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अरविंद चौधरी ने आरोप लगाश कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार की झूठी राजनीति ने प्रदेश को एक दशक पीछे धकेल दिया है। बुधवार को जारी प्रेस बयान में अरविंद चौधरी ने कहा कि प्रदेश की जनता आज यह सवाल पूछने पर मजबूर है कि आखिर कांग्रेस सरकार



ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनता के लिए किया क्या है? झूठे वादों, खोखले दावों और घोषणाओं के सहारे चल रही यह सरकार जनता के विश्वास के साथ खुला मजाक कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की नीतियों ने प्रदेश को विकास की मुख्यधारा से बाहर कर दिया है। युवाओं से रोजगार छीन लिया गया, भर्ती प्रक्रियाएं ठप पड़ी हैं। कर्मचारियों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। किसान, बागवान और व्यापारी वर्ग हताश हैं। सड़कों, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काम रुक गए हैं। महंगाई और बेरोजगारी अपने चरम पर है। बिजली–पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जनता को तरसना पड़ रहा है। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा शासन में जो गति, पारदर्शिता और जनसेवा का भाव था, वह आज पूरी तरह समाप्त हो चुका है। भारतीय जनता युवा मोर्चा यह स्पष्ट करना चाहता है कि आने वाले समय में भाजपा कार्यकर्ता गांव–गांव जाकर कांग्रेस सरकार की असलियत जनता के सामने उजागर करेंगे और संगठन के माध्यम से हर वर्ग की आवाज़ को मजबूती से उठाया जाएगा।

# एसटी कल्याण योजनाओं का सुचारु कार्यान्वयन करें सुनिश्चित : डॉ . आशा

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने की कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राष्ट्रीय** अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा कहा कि जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए चलाए गए कार्यक्रमों एवं योजनाओं का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करें तथा सभी अधिकारी नियमित तौर पर जनजातीय बहुल क्षेत्रों तथा पात्र लोगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का निरीक्षण करें।

उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग से संबंधित लोगों के हितों की रक्षा के लिए सभी विभागीय योजनाओं का लाभ उन्हें सुनिश्चित रूप से प्रदान किया जाना चाहिए। बुधवार को जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित लोगों के संवैधानिक सुरक्षा उपायों, कल्याण एवं विकास योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि जनजातीय वर्ग के बच्चों को उनके क्षेत्र में शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना अत्यंत जरूरी है। इसके साथ ही स्कूल जाना अनिवार्य जैसे अभियान चलाए जाएं, ताकि स्कूलों में किसी भी स्तर पर बच्चों का ड्रॉप आउट रेट कम नहीं हो सके। उन्होंने जनजातीय बहुल क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के लिए भी उपयुक्त कदम उठाने तथा विद्यार्थियों के लिए जनजातीय हॉस्टल बनाने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने जनजातीय वर्ग के लिए चलाई जा रही आवास योजनाओं को लेकर भी समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी धरातल पर जाकर निर्माण कार्य का निरीक्षण करें तथा पात्र लोगों को ही इन योजनाओं का लाभ मिले यह भी सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उपमंडल स्तर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कौशल विकास में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित करने व नियमित तौर पर रोजगार मेले भी आयोजित करने के लिए कहा गया है। औद्योगिक क्षेत्रों में जनजातीय वर्ग के लोगों को रोजगार तथा स्वरोजगार के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत जनजातीय वर्ग के लोगों को लाभांवित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने पशुपालन विभाग द्वारा जनजातीय वर्ग से संबंधित लोगों की सुविधा के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि भेड़–बकरी पालकों को स्थानीय प्रजातियों के संवर्धन में प्राथमिकता प्रदान की जाए। उन्होंने भेड़–बकरी पालकों को सुरक्षा तथा उनके पशु धन के लिए उपयुक्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए गए।

# केंद्रीय मंत्री नड्डा लगा रहे हिमाचल की स्वास्थ्य सेवाओं को पंख : संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के प्रयास से प्रदेश को आगे बढ़ाया जा रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार इतनी नाशुक्रगुजार है कि केंद्रीय योजनाओं के लिए भारत सरकार का धन्यवाद तक नहीं करती है और केंद्रीय योजनाओं को अपनी उपलब्धि और हक मान कर चलती है। केंद्रीय मंत्रियों के पास हिमाचल के लिए मदद मांगते हैं मगर मिलने के बाद धन्यवाद तक नहीं करते हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का यह रवैया असहनीय है। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के सहयोग से एक ओर उपलब्धि हिमाचल को मिली है जो कि हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के लिए जापान इंटरनेशनल कॉपरेशन एजेंसी द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही है। 1422 करोड़ की अनुमोदित योजनाओं में से अधिकतर को मंजूर किया गया है। इसके अंतर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार को इस एजेंसी के द्वारा बाह्य सहायता के माध्यम से 1138 करोड़ रुपये की ऋण सहायता के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को मंजूर करवाने के लिए प्रदेश सरकार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा का आभार जताना चाहिए, ताकि भविष्य में और अधिक लाभ हिमाचल को मंत्रालय की तरफ से मिल सके।

# संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में पेयजल समस्या को 28 लाख स्वीकृत



विश्वविद्यालय प्रशासन ने जल शक्ति विभाग को कार्य के लिए 28 लाख रुपए का चेक दिया।

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

**केंद्रीय** संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर की लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या अब जल्द समाप्त होने जा रही है। परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी और सह निदेशक प्रो. एसजी मंजूनाथ भट्ट के निरंतर प्रयासों से विश्वविद्यालय के दिल्ली मुख्यालय ने पेयजल योजना के लिए 28 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं।

सह निदेशक प्रो. भट्ट ने बताया कि पेयजल आपूर्ति बाधित होने के कारण छात्राओं, छात्रों और स्टाफ को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या के समाधान के लिए आईपीएच विभाग के अधिकारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभाग ने 28 लाख रुपए की अनुमानित राशि का प्रस्ताव दिया। कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए यह राशि वेदव्यास परिसर को भेज दी। इसके बाद निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने एक समिति गठित कर जल एवं सिंचाई विभाग (आईपीएच) को 28 लाख रुपए का चेक सौंपा। आईपीएच विभाग रक्कड़ के एसडीओ जसवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि दो से तीन माह में परिसर के लिए नई पेयजल योजना तैयार कर दी जाएगी। इस अवसर पर अनुभाग अधिकारी अनुराधा शर्मा, कंप्यूटर विभागाध्यक्ष अमित वालिया, कनिष्ठ अभियंता जुगल किशोर शर्मा, प्रमोद कुमार और नमन शर्मा उपस्थित रहे।

## खेलकूद

### राष्ट्रीय फैडरेशन कप–2025 का समापन, गोमा बोले– खिलाड़ियों की सम्मान राशि में की ऐतिहासिक वृद्धि

# महाराष्ट्र बना ओवरऑल विजेता

**कोहली, अनंत ज्ञान**



आयुष मंत्री गोमा ने फेडरेशन को 1 लाख और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 11,000 देने की घोषणा की।

**शाहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैत में आयोजित राष्ट्रीय फैडरेशन कप क्लासिक एवं इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप–2025 का बुधवार को समापन हुआ। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल, कानून एवं विधि मंत्री यादविंद्र गोमा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयुष एवं खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने खिलाड़ियों की सम्मान राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश में शीघ्र ही चार इनडोर स्टेडियम बनाए जाएंगे, ताकि युवाओं को खेलों के अधिक अवसर मिल सकें। उन्होंने बताया कि रैत में 10 बिस्तरों वाला आयुर्वेदिक अस्पताल शीघ्र खोला जाएगा और चंबी खेल मैदान के लिए समुचित धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

आयुष मंत्री ने फेडरेशन को 1 लाख तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 11,000 देने की घोषणा की। शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कार्यक्रम में पधारने के लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि शाहपुर में अब तक सात राष्ट्रीय स्तर के आयोजन सफलतापूर्वक कराए जा चुके हैं और इसके लिए सभी विभागों का धन्यवाद किया। हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा, बतौर विशिष्ट अतिथि ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार संस्कारयुक्त शिक्षा को शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है।

उन्होंने उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में विजेताओं को मुख्यातिथि द्वारा ट्रॉफियां भेंट कर सम्मानित किया गया। चार दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### पुरुष 83 किग्रा वर्ग में निशांत शर्मा प्रथम

**पुरुष** 83 किग्रा वर्ग में निशांत शर्मा (तमिलनाडु) प्रथम, हिमांशु राणा (दिल्ली) द्वितीय, योगिंदर सोगरवाल (राजस्थान) तृतीय। पुरुष 93 किग्रा वर्ग में रंजीत (उत्तर प्रदेश) प्रथम, यश चव्हाण (गुजरात) द्वितीय, शिव कुमार (हिमाचल प्रदेश) तृतीय। पुरुष 105 किग्रा वर्ग में रोनित वर्मा (जम्मू-कश्मीर) प्रथम, सचिन तुकाराम (कर्नाटक) द्वितीय। महिला 76 किग्रा वर्ग में निवेदिता खरकड़ (महाराष्ट्र) प्रथम, संतोष कौर (उत्तराखंड) द्वितीय, संगीता (उत्तराखंड) तृतीय। महिला 84 किग्रा वर्ग में अश्लेषा ग्वेकेड़ (महाराष्ट्र) प्रथम, ज्योति (हरियाणा) द्वितीय, सोनम (पंजाब) तृतीय। महिला 84+ किग्रा वर्ग में रंगू विरचि (तेलंगाना) प्रथम, नगम गनाना (अरुणाचल) द्वितीय, अवलीन कौर (पंजाब) तृतीय।

# शतरंज में कांगड़ा, एथलेटिक्स में हमीरपुर जिले ने मारी बाजी

## धर्मशाला में अंडर –14 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**




हमीरपुर जिले के सोनू टूर्नामेंट के सबसे तेज धावक रहे।

**अंडर–14** की 40वीं राज्यस्तरीय एथलेटिक्स, कुराश, शतरंज, प्रतियोगिता का आयोजन धर्मशाला में किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि सहायक निदेशक खेल हिमाचल प्रदेश अजय पाटा रहे।

जिला खेल प्रभारी कांगड़ा दिनेश शर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राज्य निदेशालय के मीडिया प्रभारी चंचल सिंह ठाकुर ने बताया कि शतरंज में जिला कांगड़ा प्रथम, चंबा जिला दूसरे व मंडी तीसरे, कुराश में जिला हमीरपुर प्रथम, कुल्लू दूसरे व कांगड़ा तीसरे,एथलेटिक्स में हमीरपुर पहले स्थान पर रहा, जबकि हमीरपुर के ही सोनू सबसे तेज धावक रहे।

ऊंचीकूद में सृजल ठाकुर पहले, अभिनव दूसरे व चिराग तीसरे, लंबी कूद में चिराग प्रथम, वरुण दूसरे व ऋतिक ठाकुर तीसरे, चक्का फेंक में अर्नब पहले, जगदीश दूसरे व अभिनव तीसरे,गोला फेंक में अभिजीत पहले, विराट दूसरे व अमित ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे। शिक्षा विभाग की तरफ से जगत शर्मा, अजय कुमार, राकेश कुमार, अमित शर्मा, नरेश कुमार, इत्यादि उपस्थित रहे तथा स्थानीय विद्यालय का समस्त अध्यापक प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

# धर्मशाला में मनाया गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**गुरु** नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व धर्मशाला स्थित कोतवाली गुरुद्वारे में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

गुरुद्वारा सिंह सभा धर्मशाला के सचिव हरजीत सिंह ने कहा कि स्थानीय सिख संगत की ओर से प्रातः 8:30 बजे से दीवान प्रांत (कीर्तन) का आयोजन किया गया। इसके उपरांत जालंधर और अमृतसर से आई कीर्तन पार्टियों ने एक-एक घंटे तक मधुर शबद कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारे का वातावरण 'सत नाम श्री वाहेगुरु' के जयघोष से गूंज उठा। उन्होंने बताया कि भक्ति और सेवा के इस पावन अवसर पर दोपहर 12:30 बजे से लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा परिसर को सुंदर रोशनी और फूलों से सजाया गया था। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने प्रकाश पर्व के सफल आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं और सेवादारों का आभार व्यक्त किया।





गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर कीर्तन को सुनती संगत।

# 2 करोड़ की ठगी के मामलों में साइबर टीम का राजस्थान में डेरा

## अलग-अलग मामलों में अब तक 12 गिरफ्तार, अभी और धरे जाएंगे

**गिरफ्तार आरोपियों से 12 लाख से अधिक का कैश बरामद**

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** दो करोड़ की ठगी के मामलों में साइबर टीम धर्मशाला इन दिनों राजस्थान में डेरा जमाए हुए है। अलग-अलग मामलों में अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अभी और गिरफ्तारियों होनी बाकी हैं। यही नहीं अब तक गिरफ्तार आरोपियों से साइबर टीम 12 लाख से अधिक का कैश भी बरामद कर चुकी है।

उपरोक्त मामलों में साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट, टेलीग्राम फ्रॉड और ऑनलाइन टास्क का झांसा देकर विभिन्न लोगों को ठगी का शिकार बनाया था। गिरफ्तार आरोपियों से साइबर टीम द्वारा म्यूल अकाउंट के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है, जिससे पता चल सके कि पैसे ठगने के लिए आरोपियों ने किन किन अकाउंट का सहारा लिया था।

साइबर टीम ने 12 लोगों को करों एक करोड़ थी ठगी के मामलों में गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि राजस्थान गई टीम का सर्च अभियान अभी भी जारी है और उम्मीद है कि टीम द्वारा अभी और शातिरों पर शिकंसा कसा जाएगा।

### ज्यूडिशियल रिमांड पर दो आरोपी

**साइबर** टीमों द्वारा इन ऑनलाइन शातिरों को राजस्थान के सवाई माधोपुर, जोधपुर व जयपुर से गिरफ्तार किया गया है। जिनमें से 2 आरोपी ज्यूडिशियल रिमांड पर चल रहे हैं। यह सारी गिरफ्तारियां ट्रेलीग्राफ फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट व ऑनलाइन टास्क के मामलों में हुई हैं।

### विदेशी ठगों से होते हैं तार

**साइबर** थाना के अनुसार ठगों द्वारा जिन म्यूल अकाउंट का प्रयोग ठगी के लिए किया जाता है, उनके तार विदेश में बैठे साइबर ठगो के साथ होते हैं। इन सारे मामलों में आरोपियों के साथ पूछताछ कर इनसे ठगी के मामलों की जड़ तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

**साइबर** थाना नोर्थ रेंज के समक्ष पेश आए ऑनलाइन ठगी के मामलों में शातिरों की तलाश में गई टीम द्वारा अब तक करीब 12 शातिरों पर शिकंजा कसा गया है, जबकि इन सारे मामलों में की गई 1 करोड़ रुपए की राशि के तहत धरे गए शातिरों से मौके पर करीब 12 लाख रुप रिकवर किए गए हैं।

**-प्रवीण धीमान, एएसपी साइबर थाना नोर्थ रेंज धर्मशाला**

# योल एकता मंच की पहल से मिली राहत

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** योल बाजार में खुली पाइपों से चल रही परेशानी को लेकर अब जनता को बड़ी राहत मिली है। अनंत ज्ञान में खबर प्रकाशित होने के बाद जहां विभाग हरकत में आया। वहीं, इस कार्य को गति देने में योल एकता मंच की भूमिका भी अहम रही। मंच के युवा प्रधान सनी भाटिया, वरिष्ठ सदस्य डॉ. विजय और समाजसेवी अशोक धवन ने बताया कि लोगों की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए हमने तुरंत इस मुद्दे को भूतपूर्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी और बागनी पंचायत के प्रधान सुरेश 'पप्पी' के ध्यान में लाया। उन्होंने आगे बताया कि दोनों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए, जिसके बाद आज पाइपों को बंद करने का कार्य शुरू हो गया।

**देवेंद्र जग्गी व प्रधान सुरेश पप्पी के हस्तक्षेप से शुरू हुआ पाइप दुरुस्ती कार्य**

योल एकता मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि वे योल की जनता की ओर से देवेंद्र जग्गी और प्रधान सुरेश पप्पी का दिल से आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने आशा जताई कि आने वाले समय में भी क्षेत्र की अन्य जनसमस्याओं का इसी तरह आपसी सहयोग से समाधान किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस त्वरित कार्रवाई को सराहते हुए कहा कि जब जनता, जनप्रतिनिधि और प्रशासन एक साथ काम करते हैं तो नतीजे हमेशा सकारात्मक होते हैं।

# धर्मशाला के आसपास चोर गिरोह सक्रिय एक रात में छह दुकानों के टूटे ताले

## दुकानों से नकदी और सामान पर किया हाथ साफ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एक** रात में चोरों ने आधा दर्जन दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। इन घटनाओं ने संकेत दिया है कि धर्मशाला और आसपास चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। चोरों ने एक रात में छह दुकानों के ताले तोड़ कर नकदी और सामान पर हाथ साफ कर दिया। जहां चोरी की घटनाएं पेश आई वहां पर लाइट्स की व्यवस्था नहीं थी, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया।

इसकी सूचना मिलने पर पुलिस में मौका का दौरा कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले।



### क्या बोले प्रभावित दुकानदार

**दुकानदार** कृष्ण कुमार, शशि कुमार, नरेंद्र कुमार, पूजा शर्मा सहित अन्य ने बताया कि बुधवार सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो दुकानों के ताले टूटे हुए थे। एक दुकान का आधा शटर भी खुला हुआ था। इन दुकानों में चोरी का प्रयास किया गया था, जबकि एक फास्ट फूड की दुकान में रखे 600-700 रुपए आरोपी चुरा ले गए। दुकानदारों ने कहा कि इन दुकानों के बाहर लाइट की उचित व्यवस्था न होने के कारण दुकानों के ताले तोड़ कर चोरी का प्रयास किया।

### लाइट्स के बढ़ाई जाए गश्त

जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते शीला में मंगलवार देर रात हुई चोरी की घटनाओं पर लोगों ने शहर में लाइट्स की उचित व्यवस्था करने के साथ रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग उठाई है।

शीला में चोरी के मामले की सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर गई थी और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

**संजय कुमार, एसएचओ, पुलिस थाना धर्मशाला**

# धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के लिए 258 सोलर लाइटें मंजूर : सुधीर

## रोशनी से जगमगाएंगे सिद्धबाड़ी, खनियारा और सराह का गांव बाहल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** के विधायक सुधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार की अनदेखी को किनारे करते हुए लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज और राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन से 18 पंचायतों के लिए 258 सोलर लाइटें मंजूर करवा ली हैं।

इसके तहत बल्ला जदरांगल, सिद्धबाड़ी, खनियारा, सराह, ढगवार, टंग नरवाणा, कंड करडियाणा, सौकणी दा कोट, अंदराड़, नरवाणा, टऊ, जूहल, कनेड, बरवाला, चतेहड़, योल बाज़ार , लेहसर , टीका बणी, बगली के लिए ये सोलर लाइटें मंजूर करवाई हैं। सुधीर शर्मा ने बुधवार को बताया कि जनता की मांग पर ये योजनाएं मंजूर की हैं। खासकर सराह पंचायत का पिछड़ा गांव बाहल बरसों बाद रोशनी से जगमग होगा।

**कहा- कांग्रेस धर्मशाला की जनता को न करे टारगेट**

सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार धर्मशाला की अनदेखी कर रही है। सुधीर ने कहा कि मुख्यमंत्री जानबूझकर धर्मशाला के प्रोजेक्टों को रोक रहे हैं। धर्मशाला की जनता कांग्रेस नेताओं को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि नीयत साफ होनी चाहिए।

कांग्रेस मेरे साथ राजनीति करे, मुझे इसकी कोई शिकायत नहीं, लेकिन धर्मशाला की जनता को टारगेट करना मुझे दुख प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल को भरपूर मदद दे रही है। अब डॉ. राजीव भारद्वाज या हर्ष महाजन का उदाहरण ही देख लीजिए, दोनों ने धर्मशाला हलके का दर्द समझा है। यही कारण है कि हमें सोलर लाइटें मिली हैं। धर्मशाला को स्मार्ट बनाने के अलावा हमें गांव से शहर तक एकसमान विकास करना है।

### कांग्रेस ने रोके प्रोजेक्ट

पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के विकास को जानबूझकर पीछे धकेला है। उन्होंने कहा कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 30 करोड़ रुपए जमा न करवाकर कांग्रेस ने क्षेत्र के लोगों के साथ अन्याय किया है, जिसके लिए जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। सुधीर शर्मा ने कहा कि पास्सू में बन रही सब्जी मंडी और ओबीसी भवन का कार्य भी कांग्रेस सरकार ने रोक दिया है, जिससे स्थानीय व्यापारियों और किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि एयरपोर्ट के नाम पर जनता को लगातार भ्रमित किया जा रहा है और कारोबारियों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास और पारदर्शिता की राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस की नीतियों ने धर्मशाला को प्रगति की दौड़ में पीछे छोड़ दिया है। जनता 2027 में कांग्रेस को इसका जवाब देगी।

# जोनल अस्पताल की छत से रिस रहा पानी, बढ़ी परेशानी

## बरसात ने पहुंचाया था नुकसान, मरम्मत को अस्पताल प्रशासन ने भेजा 50 लाख रुपए का प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जोनल** अस्पताल धर्मशाला को बरसात ने नुकसान पहुंचाया है। बरसात में अस्पताल के उस भवन की छत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसमें मरीजों को भर्ती किया जाता है।

अब कई स्थानों पर छत से पानी रिसने लगा है, जिससे आंतरिक विभाग के कई वार्ड प्रभावित हो रहे हैं।

बरसात में भारी बारिश के कारण आई सीलन के चलते वार्डों में भर्ती मरीजों को भी काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। इसके अलावा, बरसात की वजह से अस्पताल भवन के प्लास्टर, गैलरी, बालकनी और आईपीडी भवन के रंग-रोगन को भी क्षति पहुंची है।

### सरकार को भेजा मरम्मत का प्रस्ताव

**अस्पताल** प्रबंधन ने बरसात से हुए इस नुकसान की भरपाई के लिए मरम्मत कार्य का प्रस्ताव तैयार कर प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य निदेशालय शिमला को भेजा है। इस प्रस्ताव में छत की संपूर्ण मरम्मत के साथ-साथ अन्य प्रभावित हिस्सों को भी दुरुस्त करने की मांग की गई है, ताकि वार्डों की स्थिति सुधारी जा सके और मरीजों को उपचार के दौरान किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

**इस** बार बरसात में भारी बारिश से अस्पताल को काफी नुकसान हुआ है। छत और अन्य मरम्मत कार्यों के लिए 50 लाख रुपये का बजट प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। बजट स्वीकृत होते ही मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

**-डॉ. अनुराधा शर्मा, एमएस, जोनल अस्पताल धर्मशाला**

# विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसिलिंग और गाइडलाइन वर्कशॉप में आयोजन

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**डॉ.** बीआर अंबेडकर मिशन कमेटी जयसिंहपुर की ओर से आठवीं कक्षा से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसिलिंग और गाइडलाइन वर्कशॉप का आयोजन कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में किया गया।

डॉ. बीआर अंबेडकर मिशन कमेटी जयसिंहपुर सब डिवीजन के अध्यक्ष कैप्टन रणजीत सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में सब डिवीजन के लगभग 95 फीसदी प्रतिभागियों ने भाग लिया। बच्चों पढ़ाई के ऊपर ध्यान देने साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने व 12वीं के बाद पढ़ाई का सही विकल्प चुनने व सरकारी या प्राइवेट क्षेत्र मैं नौकरी की परीक्षा के लिए किस तरह से तैयारी करनी है, इत्यादि विषयों की जानकारी दी गई।



महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषयों व अन्य गतिविधियों की विस्तार से दी जानकारी।

इसके साथ नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया गया। महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषयों व अन्य गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई व महाविद्यालय के पुस्तकालय सहायक अध्यक्ष रंजीत सिंह की देखरेख में बच्चों ने पुस्तकालय का भ्रमण किया।

# अब पंचायतों में चाहिए कर्मठ और ईमानदार जनप्रतिनिधि : पूर्ण गुलेरिया

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** आगामी पंचायत चुनाव को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है, जिसमें शहीद के पिता एवं समाजसेवी पूर्ण गुलेरिया ने कहा कि अब समय आ गया है जब पंचायतें केवल नाम मात्र के प्रतिनिधियों से नहीं, बल्कि ऊर्जावान और कर्मठ जनप्रतिनिधियों से सजनी चाहिए। बढ़ल पंचायत के निवासी सेवानिवृत्त एचआरटीसी चालक पूर्ण गुलेरिया ने कहा कि गांव की गलियों, टूटी सड़कों और बदहाल हालात से होकर ही प्रदेश व देश का असली विकास गुजरता है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि पंचायत चुनाव में बुत नहीं, बल्कि बुद्धिजीवी प्रत्याशियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। गुलेरिया ने कहा कि जनता अब समझदार हो चुकी है और वह उन लोगों को ही मौका देगी जिनमें काम करने का जज्बा और ईमानदारी का भाव होगा। उन्होंने दावा किया कि बढ़ल पंचायत में एक बेहतरीन और सक्षम पंचायत टीम तैयार की जाएगी, जो विकास को धरातल तक पहुंचाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि परिस्थितियां मांगेंगी, तो वे स्वयं भी चुनावी मैदान में उतरने से परहेज नहीं करेंगे। पूर्ण गुलेरिया का यह बेबाक बयान आगामी पंचायत चुनावों में नई चर्चा का विषय बन गया है।

# मैक्लोडगंज में पर्यटकों की बढ़ी चहलकदमी



अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज। मैक्लोडगंज में विदेशी पर्यटक जुटने लगे हैं। इसी के साथ पर्यटक उद्यमी भी खुश नजर आने लगे हैं। आगामी दिनों में पर्यटकों की आमद और बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बीच बुधवार को पर्यटक नगरी मैक्लोडगंज में खिली धूप का आनंद उठाते बाहरी राज्यों से आए पर्यटक व विदेशी। छायाकार शुभांजलि।

# डाडासीबा में एयरटेल की बदहाल संचार सेवाओं से उपभोक्ता परेशान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील के निकटवर्ती क्षेत्रों नंगल चौक, कलेहड़, बलघार, सयुल खड्डु और साथ लगते अन्य इलाकों में बुधवार को एयरटेल का नेटवर्क पूरी तरह ठप रहा। नेटवर्क न होने के कारण हजारों उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन शोपीस बनकर रह गए। इससे लोगों को संचार सेवाओं में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और वे एयरटेल की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते दिखाई दिए।

स्थानीय निवासी कमल, प्रवीण मेहता, कृष्ण दत्त शर्मा, मोनू, संजीव, रिंकू, अजय सोनी, सुभाष, राकेश, नवीन मेहता, सोनू, राजिंदर कुमार, विक्की, प्यार चंद, विजय, सागर व अन्य ने बताया कि एयरटेल के सिग्नल न मिलने से न तो कॉल हो पा रही है और न ही इंटरनेट चल रहा है। उन्होंने कहा कि नेटवर्क पकड़ने के लिए लोगों को अपने मकानों की छतों या खुले स्थानों की ओर भागना पड़ता है, लेकिन तब भी कॉल बार-बार कट जाती है।

**कंपनी प्रबंधन से किया शीघ्र समस्या हल करने का आह्वान**

ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर घर के अंदर मोबाइल में बिल्कुल भी नेटवर्क नहीं आता, जिससे फोन बेकार हो गए हैं। उनका आरोप है कि एयरटेल कंपनी वर्षों से इस क्षेत्र की नेटवर्क समस्या को नजरअंदाज कर रही है। उपभोक्ताओं ने दूरसंचार विभाग व कंपनी प्रबंधन से आग्रह किया है कि क्षेत्र में नेटवर्क की दिक्कत को शीघ्र हल किया जाए, ताकि लोगों को संचार सेवाओं में राहत मिल सके और फोन से करने वाले काम बाधित न हो सकें।

# कॉस्मिक विजन अकादमी कैहरियां की मेधावी छात्रा सिमरन शर्मा ने पास की पीएमटी परीक्षा



अकादमी के चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और हेड अनूप सिंह ने सिमरन को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**कॉस्मिक** विजन अकादमी कैहरियां जवाली की मेधावी छात्रा सिमरन शर्मा ने पीएमटी परीक्षा उत्तीर्ण कर पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, चंबा में प्रवेश प्राप्त किया है। यह सफलता सिमरन की दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। सिमरन ने अपनी सफलता का श्रेय अकादमी के अनुभवी स्टाफ और अपने माता-पिता को दिया है। अकादमी के चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और हेड अनूप सिंह ने सिमरन और उसके माता-पिता को हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा में प्रवेश पाया**

## न्यूज ब्रीफ

### अलग-अलग निर्देशों से मिड-डे मील वर्कर्स भ्रम में

**अनंत ज्ञान, भगेड़।** जिला बिलासपुर के मिड-डे मील वर्कर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश कुमारी की अध्यक्षता में सभी शिक्षा खंडों के मिड-डे मील अध्यक्षों के साथ एक बैठक की गई। इस बैठक में जिला बिलासपुर के सरकारी स्कूलों में पिछले तीन महीने से मर्ज हुईं पाठशालाओं के मिड-डे मील वर्कर्स के लिए अलग-अलग निर्देश किए जा रहे हैं। बैठक में चर्चा की गई कि शिक्षा खंड घुमारवीं द्वितीय में मर्ज की गई पाठशालाओं के मिड-डे मील वर्कर की कोई सुध नहीं ले रहा है। इन मर्ज की गई पाठशालाओं के मिड-डे मील वर्कर्स को न तो स्थानीय स्तर पर किसी आदेश का पालन किया है और न ही शिक्षा खंड घुमारवीं द्वितीय के शिक्षा खंड अधिकारी द्वारा कोई आगामी आदेश किए गए। जिन कर्मी ने मर्ज होने के उपरांत दूसरी पाठशाला में अपनी उपस्थिति दी है उन एमडीएम वर्कर को शिक्षा खंड घुमारवीं द्वितीय के कार्यालय द्वारा 1000 रुपए मानदेय दिया जा रहा है तथा अन्य शिक्षा खंड में सभी मर्ज हुई पाठशालाओं की एमडीएम वर्कर्स को 3500 रुपए दिए जा रहे हैं। एमडीएम वर्कर जिला अध्यक्ष द्वारा एमडीएम वर्कर को स्टेट शेयर के अनुसार अब 4000 रुपए दिया जाएगा यदि यह मानदेय नहीं दिया गया तो शिक्षा खंड घुमारवीं द्वितीय में समस्त जिला की मिड-डे मील कर्मी द्वारा आंदोलन किया जाएगा तथा इस मुद्दे को जिला अध्यक्ष ने प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक जिला बिलासपुर से भी चर्चा करने की बात की है।

### गेहड़वीं स्कूल में बच्चों ने संवारी फूलों की क्यारियां

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गेहड़वीं में सात दिवसीय एनएसएस के विशेष कैंप का समापन हुआ। समापन समारोह के कार्यक्रम के मुख्यातिथि एसएमसी प्रधान राजेश चंदेल रहे। कार्यक्रम के अधिकारी अश्विनी गौतम एवं सरोज धीमान ने बताया कि शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवियों ने पाठशाला परिसर को समतल करने के साथ-साथ फूलों की क्यारियां बनाई गई तथा स्थानीय बाजार, अस्पताल परिसर की साफ सफाई की गई। इस दौरान ग्राम जांगला में बावड़ियों तथा सरोवरों की साफ सफाई की गई। एनएसएस स्वयंसेवियों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु माता बाडोल देवी मंदिर गए तथा वहां पर भी परिसर की साफ सफाई की। मुख्यातिथि ने एन एस एस स्वयंसेवियों को अनुशासन में रहने तथा समाज सेवा के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चमन पुरी, प्रवक्ता विनोद,विजय,और एस एम सी के सदस्य उपस्थित रहे।

### बच्चों ने जानी आपदा प्रबंधन की बारीकियां

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत स्वयंसेवियों ने प्रातः व्यायाम और योग सत्र के साथ की। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकालकर जागरूकता संदेश दिए। दिवसीय विशेष के शैक्षणिक सत्र में किशोरी लाल व्यावसायिक शिक्षक ने स्वयंसेवियों को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं, तत्काल प्रतिक्रिया, सुरक्षा उपाय, प्राथमिक उपचार तथा आपदा के समय सामुदायिक भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों को सजग रहने, सही समय पर सही निर्णय लेने और टीमवर्क के महत्व पर विशेष जोर दिया। शिविर प्रभारी रूप लाल एवं आशा कुमारी की अगुवाई में स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर की साफ-सफाई की।

### टकरेड़ा में श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ का समापन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम पंचायत घुमारवीं के गांव टकरेड़ा स्थित माता नयना देवी मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का विधिवत पूर्णाहुति, हवन एवं विशाल भंडारे के साथ श्रद्धाभाव में समापन हो गया। कथा के अंतिम दिवस पर मुख्य प्रसंग 'भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अद्वितीय मित्रता' का हृदयस्पर्शी वर्णन भागवताचार्य आचार्य बृजेश गोस्वामी महाराज (वृंदावन) ने प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित सैकड़ों भक्त भावुक हो उठे। बुधवार सुबह पूर्णाहुति हवन संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामवासी, महिलाएं, वृद्धजन व युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। दोपहर बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संध्या आरती, भजन-कीर्तन और हरे कृष्ण महामंत्र के साथ कथा का औपचारिक समापन हुआ।

### शाहतलाई के वार्ड -2 में भागवत कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** नगर पंचायत तलाई के वार्ड नंबर 2 बैद्यनाथ समिति द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भागवत भगवान और आचार्य प्रमोद पुंज का मुख्य मंदिर तलाई बाजार में भव्य स्वागत कलश यात्रा निकाल कर किया। कथावाचक आचार्य प्रमोद पुंज ने प्रथम दिवस प्रवचन करते हुए बताया भागवत कथा सर्वप्रथम ब्रह्माजी ने अपने पुत्र नारद मुनि को सुनाई थी, जो बाद में इसे महर्षि वेदव्यास को सुनाते हैं। व्यास ने इसे अपने पुत्र शुकदेव को सुनाया, उन्होंने राजा परीक्षित को उनके श्राप से मुक्ति के लिए भागवत कथा सुनाई।

### विद्यार्थी जीवन में अनुशासित रहने की दी सीख

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नम्होल में चल रहे सात दिवसीय शिविर के बुधवार को समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्यातिथि सेवानिवृत्त भाषा अध्यापक बाबू राम सिसोदिया ने सभी स्वयं सेवियों को इस विशेष शिविर को सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई दी और विद्यार्थी जीवन में अनुशासित रहने की सलाह दी। इस अवसर पर स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य प्रीत लाल शर्मा व अर्थ शास्त्र के प्रवक्ता अरुण भाटिया भी उपस्थित रहे। स्वयंसेवियों ने ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर इसमें चार चांद लगा दिए। अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कमल शर्मा ने मुख्यातिथि का धन्यवाद किया।

# कैंसर से पीड़ित दो मासूम बच्चों की मां लड़ रही जिंदगी की जंग

## एम्स के डॉक्टर्स बोले- कैंसर खत्म करने के लिए लगेंगे 7-8 इंजेक्शन, प्रत्येक की कीमत 1,65,000 रुपए

**अनंत ज्ञान घुमारवीं**

बिलासपुर जिले की तहसील झंडूता के गांव पंजीन (पोस्ट ऑफिस थुराण) की निवासी अंजना कुमारी पिछले 4-5 वर्ष से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। कुछ समय पहले उनकी स्थिति में सुधार हुआ था, लेकिन अब बीमारी दोबारा बढ़ गई है और हालत नाजुक बताई जा रही है। अंजना कुमारी का इलाज एम्स बिलासपुर में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, उनके उपचार के लिए जो विशेष इंजेक्शन लगने हैं, वे विदेश से आयात करने पड़ेंगे। प्रत्येक इंजेक्शन की कीमत लगभग 1,65,000 रुपए है और ऐसे लगभग 7-8 इंजेक्शन आवश्यक हैं। इसके अलावा करीब 70,000 रुपए की दवाइयां और 50,000 रुपए का एक विशेष टेस्ट भी करवाना है। अंजना के पति एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, लेकिन पत्नी की बीमारी के कारण वे लंबे समय से नौकरी पर नहीं जा पा रहे हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति अब बेहद कमजोर हो चुकी है। घर में दो छोटे बच्चे (8 और 10 वर्ष के) हैं, जो अपनी मां की हालत देखकर चिंतित हैं।

- 4-5 वर्ष से बीमारी से जूझ रही अंजना कुमारी
- जरूरतमंद परिवार की दानी सज्जनों से मदद की अपील



परिवार ने अब तक उधार लेकर इलाज जारी रखा है, लेकिन अब आगे का खर्च उठाना संभव नहीं हो पा रहा। ऐसे में परिवार ने समाज से मानवीय सहायता की अपील की है। जो भी व्यक्ति अपनी क्षमता अनुसार, आर्थिक सहयोग करना चाहता है तो 82193-44109 संपर्क कर सकता है। कई सामाजिक संस्थाएं मानव सेवा समिति कलोल, इंसानियत संस्था, महावीर दंगल कमेटी द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों और परिवार का कहना है कि जो भी छोटी से छोटी मदद करेगा या हमारी बहन के लिए दुआ करेगा, वह हमारे लिए अमूल्य होगी।

# सरकारी स्कूलों से दूरी बना रहे बच्चे

## जिले में तीन वर्ष में सरकारी स्कूलों से 3,500 विद्यार्थियों ने कटवाया अपना नाम

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या लगातार घट रही है। पिछले तीन शैक्षणिक सत्रों (2022-23 से 2024-25) में जिले से लगभग 3,500 विद्यार्थियों ने सरकारी स्कूल छोड़कर निजी शैक्षणिक संस्थानों का रुख किया है। एक अनुमान के अनुसार, इनमें 1,900 लड़के और 1,600 लड़कियां शामिल हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह रुझान राज्य के अन्य जिलों की तुलना में तेज है और इसका सीधा असर स्कूलों की गतिविधियों, संसाधनों और शिक्षकों के कार्यभार पर पड़ रहा है।

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारी स्कूलों को दोबारा आकर्षक बनाने के लिए स्मार्ट क्लासरूम, शिक्षक प्रशिक्षण, और स्थानीय भाषा में गुणवत्तापूर्ण सामग्री पर ध्यान देना होगा। प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. ओपी शर्मा का कहना है कि सरकारी स्कूलों का अस्तित्व तभी मजबूत रहेगा जब शिक्षा में विश्वास, परिणाम और अनुभव तीनों साथ चलें। केवल भवन या योजना नहीं, बच्चों के भविष्य में भरोसा लौटाना जरूरी है।



| शैक्षिणक सत्र | कुल विद्यार्थी | छात्र | छात्राएं | शिक्षक |
|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 52,800 | 27,600 | 25,200 | 4,500 |
| 2023-24 | 50,900 | 26,400 | 24,500 | 4,380 |
| 2024-25 | 49,300 | 25,700 | 23,600 | 4,300 |

(स्रोत: स्थानीय शिक्षा कार्यालय रिपोर्ट्स पर आधारित)

### आखिर बच्चे क्यों छोड़ रहे हैं सरकारी स्कूल?

**स्थानीय** शिक्षा सर्वे और अभिभावकों की प्रतिक्रियाओं के अनुसार, सरकारी स्कूलों की घटती साख और निजी स्कूलों में बढ़ती प्रतियोगिता इसका प्रमुख कारण है। अभिभावक अब बच्चों को 'बेहतर अंग्रेजी माध्यम व 'अधिक गतिविधियां' और 'परिणाम-उन्मुख वातावरण' के लिए निजी संस्थानों में भेज रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में छात्र संख्या घटने से कई छोटे स्कूल 'क्लब' किए जा चुके हैं। पिछले वर्ष जिला शिक्षा कार्यालय ने ऐसे आठ स्कूलों को बंद किया, जिनमें शून्य दाखिले (जीरो एनरोलमेंट) दर्ज हुए थे।

### स्कूलों में शिक्षकों की संख्या में भी आई गिरावट

**बिलासपुर** जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की संख्या भी घट रही है। 2022 में जहां लगभग 4,500 शिक्षक कार्यरत थे, वहीं अब यह संख्या घटकर करीब 4,300 रह गई है। सेवानिवृत्ति, पदोन्नति के बाद रिक्तियां और नई भर्ती का धीमा क्रम इसका प्रमुख कारण है। कुछ स्कूलों में एक ही शिक्षक से पांच कक्षाओं को संभालने की स्थिति बन रही है। इससे न केवल शिक्षण गुणवत्ता प्रभावित हो रही है बल्कि विद्यार्थियों की उपस्थिति पर भी असर देखा जा रहा है।

### घटती एनरोलमेंट को लेकर विभाग गंभीर

**जिला** शिक्षा विभाग ने घटते दाखिलों को गंभीरता से लिया है। 'गुणवत्ता सुधार अभियान' के तहत स्कूलों में डिजिटल शिक्षण सामग्री, खेल उपकरण और नवाचार कक्षाओं को जोड़ा जा रहा है। डीडीएचई बिलासपुर कार्यालय रेणु कौशल के अनुसार अगले सत्र से 'घर-घर शिक्षा सर्वेक्षण' शुरू किया जाएगा, ताकि उन विद्यार्थियों की पहचान हो सके, जो निजी या अन्य जिलों के स्कूलों में स्थानांतरित हो गए हैं।

# कलगीधर गुरुद्वारा में 9 नवंबर को मनाया जाएगा गुरु पर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक कलगीधर गुरुद्वारा साहिब में इस वर्ष 9 नवंबर को प्रकाश उत्सव श्री गुरु नानक देव जी का पावन पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। रागी सरदार अनूप सिंह मस्ताना ने बताया कि बिलासपुर का यह गुरुद्वारा श्री आनंदपुर साहिब प्रबंधक कमेटी के अधीन आता है और हर वर्ष की तरह इस बार भी मुख्य कार्यक्रमों का संचालन आनंदपुर साहिब से आए रागी जत्थों और धार्मिक कलाकारों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 नवंबर की सुबह अमृत वेले से ही गुरुद्वारे में शबद-कीर्तन, पाठ साहिब और अखंड कीर्तन दरबार का आरंभ होगा। इसके उपरांत नगर कीर्तन का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें पंच प्यारों की अगुवाई में संगत नगर के मुख्य मार्गों से गुजरेगी। शोभायात्रा में निहंग सिंहों की झलक, गुरबाणी कीर्तन, झांकियां और सेवा समितियों की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। मस्ताना ने बताया कि बिलासपुर का कलगीधर गुरुद्वारा ऐतिहासिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह गुरु गोबिंद सिंह जी की पावन भूमि आनंदपुर साहिब के धार्मिक दायरे से सीधा जुड़ा हुआ है। प्रत्येक वर्ष यहां आनंदपुर साहिब से रागी जत्थे, ढाडी कलाकार व प्रवचनकार पहुंचते हैं और गुरमत विचार साझा करते हैं। इस बार के गुरु पर्व पर भी विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सरदार अनूप सिंह मस्ताना जी के रागी जत्थे सहित अन्य प्रसिद्ध गुरबाणी कलाकार संगत को रसपान करवाएंगे। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए लंगर व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग तथा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं।



- राागी सरदार अनूप सिंह बोले- आनंदपुर साहिब से आएंगे रागी जत्थे

# दरागढ़ी को मिली सड़क और पेयजल सुविधा

## पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने किया सड़क का उद्घाटन, हैंडपंप भी लोगों को समर्पित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दरागढ़ी गांव के लोगों के लिए बुधवार का दिन खुशी लेकर आया, जब गांव में लगभग चार लाख रुपए की लागत से निर्मित सड़क का उद्घाटन पूर्व विधायक बंबर ठाकुर द्वारा किया गया किया गया। इस नई सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

इसके साथ ही जल शक्ति विभाग की ओर से दरागढ़ी गांव की जनता को एक नया हैंडपंप भी समर्पित किया गया, जिससे गांव में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने उपस्थित ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह विकास कार्य मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की जनहितैषी सोच और संवेदनशील नेतृत्व का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश में ग्रामीण ढांचे के सशक्तीकरण, सड़क और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है।

### पूर्व विधायक ने सुक्खू सरकार की प्रतिबद्धता को सराहा

**पूर्व** विधायक बंबर ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिस प्रतिबद्धता से आम जनता की जरूरतों को प्राथमिकता दी है, वह सराहनीय है। दरागढ़ी जैसे गांवों में सड़क और जल सुविधा का विस्तार उनके समर्पित नेतृत्व का सशक्त उदाहरण है। न्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों का उनके सहयोग और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि भविष्य में भी विकास की यह रफ्तार इसी तरह जारी रहेगी।



# बलघाड में शादी में आया व्यक्ति आग में गिरा, पीजीआई लेते वक्त रास्ते में मौत

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र के गांव बलघाड़ में एक शादी समारोह के दौरान मंगलवार देर रात रसोई के लिए बनाई भट्ठी में गिरने से एक व्यक्ति संजीव कुमार पुत्र ब्रिज लाल गंभीर रूप से झुलस गया। उसे तुरंत उपचार के लिए एम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में संजीव की मौत हो गई। झंडूता पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना झंडूता की एक टीम थाना प्रभारी जगदीश कुमार के नेतृत्व में बलघाड मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। थाना प्रभारी जगदीश कुमार ने फोन पर बताया कि शादी का कार्यक्रम खत्म हो गया था और देर रात तेज तूफान और लाइट न होने के कारण किसी ने घटना को देखा नहीं। रसोई के लिए बनाई भट्ठी शादी वाले घर से थोड़ी दूरी पर थी, जिस वजह से सुबह ही यह हादसा पता चल सका। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। वहीं, समाजसेवी अमरनाथ धीमान ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया तथा शोक संतन परिवार के गहरी संवेदना जताई है। प्रशासन को प्रभावित परिवार को शीघ्र अतिशीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी मदद कर उसे परिवार को राहत पहुंचाएं की भी अपील की है। ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों में आम जनता से अपील की जाती है कि वह रसोई बनने वाले स्थान पर जहां भट्ठी बनाई होती है, वहां न जाएं, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही मौत का जब कारण बनती है।

- लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार की मदद करने की अपील की

# प्रदेश में कानून का नहीं, अपराधियों का राज : जम्वाल

## कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त; सरकार ने पुलिस को सुरक्षा नहीं, वसूली का जरिया बना दिया

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। अब पुलिस नहीं, अपराधी राज कर रहे हैं। पिछले साल दिनदहाड़े गोलीकांड से लेकर अब तेजधार हथियारों से हो रहे हमलों तक बिलासपुर की सड़कों पर खून बहना आम बात हो गई है। दो दिन पहले आईटीआई के पास हुई खूनी झड़प ने साबित कर दिया है कि सरकार जनता की सुरक्षा नहीं, अपनी कुर्सी बचाने में लगी है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा, 'सरकार की नाकामी के कारण अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे अब सरेआम तलवारें लहराकर दहशत फैला रहे हैं। आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है, लेकिन सरकार की आंखें बंद हैं।' उन्होंने कहा कि चिट्टा और नशे का कारोबार बिलासपुर से लेकर पूरे प्रदेश में खुलेआम फल-फूल रहा है। नशे के तस्कर अब गैंगवार तक में उतर आए हैं। विधायक ने कहा कि सरकार का ध्यान जनता की सुरक्षा पर नहीं, बल्कि चालान काटकर राजस्व बढ़ाने पर है। पुलिस को अपराधियों से नहीं, आम नागरिकों से वसूली का हथियार बना दिया गया है। जम्वाल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कानून व्यवस्था पर काबू नहीं पाया गया, तो 'देवभूमि हिमाचल' जंगलराज में बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को सरकार ने जनता की सुरक्षा से अधिक राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति का आदेश दिया हुआ है, जिससे कानून का डर खत्म होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के इस कार्यकाल में व्यवस्था नहीं, अव्यवस्था बोल रही है। हर ओर अपराध का बोलबाला है।



# गुरु नानक के प्रकाश पर्व पर डियारा में निकाली प्रभात फेरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर के डियारा सेक्टर के गुरुद्वारा में सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा के केयर टेकर, समाज सेवी एवं पूर्व पार्षद वार्ड नंबर-9 रच्छपाल सिंह की अगवाई में सुबह प्रभात फेरी का आयोजन भी किया गया। इस प्रभात फेरी में इस बार भारी संख्या में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। यह प्रभात फेरी सुबह पौणे पांच बजे शहर के डियारा सेक्टर से शुरू होकर नगर की परिक्रमा करते हुए गुरुद्वारा कलगीधर पहुंची, जहां पर विधिवत रूप से मात्था टेका और विश्व अमन चैन की लेकर अरदास की गई। तत्पश्चात डियारा सेक्टर स्थित गुरुद्वारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा निशान साहिब (झंडा) चढ़ाया गया। इसके साथ ही पुनीत कौंडल के आवास पर चने, पूरी और भटूरे आदि का लंगर भी लगाया गया था, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि डियारा सेक्टर में स्थित यह गुरुद्वारा जलमग्न होने के बाद बसाए शहर में आज तक अपना अस्तित्व शान से बनाए हुए हैं। इस दौरान पावन गुरु ग्रंथ के समुख पाठ और विश्व शांति के लिए अरदास की गई।

# ऋषिकेश साहिब में हर्षोल्लास से मनाया गुरु नानक का प्रकाश पर्व

## कलगीधर गुरुद्वारा साहिब में हुआ पाठ और शबद-कीर्तन

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

सद्गुरु नानक परगटेया, मिट्टी धुंध जग चानन होया। गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व पर बुधवार को गुरुद्वारा कालगीधर पातशाही दसवीं ऋषिकेश साहिब (महरौइयां) में भक्ति, उत्साह और प्रेम का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रात:काल संगत ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा साहिब में एकत्र होकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पाठ सुना। इस अवसर पर गुरु नानक देव जी के जीवन इतिहास और उपदेशों का रसपूर्ण श्रवण करवाया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से अरदास की और गुरु साहिब के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

दिन में गुरुद्वारा परिसर में पकोड़े और चाय का अटूट लंगर लगाया गया, जिसमें क्षेत्रभर से आई संगत ने बड़ी श्रद्धा और प्रेम के साथ भाग लिया। वातावरण गुरबाणी और जयकारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर जसवंत सिंह, अमनदीप सिंह, रामप्यारी, बीना, सुरजीत कौर, रणबीर सिंह, जगतार सिंह, पर्भी जी, सतवीर सिंह, रिंकू, अभय सिंह, दूनी सिंह, दलजीत सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे और गुरु घर की खुशियां प्राप्त कीं। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और इसका उद्देश्य संगत में सेवा, भक्ति और एकता की भावना को प्रबल बनाना है।

# प्रेम से पुकारो तो स्वयं आ जाते हैं ईश्वर

## सर्वशक्तिमान और ब्रह्मांड के प्रत्येक कण में विद्यमान : पंडित पंकज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

शहर से सटे दनोह-कुनाला स्थित गोपाल मंदिर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के दौरान बुधवार को कथा व्यास पंडित पंकज शर्मा ने भक्तों को ईश्वर भक्ति और श्रद्धा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ईश्वर सर्वशक्तिमान हैं और ब्रह्मांड के प्रत्येक कण में विद्यमान हैं। जब भी कोई भक्त सच्चे मन से उन्हें पुकारता है, वे स्वयं उसके समीप पहुंच जाते हैं। जरूरत केवल श्रद्धा, विश्वास और भक्ति भाव से ईश्वर को याद करने की है। पंडित शर्मा ने कहा कि भगवान की कृपा हर जीव पर बनी रहती है। उनकी कृपा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा और निष्फल है। भागवत कथा ज्ञान का वह अमृत सागर है, जो इंसान को सच्चाई, करुणा और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जो व्यक्ति इस कथा को आत्मसात करता है, उसके जीवन से बुराइयां दूर हो जाती हैं और उसे जाने-अनजाने किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। कथा श्रवण से मनुष्य के भीतर सद्गुणों का जागरण होता है और उसका जीवन ईश्वरमय बन जाता है। उन्होंने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि कलियुग में केवल भगवान के नाम का स्मरण ही मनुष्य को भवसागर से पार लगाने में समर्थ है। जो सच्चे मन से भक्ति करता है, उसे ईश्वर अवश्य मार्ग दिखाते हैं। इस अवसर पर कथा स्थल भजन-कीर्तन, मंत्रोच्चारण और श्रद्धालुओं की जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में उपस्थित संगत ने आनंद भाव से कथा श्रवण किया और भगवान की लीलाओं का भावपूर्ण अनुभव प्राप्त किया।



### श्रीमद्भागवत का महत्व

श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला आध्यात्मिक ज्ञान है। यह कथा भक्ति, करुणा और धर्म के मूल सिद्धांतों का समन्वय करती है। कहा गया है कि जो व्यक्ति भागवत कथा को मन, वचन और कर्म से सुनता है, उसे न केवल आत्मिक शांति प्राप्त होती है, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, संतुलन और सद्भाव का उदय होता है।

**आस्था** कार्तिक पूर्णिमा पर गूंजे गंगा मैया के जयकारे, श्रद्धालुओं ने निभाई दीपदान और बेड़ा छोड़ने की रस्म

# गोबिंदसागर के ऋषिकेश घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

देवभूमि हिमाचल में व्रत, उत्सव और पर्व केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि जनआस्था का जीवंत प्रतीक हैं। इसी भाव को एक बार फिर जीवंत किया गया, जब जिला बिलासपुर के गोबिंदसागर झील के पवित्र तट ऋषिकेश बोट घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालु एकत्र हुए। सुबह से ही घाट पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने गंगा मैया का आह्वान कर दीपदान और बेड़ा-पूजन किया। 'हर हर गंगे' के जयकारों और भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। झील की लहरों पर तैरते दीपों की पंक्तियां मानो आस्था के दीपोत्सव का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रही थीं।

श्रद्धालुओं ने ख्वाजा पीर की भी पूजा-अर्चना की और परंपरा के अनुसार बेड़ा छोड़ने के बाद झील का प्रतीकात्मक चक्कर लगाया, जो जीवन की पूर्णता और नव आरंभ का प्रतीक माना जाता है। स्थानीय श्रद्धालु आकांक्षा शर्मा और तृप्ता शर्मा ने बताया कि 'कार्तिक पूर्णिमा का यह पर्व अत्यंत शुभ माना जाता है। आज के दिन गंगा पूजन करने से पाप नष्ट होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।' उन्होंने कहा कि गोबिंदसागर झील के शांत जल में दीप प्रवाहित करना एक दिव्य अनुभव था। बिलासपुर शहर व आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। घाट परिसर में सुरक्षा, लाइटिंग और सफाई की विशेष व्यवस्था की गई थी। वहीं, स्वयंसेवी संस्थाओं ने चाय, प्रसाद व जल सेवा का प्रबंध किया।

कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित इस आयोजन में भजन-कीर्तन, गंगा आरती और दीपदान के दृश्य देखकर ऐसा प्रतीत हुआ मानो गोबिंदसागर स्वयं भक्तों की आस्था में झिलमिला उठा हो। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इसने बिलासपुर की सांस्कृतिक पहचान श्रद्धा, सौहार्द और अध्यात्म को एक नई ऊर्जा से भर दिया।



गोबिंदसागर झील के तट पर बेड़ा छोड़ने से पहले पूजन करती महिलाएं।

### बेड़ा छोड़ना?

**बेड़ा** छोड़ना कार्तिक पूर्णिमा का एक प्राचीन धार्मिक अनुष्ठान है, जो पापों के क्षय और नव जीवन की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालु लकड़ी या पत्तों से बने छोटे-छोटे बेड़ों में दीप, फूल, अक्षत (चावल) और नारियल रखकर जल में प्रवाहित करते हैं। मान्यता है कि यह बेड़ा व्यक्ति के जीवन की कठिनाइयों, दुखों और नकारात्मकता को अपने साथ ले जाता है और जल में विलीन होकर नई ऊर्जा और शुभता का संदेश देता है। यह परंपरा गंगा पूजन का एक महत्वपूर्ण अंग मानी जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### बग्गा (गुराड) में 33 केवी लाइन टूटने से पसरा अंधेरा

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान, धरवाला।** विद्युत उपमंडल धरवाला के अंतर्गत बग्गा गुराड नामक स्थान पर 33 केवी की लाइन टूट गई है, जिससे बग्गा धरवाला दुनाली के अंतर्गत पड़ने वाली एक दर्जन पंचायतों में बिजली बाधित रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि गनीमत यह रही कि इस लाइन के टूटने से किसी भी तरह की जान माल की हानि नहीं हुई है। उधर, उपमंडल अधिकारी मनोज कुमार का कहना है कि किसी तकनीकी खराबी के कारण समस्या पेश आई है मंगलवार शाम अंधेरा होने के कारण लाइन को उठाना मुमकिन नहीं था।

### एनएसएस कैंप में स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के दूसरे दिन आज टीबी रोग विभाग की टीम ने स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने कहा कि किसी भी बीमारी को छिपाना नहीं चाहिए और शुरुआती जांच व इलाज से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। एनएसएस प्रभारी विजय शर्मा ने बताया कि स्वयंसेवकों ने आज चौरासी परिसर स्थित धर्मराज मंदिर के आसपास सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वच्छता ही सर्वांगीण विकास की कुंजी है।

### ललित ठाकुर की लोकप्रियता से घबराया विपक्ष: हेमराज

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान, भरमौर।** एपीएमसी के अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक ललित ठाकुर एक ईमानदार छवि वाले नेता हैं और विरोधियों द्वारा उनकी छवि धूमिल करने की नाकाम कोशिश की जा रही है। यह बात जनजातीय सलाहकार समिति सदस्य एवं ग्राम पंचायत उलांसा के उपप्रधान हेमराज ने कही। हेमराज ने कहा कि लगातार तीन बार जिला परिषद सदस्य चुने जाना उनकी लोकप्रियता और ईमानदारी का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में यह दिखाया गया कि ललित ठाकुर अपने समर्थकों को टेंडर दिलवा रहे हैं, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है। वीडियो में वह साफ कह रहे हैं कि सभी ठेकेदारों को बराबर काम मिलना चाहिए, जिन्हें काम नहीं मिला उन्हें प्राथमिकता दी जाए। हेमराज ने कहा कि ललित ठाकुर ऐसे नेता हैं जो सच को सच और गलत को गलत कहने का साहस रखते हैं। उन्होंने कभी राजनीतिक भेदभाव नहीं किया और सभी के काम को समान प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष उनकी बढ़ती लोकप्रियता से घबराया हुआ है और गलत तरीके से वीडियो वायरल कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन जनता ललित ठाकुर के साथ है। हेमराज ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार फिर से दोहराई जाएगी और विरोधियों की सभी साजिशें असफल रहेंगी।

### चंबा-चुराह विवाद ने खोली कानून व्यवस्था की पोल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराधों और गिरती कानून व्यवस्था पर कड़ा प्रहार किया है। जिला चंबा के संयोजक ललित वर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जो कभी 'देवभूमि' कहलाता था, आज कानून व्यवस्था की चरमराहट से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार, ब्लैकमेलिंग, अपहरण और राजनीतिक विवादों ने हिमाचल की शांत वादियों को दहशत के माहौल में बदल दिया है। 'सरकार जुमलों में उलझी हुई है, जबकि आम नागरिक असुरक्षा के साए में जी रहा है, वर्मा ने तीखे शब्दों में कहा। अभाविप नेता ने आरोप लगाया कि सरकार अपराधों पर आंख मूंदे बैठी है। 'पालमपुर में युवती पर दिनदहाड़े हमला हो या अन्य घटनाएं सरकार का मौन अपराधियों के हौसले बुलंद कर रहा है। मुख्यमंत्री के दावे और ज़मीन पर की गई कार्रवाई में भारी अंतर है, उन्होंने कहा। चंबा-चुराह क्षेत्र में विधायक और युवती से जुड़ा विवाद वर्मा के अनुसार, इस बात का ताजा उदाहरण है कि कानून व्यवस्था पूरी तरह बिखर चुकी है। अभाविप ने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ललित वर्मा ने कहा कि हिमाचल की पहचान पवित्रता और संस्कारों से है, लेकिन आज सरकार की निष्क्रियता ने देवभूमि को शर्मसार कर दिया है। महिलाओं की सुरक्षा खोखले वादों में सीमित होकर रह गई है। अभाविप ने चेतावनी दी है कि यदि प्रदेश सरकार ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, तो परिषद प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ेगी। 'हम चुप नहीं बैठेंगे, देवभूमि की गरिमा की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरेंगे,' वर्मा ने कहा।

### सरस्वती ठाकुर प्रधान, कृष्ण को चुना सचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** दी जनहित ऋण एवं बचत सहकारी सभा सीमित नेरचौक की प्रबंधक कमेटी में रिक्त पदों प्रधान व सचिव के का चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में सरस्वती ठाकुर को सर्व समिति से प्रधान चुना गया जबकि राज्य सहकारी बैंक से सेवानिवृत मैनेजर कृष्ण चंद्र को सचिव चुना गया। नवनियुक्त प्रधान व सचिव ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद संयुक्त बयान में कहा कि सभा का उद्देश्य रोजगार सृजित करना है और ऋणियों को आसान शर्तों पर ऋण आबंटित करना है।

### टैक्सी में जीपीएस अनिवार्यता का विरोध

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर की दी सुकेत टैक्सी ऑपरेटर यूनियन ने टैक्सी वाहनों में स्पीड गवर्नर और जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस को अनिवार्य करने के सरकार के निर्णय का कड़ा विरोध जताया है। उपप्रधान जीत राम ने बताया कि इससे ऑपरेटरों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। पहले से 80 किलोमीटर स्पीड लॉक वाली गाड़ियों में भी जबरदस्ती गवर्नर लगाना और अन्य वाहनों में 6 हजार रुपए खर्च का आरोप लगाया गया। यूनियन ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो विरोध प्रदर्शन किया जाए।

### पंडोह में गुरु नानक जयंती पर लगाया अटूट लंगर

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह में गुरुद्वारा सिंह सभा पंडोह में गुरु नानक जयंती मनाई गई। गुरुद्वारा सिंह सभा के सचिव राधा कृष्ण वर्मा ने बताया कि इस साल भी पंडोह में गुरु नानक जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस शुभ अवसर पर प्रभात फेरी के माध्यम से संगत को गुरुवाणी से निहाल किया जाता है। पावन अवसर पर झंडा रस्म की जाती है और गुरु महिमा का पाठ भी किया जाता है। गुरु नानक देव जी महिमा के साथ ही गुरु जी का अटूट भंडारा रूपी प्रसाद हजारों संगत प्राप्त करती है। इस मौके पर प्रधान गुरनाम सिंह, नरेंद्र पाल वैद्य, पवन शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 'एह की होया, सुखू मोया' के नारों से गूंजा साहू

## जय सिंह बोले- 'विधायक की जनसभा में भी इतनी सुरक्षा नहीं होती जितनी मेरी नुक्कड़ सभा में थी



चंबा के साहू में प्रदर्शन करते वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह।

**अनंत ज्ञान, साहू ( चंबा )**

चंबा से 15 किलोमीटर दूर साहू बस स्टैंड बुधवार को राजनीतिक ज्वालामुखी में तबदील हो गया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह के नेतृत्व में हुए जोरदार प्रदर्शन में 'एह की होया, सुखू मोया' के नारे लगातार गूंजते रहे। माहौल इतना गर्माया कि पूरा साहू कस्बा सरकार विरोधी नारों से थर्रा उठा। जय सिंह के साथ लगभग 35 महिलाएं भी प्रदर्शन में शामिल रहीं। हालांकि, कुछ महिलाएं भारी पुलिस सुरक्षा देखकर डर के मारे बीच में ही लौट गईं।

इस पर जय सिंह ने तीखा कटाक्ष किया कि 'विधायक की जनसभा में भी इतनी सुरक्षा नहीं होती, जितनी मेरी नुक्कड़ सभा में थी। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि 'मुख्यमंत्री ने बिहार चुनाव में झूठा दावा किया कि हिमाचल में हर पात्र महिला को 1500 रुपए दिए जा रहे हैं, जबकि 28 लाख से अधिक महिलाएं आज भी पहली किस्त का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने बताया कि केवल लाहौल और चंबा की पांगी तहसील में ही एक वर्ष में एक बार सूची जारी हुई है, जबकि महिलाओं के करोड़ों रुपए सरकार के पास अटके पड़े हैं।

### जय सिंह ने बेरोजगारी को लेकर भी सरकार को घेरा

जय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने दावा किया कि युवाओं को रोजगार दिया गया है, जबकि सच्चाई यह है कि 20 लाख बेरोजगार युवाओं की फौज प्रदेश में खड़ी है। चंबा जिला बेरोजगारी में नंबर दो पर पहुंच चुका है, जहां करीब 15 हजार शिक्षित युवा बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पढ़े-लिखे युवाओं का मजाक बना दिया है कि 'जिन युवाओं ने 10वीं और 12वीं में 90 प्रतिशत तक अंक हासिल किए, उन्हें 'बिजली मित्र', 'वन मित्र' और 'पशु मित्र' बनाकर केवल 5000 रुपए मासिक पर काम में झोंक दिया गया है। वहीं, मंत्रियों के बच्चे विदेशों में पढ़ रहे हैं। एचआरटीसी की दयनीय स्थिति पर भी जय सिंह ने मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'चंबा में एचआरटीसी की 131 बसें हैं और 156 रूट संचालित हैं। इनमें से 65 'ब्लू कोड' बसें धक्के मारकर चलाई जाती हैं, जबकि 59 बसें खटारा हो चुकी हैं। चंबा डिपो को कम से कम 100 नई बसों की आवश्यकता है। इस माह 10 ब्लू बसों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।'

प्रदर्शन में कीड़ी , लग्गा ग्राम से आई महिलाओं ने भी जमकर नारे लगाए और कहा कि महिलाओं से छल, युवाओं के साथ खेल अब जनता करेगी सवाल। साहू की इस गूंज से साफ है कि चंबा की राजनीति में हलचल बढ़ने वाली है।

# चंबा जिले में गरीब महिलाओं को मिलेगा निशुल्क एलपीजी कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत अब चंबा जिले में पात्र गरीब महिलाओं को निशुल्क एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में जिला उज्ज्वला समिति का गठन कर लिया गया है, जिसकी अध्यक्षता स्वयं उपायुक्त करेंगे। यह समिति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शिता पर निगरानी रखेगी।



**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 की शुरुआत**

उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का यह तीसरा चरण 'उज्ज्वला 3.0' केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ ईंधन से खाना बनाने की सुविधा प्रदान करना है। इससे महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को भी बल मिलेगा।

उज्ज्वला 3.0 के तहत अब गृह निरीक्षण को अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि केवल वास्तविक पात्र लाभार्थियों को ही योजना का लाभ मिल सके। इस योजना के लिए वही परिवार पात्र होंगे जिनके किसी भी सदस्य के नाम पर पहले से एलपीजी कनेक्शन नहीं है। आवेदक को आवेदन के साथ केवाईसी फॉर्म, पहचान प्रमाण पत्र, पते का प्रमाण, राशन कार्ड, परिवार के सभी वयस्क सदस्यों के आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण और स्वयं घोषणा पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। उपायुक्त रेपसवाल ने आमजन से अपील की है कि पात्र परिवार इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और स्वच्छ ईंधन के प्रयोग से अपने स्वास्थ्य व पर्यावरण की रक्षा में योगदान दें।

# वन खेल एवं ड्यूटी मीट के समापन पर विजेताओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



वन विकास निगम के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) केहर सिंह खाची ने बुधवार को 26वीं राज्य स्तरीय वन खेल एवं ड्यूटी मीट-2025 के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफियां, पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

मुख्यातिथि ने कहा कि वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो विभाग की टीम भावना और अनुशासन का परिचायक है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं कर्मियों में शारीरिक स्फूर्ति और सहयोग की भावना को बढ़ावा देती हैं। केहर सिंह खाची ने बताया कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प के साथ प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। राज्य सरकार आउटसोर्स और कम वेतन भोगी कर्मियों के हित में एक ठोस नीति तैयार करने पर विचार कर रही है। इससे पूर्व प्रधान मुख्य अरण्यपाल संजय सूद ने प्रतियोगिता से जुड़ी जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर धर्मशाला वन वृत्त को ओवरऑल विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय कर्मियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। एसडीएम नागरिक चंबा प्रियांशु खाती आदि उपस्थित रहे।

### पंडोह में फोरलेन निर्माण में पड़े गड्ढे से ग्रामीणों में दहशत

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** चंडीगढ़ मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पंडोह के डयोड के पास हटौण गांव में पड़ा विशालकाय गड्ढा अब प्रति दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों की धड़कनें भी बढ़ने लगी है। लोग मानसिक रूप से बहुत परेशान हैं। मंगलवार को एसडीएम सदर और तहसीलदार सदर मौके पर पहुंचे। मगर इन्होंने भी कंपनी का ही पक्ष लेते हुए स्थानीय पीड़ितों को दरकिनार कर दिया। मगर स्थानीय प्रधान रोशनी राठौर और पुर्व प्रधान दलीप ठाकुर ने मौका पर एसडीएम को इस गड्डे और फोरलेन निर्माण कंपनी की लापरवाही की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हमारे नुकसान की भरपाई फोरलेन निर्माण कंपनी द्वारा करवाई जाए। उन्होंने कहा कि हटौण गांव पूरा कंपनी की लापरवाही के कारण आज दहशत में हैं।

# चंबा में क्रिकेट मैच खेल दिया नशा मुक्ति का संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**




नशा मुक्त युवा और स्वच्छता अभियान के तहत चंबा प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं। इसी के अंतर्गत आज पुलिस मैदान वरगाह , चंबा में नशा मुक्ति गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उपायुक्त कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आज हम यहां नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों के माध्यम से यह संदेश दे रहे हैं कि नशा छोड़कर खेल, शिक्षा और सकारात्मक सोच को अपनाना ही सच्ची प्रगति है। हमारा उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और उन्हें स्वास्थ्य, खेल तथा अच्छे संस्कारों की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने सभी से नशा मुक्त जीवन जीने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने खेल मैदान और आसपास के क्षेत्र में सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया।

# पंडोह फोरलेन निर्माण बना आफत घटिया निर्माण से धंस रहे गांव

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

किरतपुर-मनाली फोरलेन परियोजना भ्रष्टाचार, घटिया निर्माण और अव्यवस्था के चलते 9 वर्षों बाद भी अधूरी है। अव्यवस्थित और अवैज्ञानिक निर्माण की वजह से सड़क मार्ग बरसात में टिक नहीं पा रहा है, कई हिस्सों में नामोनिशान मिट गया है। मंडी से औट तक निर्माणाधीन मार्ग में पुराने राष्ट्रीय मार्ग को भी नुकसान पहुंचा, वहीं डयोड और हटौण गांव में निर्माण की लापरवाही स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरा बन गई है।

2023 में टनल के ठीक ऊपर हटौण गांव में गड्ढा पड़ा, जिससे कई परिवारों ने अपने घर खाली कर दिए। 2024 में फिर वही गड्ढा बना और अब विशालकाय गड्ढा स्थानीय लोगों के जीवन को खतरे में डाल रहा है। कंपनी की लापरवाही के कारण पूरी पहाड़ी धंस रही है। स्थानीय प्रधान रोशनी राठौर और पूर्व प्रधान दलीप ठाकुर ने कहा कि यदि फोरलेन निर्माण कंपनी और एनएचएआई समय रहते सुरक्षा और मुआवजा नहीं देंगे, तो वे परियोजना को पूरी तरह रोकने के लिए बाध्य होंगे।

घटिया निर्माण सामग्री, अव्यवस्थित डिजाइन और निगरानी की कमी से सड़क मार्ग हर साल नुकसान झेल रहा है। डयोड टनल के ऊपर गड्ढा, टूटे फ्लाईओवर और बरसात में क्षतिग्रस्त मार्ग ग्रामीणों की जान के लिए गंभीर खतरा बन गए हैं। किसानों और बागवानों को करोड़ों का नुकसान हुआ है, जबकि स्थानीय जल स्रोत और पेड़-पौधे भी परियोजना के दौरान बर्बाद किए गए। मलवा और पत्थर पंडोह डैम में डालने से जलाशय की संग्रहण क्षमता भी प्रभावित हुई।

स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास और उचित मुआवजा दिया जाए। एनएचएआई और प्रशासन मौन हैं, जबकि निर्माण कंपनी लगातार दोष छुपाने का प्रयास कर रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि परियोजना में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कमी और निगरानी की लापरवाही ही इस आपदा का मुख्य कारण है। यह मामला न केवल स्थानीय सुरक्षा, बल्कि हिमाचल की प्राकृतिक संपदा और विकास की जिम्मेदारी पर भी गंभीर सवाल खड़ा करता है।

# गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जुन देव जी जुलाहकड़ी चंबा की शान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

लोअर जुलाहकड़ी श्रद्धा, त्याग और मानव सेवा का अद्भुत संगम है। गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जुन देव जी, जो आज पूरे चंबा में सिख समाज की आस्था का केंद्र बन चुका है। गुरुद्वारा के अध्यक्ष सतनाम सिंह ने बताया कि उनके पूर्वज भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौर में जब सब कुछ पीछे छोड़कर आए, तब उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को अपने सिर पर उठाकर लाया था। उन्होंने कहा कि उस कठिन समय में हमारे पूर्वजों ने न धन को महत्व दिया, न सांसारिक सुखों को केवल गुरु की मर्यादा और श्रद्धा को सर्वोपरि रखा।



सतनाम सिंह ने बताया कि उनके पूर्वज पहले कुरुक्षेत्र में ठहरे, फिर दुनेरा और अंततः चंबा की पवित्र धरती पर आकर बस गए। उस समय सिर्फ छह सिख परिवार थे, और आज लोअर जुलाहकड़ी में करीब तीन सौ सिख परिवार भाईचारे और मेहनत के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमेशा मन में यह इच्छा थी कि चंबा में भी एक ऐसा गुरुद्वारा बने जो सबसे खूबसूरत और पवित्र हो। रब्ब ने हमारी इस अरदास को कबूल किया और आज यह गुरुद्वारा हर सिख के गर्व का प्रतीक बन गया है।

सतनाम सिंह ने आगे कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं, जो सुख मानवता की सेवा में मिलता है, वह किसी धन या पद से नहीं मिल सकता। उन्होंने संगत को गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का स्मरण करवाया। किरत करो, वंड छको, नाम जपो' अर्थात ईमानदारी से काम करो, बांटकर खाओ और प्रभु का सिमरन करो। अंत में पूरी संगत ने एक स्वर में 'बोले सो निहाल सत श्री अकाल!' के जयकारों से वातावरण को गूंजा दिया। गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जुन देव जी न केवल ईश्वर भक्ति का केंद्र है, बल्कि यह चंबा की मिट्टी में बसे सिख समुदाय की लगन, सेवा भावना और श्रद्धा का जीता-जागता प्रतीक है।

### गुराहला में धंसी सड़क बनी जी का जंजाल

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी तथा चौहार घाटी को जोड़ने वाले बरोट-घटासनी मुख्य सड़क मार्ग के बीच गुराहला नामक स्थान पर भारी बारिश के कारण पहाड़ी गिरने व डंगा धंसने से सड़क मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था। इसके चलते लोक निर्माण विभाग ने अपनी ओर से पोकलेन तथा जेसीबी मशीन से पहाड़ी की कटाई कर इस सड़क मार्ग को गत माह ही बहाल तो कर दिया है, मगर इस सड़क भाग बरोट तरफ का एक किनारा चढ़ाईदार वहां पर की गई बड़े-बड़े पत्थरों की सोलिंग बाहर निकल कर गहरे गड्डे बन गए हैं, जिस कारण वहां से गुजरने वाले खासकर चार पहिए वाले छोटे वाहनों को भारी परेशानी हो रही है। जयचंद, बलदेव सिंह, राज कुमार, दान सिंह आदि का कहना है कि बरोट से निचले क्षेत्रों कोई और जाते समय उस सड़क भाग के पहले किनारे में ही चढ़ाई वाला भाग बना हुआ है, जिस कारण वहां से चढ़ाईदार भाग से गुजरने पर उनके छोटे वाहनों की बॉडी सड़क भाग छू जाती है, जिस कारण छोटे वाहनों को आवाजाही करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा। इन सभी छोटे वाहन चालकों ने लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि उस किनारे में चढ़ाई वाले भाग को समतल किया।

# मंडी में मांडव्य उत्सव की धूम, शोभायात्रा निकाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी के नाम से विख्यात छोटीकाशी मंडी का द्वितीय मांडव्य उत्सव राजदेवता माधोराय और मंडी नगर के अधिष्ठाता बाबा भूतनाथ के मंदिरों में पूजा अर्चना, ऐतिहासिक मांडव शीला के पास हवन और उपायुक्त मंदिर परिसर से छोटा पड्डल मैदान तक भव्य शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। नगर निगम मंडी द्वारा आयोजित किए जा रहे इस पांच दिवसीय मांडव्य उत्सव के शुभारंभ अवसर पर महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने राजदेवता माधोराय व बाबा भूतनाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना की। वहीं पर धर्मसंघ भूत नाथ मंदिर मंडी की ओर से मांडव्य महोत्सव के अवसर पर मांडव्य शीला की पूजा अर्चना की, इससे पहले विश्व शांति एवं जन कल्याण हेतु हवन-यज्ञ किया गया।

इस यज्ञ पाठ और पूजा में मंडी नगर निगम के मेयर वीरेंद्र भट्ट शर्मा एवं पार्षदगण, प्रो. अनुपमा सिंह, धर्म संघ भूत नाथ मंदिर मंडी के अध्यक्ष भीम चंद सरोच, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश वैद्य, उपाध्यक्ष, आरके शर्मा, प्रकाश कश्यप, मुख्य सलाहकार डा.ओम राज शर्मा, अनिल सेन, नरेंद्र कुमार चोपड़ा, प्रकाश चंद शर्मा, खेमराज गुप्ता, महेंद्र पाल राणा, मुरारी लाल शर्मा, रेवती शर्मा, करतार सिंह राणा, अमर सिंह गुलेरिया, शमशेर सिंह मिन्हास, पारस अरोरा, मदन लाल शर्मा, नरेश धीमान,रणजीत सिंह राणा, प्रदीप शर्मा, आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम उपरांत पड्डल मेले में प्रसाद वितरण भी किया।



मांडव्य उत्सव के शुभारंभ पर माधोराय के मंदिर में पूजा-अर्चना करते मेयर

वहीं, पर इस पांच दिवसीय मांडव्य उत्सव छोटी काशी-2025 उपायुक्त परिसर से चौहटा बाजार होते हुए समखेतर बाजार, बालक रूपी , भूतनाथ बाजार से वापस सेरी मंच के पास पहुंची। जहां ऐतिहासिक सेरी चानणी में शोभायात्राा में भाग लेने वाले सांस्कृतिक दलों, स्कूली बच्चों और पुलिस बैंड द्वारा अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।नगर निगम के आयुक्त रोहित राठौर ने बताया कि इन सांस्कृतिक झांकियों मूल्यांकन के लिए निर्णायक मंडल का गठन किया गया, जिसमें निर्णायक की भूमिका में जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी, लोक गायिका कृष्णा ठाकुर, एपीआरओ मंडी विनोद वर्मा मौजूद रहे। इस शोभायात्रा में मंडी जिला की बहुत सारी पाठशालाओं, महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्थानीय सांस्कृतिक संस्थानों व पुलिस बैंड ने लोक संस्कृति की शानदार झलकियों संग शिरकत की। जिसमें निर्णायकों के अनुसार इंडस ग्लोबल स्कूल मंडी की झांकी को प्रथम स्थान मिला। जबकि दूसरे स्थान पर पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी और सरस्वती विद्यामंदिर मंडी की झांकी तीसरे स्थान पर रही। निगम के आयुक्त रोहित राठौर ने बताया कि नगर निगम का प्रयास है कि मांडव्य उत्सव के बहाने मंडी की लोक संस्कृति, लोक जीवन और पारंपरिक झलक प्रदेश ही नहीं अपितु राष्ट्रीय स्तर पर हो सके।

**आक्रोश** सुंडला में सीटू इकाई का दूसरा सम्मेलन संपन्न

# सरकार की वर्कर-विरोधी नीतियों के खिलाफ मिड-डे मील वर्करों ने भरी हुंकार

**अनंत ज्ञान, सुंडला**

मिड-डे मील वर्कर यूनियन से संबंधित सीटू इकाई सुंडला का दूसरा सम्मेलन बुधवार को भलेई माता मंदिर परिसर में धूमधाम से संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विपन कुमार ने की, जबकि जिला सचिव सरोज कुमारी और कियानी ब्लॉक अध्यक्ष कौशल्या देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीटू जिला उपाध्यक्ष विपिन शर्मा ने किया। उन्होंने मिड-डे मील वर्करों की दुर्दशा के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि 'उच्च न्यायालय द्वारा मिड डे मील वर्करों को 12 माह का वेतन देने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन सरकार इसे लागू करने के बजाय सुप्रीम कोर्ट में चली गई, जो सरकार की वर्कर-विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।' विपिन शर्मा ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा 25 बच्चों की शर्त लगाकर वर्षों से सेवाएं दे रहे वर्करों को बेरोजगार करना न केवल अनुचित है बल्कि संवेदनहीनता का परिचायक भी है।



सीटू इकाई सुंडला में सम्मेलन के दौरान उपस्थित विपन कुमार व अन्य।

सम्मेलन में वर्करों ने संगठन को मजबूत करने और सरकार से अपनी मांगों को मनवाने के लिए संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर 25 सदस्यीय नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया, जिसमें अंजू कुमारी को प्रधान, विपन कुमार को सचिव तथा मीनू को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा कुलदीप, आंचल और लाजम सिंह को उपप्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। सम्मेलन में कुल 77 वर्करों ने भाग लिया और एकजुटता का परिचय देते हुए अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प दोहराया।

**व अदालत अधिशाषी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.।**
**मिसल न. ना./2025**
**तारीख पेशी 8-12-2025**

मुकद्दमा इन्द्राज जन्म
प्रार्थना पत्र प्रार्थी बृज लाल पुत्र अन्नत राम निवासी गांव व डाकघर सकौट, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि. प्र. ......प्रार्थी पक्ष

**बनाम** **आम जनता**

**बिषय:-** प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।

**अखवारी इश्तेहार बनाम आम जनता**

उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थी बृज लाल पुत्र अन्नत राम निवासी गांव व डाकघर सकौट, तहसील नगरोटा बगवां ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थी बृज लाल का जन्म दिनांक 05-3-1970 को हुआ था। लेकिन अज्ञानतावश प्रार्थी बृज लाल अपनी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत भाटी में दर्ज नहीं करवा सका प्रार्थी बृज लाल अपनी जन्म तिथि 05-03-1970 को ग्राम पंचायत भाटी में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र के सन्दर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथि 05-03-1970 को ग्राम पंचायत भाटी के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो बह असालतन या बकालतन इस अदालत में दिनांक 08-12-2025 को दोपहर बाद 2.00 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यावाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज काबिले-ए-समायत न होगा। आज दिनांक 04-11-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर कार्यालय से जारी हुआ।

**अधिशाषी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

**कठोर** वचन तुम्हारे शरीर को भेद नहीं सकते। अगर कोई आपके बारे में बुरा बोलता है, तो बस बेफिक्र, होकर चलते रहें।

–साईं बाबा

## संपादकीय

# बच्चों की पिटाई चिंतनीय

हिमाचल प्रदेश में सरकारी स्कूलों से जो खबरें इन दिनों सामने आ रही हैं, वे किसी भी संवेदनशील समाज को झकझोर देने के लिए काफी हैं। शिमला, चंबा और अब सोलन–तीनों जिलों में बच्चों पर शिक्षकों की बेरहमी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सोलन के सरकारी स्कूल में एक शिक्षक ने एक बच्चे को लोहे के स्केल से पीट–पीटकर लहूलुहान कर दिया। पिटाई इतनी क्रूर थी कि बच्चा खिड़की से जा टकराया और उसके सिर पर गहरी चोट लगी। सबसे दुखद बात यह रही कि घायल बच्चे को अस्पताल तक नहीं ले जाया गया। अभिभावकों ने जब पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, तब जाकर मामला सामने आया। यह घटना हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था में गहराई तक पैठ चुकी संवेदनहीनता और क्रूरता का आईना है।

यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर शिक्षक ऐसा क्यों कर रहे हैं? क्या यह उनके भीतर का गुस्सा है जो बच्चों पर निकल रहा है, या फिर यह अच्छे रिजल्ट लाने के सरकारी दबाव का नतीजा है? हाल ही में प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को सख्त आदेश दिए हैं कि वे विद्यार्थियों का रिजल्ट सुधारें। नतीजतन कई शिक्षक अपने कर्तव्य और दबाव के बीच संतुलन खो चुके हैं। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को ज्ञान, अनुशासन और नैतिकता की ओर ले जाना है, न कि उन्हें डर और दर्द के सहारे पढ़ाना, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिनके कंधों पर बच्चों के भविष्य की नींव मजबूत करने की जिम्मेदारी है, वही कभी–कभी उनके आत्मविश्वास और सुरक्षा की दीवार गिरा रहे हैं।

पढ़ाई के लिए बच्चों को पीटना न केवल अवैध है, बल्कि यह बच्चों के अधिकारों का भी खुला उल्लंघन है। भारत ने बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम (2005) और बच्चों के प्रति शारीरिक दंड निषेध जैसे नियम बनाए हैं, जिनमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि किसी भी छात्र को शारीरिक या मानसिक प्रताड़ना देना अपराध है। फिर भी हिमाचल जैसे शिक्षित राज्य में यह मानसिकता बनी रहना चिंताजनक है। कभी कहा जाता था कि शिक्षक भगवान का रूप होता है, परंतु जब वही शिक्षक हिंसा का पर्याय बनने लगे तो यह शिक्षा प्रणाली की आत्मा के लिए खतरे की घंटी है। एक बच्चे को मारकर शिक्षक शायद उसे कुछ देर के लिए चुप करा सकता है, लेकिन उसके मन में जो डर और अविश्वास का बीज बो देता है, वह जीवनभर नहीं मिटता। ऐसे बच्चे न केवल पढ़ाई से दूर होते हैं, बल्कि उनमें समाज और व्यवस्था के प्रति नफरत भी घर कर लेती है।

माता–पिता अपने बच्चों को स्कूल इसलिए भेजते हैं कि वहां वे सुरक्षित माहौल में सीखें, बढ़ें और आत्मविश्वास से भरें, लेकिन जब वही स्कूल हिंसा का अड्डा बन जाए, तो बच्चों के साथ–साथ अभिभावकों का भी भरोसा टूट जाता है। शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी है कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से ले और दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई करे। सिर्फ निलंबन या चेतावनी से बात नहीं बनेगी; यदि दोष सिद्ध हो जाए तो ऐसे शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त करना चाहिए ताकि यह संदेश जाए कि बच्चों के साथ हिंसा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सवाल यह भी उठता है कि आखिर शिक्षकों को ऐसे कदम उठाने की नौबत क्यों आ रही है? क्या हमारे स्कूलों में शिक्षकों पर काम का बोझ बढ़ गया है? क्या प्रशासनिक दबाव ने उन्हें संवेदनहीन बना दिया है? या फिर यह प्रशिक्षण की कमी का परिणाम है? वास्तविकता यह है कि हिमाचल के अधिकांश सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को बार–बार रिपोर्टिंग, सर्वेक्षण और गैर–शैक्षणिक कार्यों में उलझा दिया गया है। वे पढ़ाई पर पूरा ध्यान नहीं दे पाते और जब परिणाम कमजोर आते हैं तो उन्हें फटकार सुननी पड़ती है। ऐसे में कुछ शिक्षक अपना तनाव बच्चों पर उतारते हैं। यह न केवल अनैतिक है बल्कि बच्चों के अधिकारों का हनन भी है। यह भी जरूरी है कि शिक्षा विभाग इस पूरी समस्या को केवल अनुशासनात्मक दृष्टि से न देखे, बल्कि इसके पीछे के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी समझे। शिक्षकों को समय–समय पर मानसिक स्वास्थ्य और बाल मनोविज्ञान से जुड़ी ट्रेनिंग दी जानी चाहिए ताकि वे बच्चों के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर सकें। बच्चों को भी यह बताया जाना चाहिए कि वे अगर स्कूल में किसी तरह की हिंसा का शिकार हों, तो उसकी शिकायत करने में हिचकिचाएं नहीं।

आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। अगर वे स्कूल के अंदर ही डर और असुरक्षा महसूस करने लगेंगे, तो वे किस आत्मविश्वास से आगे बढ़ पाएंगे? बच्चे की आंखों में शिक्षक का डर नहीं, बल्कि सम्मान होना चाहिए। यह सम्मान तब पैदा होता है जब शिक्षक अपने व्यवहार से आदर्श प्रस्तुत करता है। एक अच्छा शिक्षक वही होता है जो बच्चे को गलतियों से सीखने का अवसर दे, न कि उन गलतियों की सजा उसके शरीर पर उतारे। समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। अभिभावक, शिक्षण संस्थाएं, स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग–सभी को मिलकर इस अमानवीय प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### स्वतंत्र भारत के प्रथम मुख्य न्यायाधीश


**हीरालाल** जेकिसुनदास कनिया का जीवन भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में एक अत्यंत महत्वपूर्ण अध्याय है। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम मुख्य न्यायाधीश थे, जिन्होंने 26 जनवरी 1950 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के समय पदभार ग्रहण किया।



हीरालाल जे. कनिया
जन्म : 3 नवंबर,1890
मृत्यु : 6 नवंबर, 1951

सर हीरालाल जे. कनिया ने अपने न्यायिक करियर में निष्पक्षता, ईमानदारी और न्याय के प्रति समर्पण का आदर्श प्रस्तुत किया। वे अपने कड़े अनुशासन और गहरी कानूनी समझ के लिए प्रसिद्ध थे। जब भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, उसी दिन उन्होंने भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के समक्ष शपथ ली और भारत के पहले मुख्य न्यायाधीश बने। उनके नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने प्रारंभिक वर्षों में कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए, जिनसे न्यायिक व्यवस्था की नींव मजबूत हुई।

एचजे कनिया ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सर्वोपरि माना। उनका मानना था कि लोकतांत्रिक प्रणाली की सफलता के लिए न्यायपालिका का निष्पक्ष और स्वतंत्र रहना आवश्यक है। उन्होंने यह भी सुनिश्चि किया कि संविधान के प्रावधानों का सम्मान करते हुए न्यायालय आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करे। योगदान ने भारतीय न्यायिक प्रणाली की नींव को दृढ़ बनाया। 6 नवंबर 1951 को नई दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से उनका अचानक निधन हो गया। ■



कविता

अनंत ज्ञान

## भोर

विवेक शर्मा, गांव यान्वीं, डाकघर धमरोल, त. भोरंज, जिला हमीरपुर

**उठ** जाग प्राणी भोर भई, बड़े कदम मंजिल की ओर।
कर्णों में सुनी मधुर कलोल, चल रे पंछी भोर भई।
करत क्रीड़ा शाखा नीलकंठी, कभी इस डाल कभी उस डाल।
छम छम बाजत पेन्झनियां, सुनी सुनी मोहित भयो मन।
उठ रे सुहागिन करत झाड़ू–पौंछा,
दिन–रात सुंदर भयो आंगन चूल्हा चौका री
बूटा तुलसी मात कर पूजा,
आठों पहर जले धूप दीप अखंड ज्योति
उठ रे प्राणी भोर भई, धो ले मैल मन का रे
अज आवत धरा पे श्याम, नटखट घनश्याम,
उठ जाग प्राणी भोर भई।

# हिमाचल प्रदेश के सैन्य बलिदान से बचा है लद्दाख का वजूद

चौबीस सितंबर 2025 को भारत का केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख अचानक सुर्खियों में आया, जब वहां हिंसक भीड़ ने आगजनी व तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया, मगर यदि जम्मू–कश्मीर तथा लेह–लद्दाख भारत के मानचित्र पर सुशोभित हैं तो इसके लिए वीरभूमि हिमाचल के शूरवीर सैनिकों ने अपने सर्वोच्च बलिदान दिए हैं।



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सन् 1834 के दौर में लद्दाख में बौद्ध रियासत की हुकूमत थी। उस वक्त जम्मू–कश्मीर के महाराजा गुलाब सिंह के सिपाहसालार तथा हिमाचल के शूरवीर जरनैल जोरावर सिंह कहलूरिया ने लेह–लद्दाख को फतह करके जम्मू–कश्मीर की डोगरा रियासत का हिस्सा बना दिया था। तकसीम–ए–हिंद के बाद भारतीय सशस्त्र सेनाओं का भी विभाजन हुआ था। पाक सेना में जाने वाले सैन्य अफसरों के लिए छह अगस्त 1947 को नई दिल्ली में एक विदाई पार्टी रखी। एडमिरल माउंटबेटन, फील्ड मार्शल औचिनलेक व जनरल करियप्पा जैसे गणमान्य व्यक्ति उस विदाई भोज में शामिल थे। विदाई पार्टी में जनरल करियप्पा ने कहा कि 'हमने इतने वर्ष इकट्ठे सेना में कार्य किया तथा विश्व युद्ध लड़े। उम्मीद है कि अलग होने के बाद भी ये भावनाएं बनी रहेंगी।' पाक सेना की तरफ से ब्रिगेडियर एएम रजा ने कहा कि मैं भारतीयों को विश्वास दिलाता हूं कि जब भी जरूरत होगी हम सदैव भारत के साथ रहेंगे, लेकिन वक्त ने करवट ली और पाक हुक्मरानों ने विभाजन के तुरंत बाद जम्मू–कश्मीर रियासत पर हमले की रणनीति के लिए पाकिस्तान के गुजरात में 'आजाद कश्मीर' नाम से एक सैन्य मुख्यालय स्थापित कर दिया। विभाजन से पूर्व 'आजाद हिंद फौज' के सैनिक रहे मेजर जनरल 'मोहम्मद जमान कियानी' उसके कमांडर तथा ब्रिगेडियर 'राजा हबीबु रहमान' उप कमांडर थे। हबीबु रहमान नेता जी सुभाष चंद्र बोस के सबसे खास सहयोगी थे तथा नेता जी के जीवन के अंतिम क्षणों में 'ताइपे' तक भी साथ थे। जम्मू के 'चिब' राजपूत खानदान से ताल्लुक रखने वाले हबीबु रहमान ने कश्मीर पर हमले का एक बड़ा मंसूबा तैयार करके 'भिम्बर' को फतह करने में एक बड़ा किरदार अदा किया था। आखिर पाक सेना ने हजारों पश्तून लड़ाकों के साथ मिलकर 22 अक्तूबर 1947 के दिन कश्मीर पर हमला कर दिया था। जम्मू कश्मीर रियासत की सेना पाक हमले से निपटने में असमर्थ थी। कश्मीर के भारत में विलय के लिए महाराजा हरि सिंह द्वारा 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्शेसन' पर दस्तखत होने के बाद 27 अक्तूबर 1947 को भारतीय सेनाएं कश्मीर में पहुंचने लगीं। कश्मीर पर कब्जा



करने के लिए पाक सेना ने टाईगर फोर्स, आईबेक्स फोर्स व एस्किमो फोर्स जैसे सैन्य दस्ते तैयार करके उनमें कबायली लड़ाकों के अलावा ज्यादातर उन सैनिकों व अफसरों को शामिल किया था जो जम्मू–कश्मीर रियासत की फौज से गद्दारी करके पाक सेना में जा मिले थे। पाक सिपहसालारों ने लेह लद्दाख पर कब्जा करने का जिम्मा 'एस्किमो फोर्स' को देकर उसकी कमान कैप्टन हसन खान व शाह खान को सौपीं थी। सन् 1948 के शुरू में हजारों पाक सैन्य दस्तों ने स्कर्दू से कारगिल के रास्ते लद्दाख पर कब्जा करने की कोशिश की, लेकिन उससे पूर्व भारतीय सेना की 'द्वितीय डोगरा रेजिमेंट' के हिमाचली शूरवीर लाहौल निवासी मेजर 'ठाकुर पृथी चंद' व मेजर खुशाल ठाकुर तथा सूबेदार भीम सिंह ठाकुर ने अपने कुछ सैनिकों के साथ 25 फरवरी 1948 को जोजिला दर्रे को पार करके आठ मार्च 1948 को लद्दाख में तिरंगा फहरा दिया था। मेजर पृथी चंद ठाकुर ने लद्दाख के स्थानीय युवाओं की वालंटियर भर्त्ती शुरू की तथा उस सैन्य दल को 'नुब्रा गाड्र्स' नाम दिया था। सूबेदार भीम सिंह के नेतृत्व में नुब्रा गाड्र्स को 'गुरिल्ला युद्ध' का प्रशिक्षण दिया गया। सेना के प्रति युवाओं का उत्साह इस कदर बढ़ा कि लद्दाख का सत्रह वर्षीय बालक 'चेवांग रिंचिन' भी नुब्रा गाड्र्स में भर्ती हो गया। नुब्रा गाड्र्स ने लद्दाख में हजारों फुट ऊंची 'लामा' चौकी पर मोर्चा संभाल चुके पाक लश्कर पर जोरदार हमला करके पाक फौज के मंसूबे खाक में मिला दिए तथा लद्दाख के वियांगडांगो पर हमला करके शत्रु के हथियार छीन लिए थे। 'चेवांग रिंचिन' को सेना ने 'महावीर चक्र' से अलंकृत किया था। नुब्रा गाड्र्स की मदद से मेजर खुशाल ठाकुर ने 'खाल्टसी पुल' पर कई दिनों तक मोर्चा संभालकर कबायली हमले को नाकाम किया था। 1947–48 के पाक हमले से लेह लद्दाख को बचाने में सफल नेतृत्व व शूरवीरता का परिचय देने वाले मेजर पृथी चंद व मेजर कुशाल ठाकुर दोनों भाईयों को भारत सरकार ने 'महावीर चक्र' प्रदान किए थे तथा उनके चाचा सूबेदार भीम सिंह ठाकुर को 'वीर चक्र' से दो बार नवाजा था।


उसी युद्ध में लाहौल–स्पीति के नायक 'तोबगे' को भी 'वीर चक्र ' दिया था। उसी नुब्रा गाड्र्स ने 1962 की जंग में 'जम्मू–कश्मीर मिलिशिया' के रूप में चीन को मुंहतोड़ जबाब दिया था। 27 अक्तूबर 1962 को लद्दाख के महाज पर कई चीनी सैनिकों को हलाक करके बलिदान हुए कुल्लूइ के हवलदार 'स्टेंजिन फुंचोक' 'महावीर चक्र' उसी मिलिशिया फौज का हिस्सा थे। 1962 की जंग में चेवांग रिंचिन को भी 'सेना मेडल' से नवाजा गया था। 1971 की जंग में कारगिल के तुर्तुक में पाक सेना पर हमला करके वहां चौकी पर कब्जा करने में अहम रोल निभाने के लिए सेना ने 'चेवांग रिंचिन' को दोबारा 'महावीर चक्र ' से सम्मानित किया था। ठाकुर पृथी चंद की दूरदर्शी सोच वही नुब्रा गाड्र्स वर्तमान में भारतीय सेना में 'लद्दाख स्काउट्स' बन चुका है। चेवांग रिंचिन सन् 1984 में इसी 'लद्दाख स्काउट्स' से कर्नल रैंक में सेवानिवृत्त हुए थे।

बहरहाल, आजादी के बाद लेह लद्दाख की सरजमीं पर सर्वप्रथम तिरंगा फहराने का श्रेय लाहौल–स्पीति के ठाकुरों को जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# बढ़ता प्रदूषण हमारे अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा बन रहा


प्रदूषण आज हमारे अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। यह हमारी जीवनशैली, स्वास्थ्य और प्राकृतिक संतुलन को नष्ट कर रहा है। मनुष्य ने अपनी सुविधा के लिए विज्ञान और तकनीक का उपयोग तो किया, परंतु उसकी कीमत उसने प्रकृति को दूषित करके चुकाई।



वीरेन्द्र शर्मा वात्स्यायन
लोअर अरनियाला, ऊना

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

कभी स्वच्छ वायु, निर्मल जल और हरियाली से भरी पृथ्वी अब प्रदूषित गैसों, रसायनों और कचरे से भर गई है। यह स्थिति आने वाली पीढ़ियों के लिए एक गंभीर संकट का संकेत दे रही है। आज शहरों में सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। लोग सुबह की ताजी हवा की जगह धुएं और धूल से भरी हवा में जीने को मजबूर हैं। वायु में कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों की मात्रा लगातार बढ़ रही है। इनसे न केवल सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं, बल्कि धरती का तापमान भी लगातार बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग और ओजोन परत में छेद इसी का परिणाम हैं। हमारे देश में प्रदूषण के कारण हर साल लाखों लोगों की असमय मृत्यु हो रही है। जल प्रदूषण की स्थिति भी उतनी ही भयावह है। नदियां, तालाब और झीलें जो कभी जीवन का आधार थीं, आज गंदे नालों और औद्योगिक कचरे का केंद्र बन गई हैं। कारखानों से निकलने वाला रासायनिक अपशिष्ट बिना उपचार के सीधे नदियों में बहा दिया जाता है। इससे न केवल जल पीने योग्य नहीं रहता बल्कि जलीय जीव भी मरने लगते हैं। मछलियां, मेंढक और अन्य प्राणी अपनी प्राकृतिक आवास खो रहे हैं। इसी प्रकार खेतों में इस्तेमाल होने वाले कीटनाशक और रासायनिक उर्वरक मिट्टी की उर्वरता नष्ट कर रहे हैं। धीरे–धीरे यह विष हमारे अन्न और पानी के माध्यम से



हमारे शरीर में प्रवेश कर रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि मनुष्य स्वयं अपने जीवन के विरुद्ध खड़ा हो गया है।

ध्वनि प्रदूषण भी आज एक बड़ी समस्या बन चुका है। वाहनों के हॉर्न, लाउडस्पीकर, मशीनों और निर्माण कार्यों का शोर हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। लगातार तेज आवाजों के बीच रहने से चिड़चिड़ापन, नींद की कमी और श्रवण शक्ति में कमी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। प्रदूषण के इस दौर में जीव–जंतुओं का जीवन भी कठिन हो गया है। जंगलों की कटाई ने अनेक प्रजातियों को विलुप्ति की कगार पर पहुँचा दिया है। पक्षियों का कलरव अब शहरों से गायब होता जा रहा है।

यह सब केवल हमारी असंवेदनशीलता का परिणाम है। हम विकास की दौड़ में इतने आगे निकल गए कि हमने यह भूल गए कि हमारा अस्तित्व प्रकृति पर ही निर्भर है। यदि वायु, जल और भूमि शुद्ध नहीं रहे तो जीवन का कोई अर्थ नहीं बचेगा।

प्रदूषण से बचने के लिए केवल सरकारी नीतियां पर्याप्त नहीं हैं। जब तक आम नागरिक इसमें भागीदारी नहीं निभाएंगे, तब तक कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा। हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। घरों से निकलने वाला कचरा खुले में न फेंकें, गाड़ियों का सीमित उपयोग करें और पेड़ों की कटाई रोकें। प्रत्येक व्यक्ति को हर वर्ष कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उद्योगों को अपने अपशिष्ट जल का उचित निपटान करना चाहिए ताकि वह नदियों में न मिले।

स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना आज की आवश्यकता है। कोयले और पेट्रोलियम पर निर्भरता घटाकर हमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और बायोगैस जैसी वैकल्पिक ऊर्जा को अपनाना होगा। सीएनजी और एलपीजी जैसे ईंधनों का उपयोग भी वायु को स्वच्छ रखने में सहायक होगा। स्कूलों और कॉलेजों में पर्यावरण शिक्षा को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए ताकि बच्चों में बचपन से ही प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# गिरिपार के युवाओं के लिए पथप्रदर्शक बन रहे ले. कर्नल जगत सिंह चौहान

देश सेवा और समर्पण की भावना जब किसी व्यक्ति के भीतर बचपन से ही बस जाती है, तो वह व्यक्ति समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाता है। ऐसी ही एक प्रेरणादायक शख्सियत हैं लेफ्टिनेंट कर्नल जगत सिंह चौहान, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के शिलाई क्षेत्र के दुर्गम गांव लोजा–मानल (कुजनल) से निकलकर भारतीय सेना में कर्नल जैसे उच्च पद तक पहुंचकर एक मिसाल कायम की है।



ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

उनका जन्म सन् 1974 में एक सामान्य परिवार में हुआ। पिता धग्गू राम चौहान और माता चाननो चौहान ने अपने बेटे में देशभक्ति और मेहनत की भावना बचपन से ही रोप दी थी। कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद जगत सिंह चौहान ने कभी हार नहीं मानी। बचपन से ही उनका सपना था कि वह देश की रक्षा के लिए वर्दी पहनें, और यही सपना उनकी जीवन यात्रा का मार्गदर्शन बना। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने अपने गांव लोजा से प्राप्त की। आगे की पढ़ाई क्रमशः हल्लाह, नैनिधार और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोरग से पूरी की। शिक्षा के प्रति उनकी लगन और अनुशासन ने उन्हें हमेशा अलग पहचान दी।

1992 में उन्होंने मात्र 18 वर्ष की आयु में भारतीय सेना में भर्ती होकर अपने जीवन का नया अध्याय शुरू किया। उस समय गिरिपार क्षेत्र से सेना में युवाओं की भागीदारी बहुत कम थी, लेकिन उन्होंने इस सोच को बदला और यह दिखाया कि कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

चौहान ने सेना में एक सिपाही के रूप में अपने करियर की शुरुआत की, लेकिन उनके अंदर कुछ बड़ा करने की चाह थी। अपनी सेवाकाल के दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और निरंतर मेहनत करते हुए 1999 में भारतीय सैन्य अकादमी,



देहरादून से कमीशन प्राप्त कर लेफ्टिनेंट बने। इस सफलता ने साबित किया कि दृढ़ निश्चय और लगन से व्यक्ति किसी भी ऊंचाई तक पहुंच सकता है। अपनी 33 वर्षों की लंबी सेवा अवधि में उन्होंने देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया और हर जगह अपने अनुशासन, निष्ठा और नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया।

उनकी सेवाओं को देखते हुए उन्हें अनेक बार प्रशंसा पत्र और सम्मान प्राप्त हुए। सबसे गर्व का क्षण वह था जब उन्हें संयुक्त राष्ट्र मिशन में 2014 से 2016 तक सेवा देने का अवसर मिला। इस अंतरराष्ट्रीय मिशन में उन्होंने न केवल भारत का नाम ऊंचा किया, बल्कि विश्व शांति में भी अपना योगदान दिया। उनकी सराहनीय सेवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया गया।

चौहान का परिवार भी देश सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहा है। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मोनिका चौहान एक समर्पित शिक्षिका हैं जो समाज में शिक्षा की अलख जगा रही हैं। उनके बड़े बेटे रजत चौहान ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला से कानून की पढ़ाई पूरी की और अब दिल्ली हाई कोर्ट में वकालत कर रहे हैं। वहीं उनके छोटे बेटे विवेक चौहान ने अपने पिता की सैन्य परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यूपीएससी परीक्षा पास की और वर्तमान में भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। ये उपलब्धियां पूरे गिरिपार क्षेत्र के लिए गर्व का विषय हैं।

आजकल लेफ्टिनेंट कर्नल जगत सिंह चौहान को रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की एनसीसी कंपनी, नाहन में कमांडिंग ऑफिसर के रूप में तैनात किया है। यहां वे युवा कैडेटों को अनुशासन, निष्ठा और देशप्रेम का पाठ पढ़ा रहे हैं। कर्नल जगत सिंह चौहान का कहना है कि 'अगर व्यक्ति के भीतर ईमानदारी, मेहनत और देशसेवा का जज़्बा हो, तो कोई ताकत उसे सफलता से रोक नहीं सकती।' उनके मार्गदर्शन में आज गिरिपार क्षेत्र के सैकड़ों युवा भारतीय सेना और अन्य सरकारी सेवाओं में कार्यरत हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# हिमाचल की राजनीति : 'पांच साल तेरे, पांच साल मेरे' की परंपरा कब टूटेगी?

हिमाचल प्रदेश की राजनीति हमेशा से अपने विशेष चरित्र के लिए जानी जाती है। यह छोटा–सा पहाड़ी राज्य जहां संस्कृति, सौहार्द और सादगी के लिए प्रसिद्ध है, वहीं इसकी राजनीति में 'पांच साल तेरे, पांच साल मेरे' की परंपरा अब एक अलिखित नियम बन चुकी है। हर विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता परिवर्तन होना जैसे जनता के डीएनए में समा गया है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर क्यों कोई भी सरकार लगातार दोबारा जनता का विश्वास नहीं जीत पाती? क्या यह मतदाता की आदत बन गई है या फिर यह राजनीतिक नेतृत्व की अक्षमता का प्रतिबिंब है?



शिशु गुप्ता
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

दरअसल, सत्ता में आने के बाद अधिकांश नेता जनता से दूरी बना लेते हैं। चुनावी घोषणाओं में जो जोश, संवेदनशीलता और उत्साह दिखता है, वह सत्ता प्राप्ति के साथ ही समाप्त हो जाता है। नेताओं का ध्यान विकास कार्यों की बजाय पदों की राजनीति, गुटबाजी और अपनी छवि चमकाने में लग जाता है। जनता की बुनियादी जरूरतें–सड़क, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार–प्राथमिकता सूची में कहीं पीछे छूट जाती हैं। नतीजा यह होता है कि पांच साल बाद जनता को कोई ठोस बदलाव नजर नहीं आता और वह विकल्प तलाशने के लिए मजबूर हो जाती है।

यह भी एक कटु सत्य है कि हिमाचल की राजनीति व्यक्तित्व आधारित हो गई है, विचारधारा आधारित नहीं। पार्टियों के बीच नीतिगत अंतर कम होता जा रहा है, जबकि नेताओं के बीच व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं बढ़ रही हैं। सत्ता में आने के बाद राजनीतिक दल शासन चलाने की बजाय अगले चुनाव की रणनीति बनाने में जुट जाते हैं। यही कारण है कि राज्य के विकास की रफ्तार ठहर जाती है। जनता को फिर लगता है कि नई सरकार शायद कुछ बेहतर करेगी और इस तरह सत्ता का झूला हर पांच साल बाद झूलता रहता है। केंद्र सरकार की योजनाएं और नीतियां चाहे कितनी भी प्रभावी क्यों न हों, यदि उनका सही



क्रियान्वयन नहीं होता, तो उसका लाभ जनता तक नहीं पहुंचता। हिमाचल जैसे पहाड़ी प्रदेश में विकास की चुनौतियां भिन्न हैं–यहां सड़क बनाना, स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना या रोजगार के अवसर सृजित करना आसान नहीं। इसके बावजूद, यदि नेता जनसमस्याओं को प्राथमिकता दें, तो परिवर्तन असंभव नहीं लेकिन अफसोस यह है कि अधिकांश नेता चुनाव जीतने के बाद केवल औपचारिक कार्यक्रमों और भाषणों तक सीमित रह जाते हैं। प्रदेश की राजनीति को सबसे ज्यादा नुकसान गुटबंदी और चाटुकार संस्कृति ने पहुंचाया है। हर पार्टी में कुछ चेहरे ऐसे हैं जो संगठन को अपने निजी हितों की पूर्ति का माध्यम बना लेते हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनभावनाओं का उपयोग सिर्फ चुनावी समय पर किया जाता है। चुनाव खत्म होते ही वही कार्यकर्ता उपेक्षित कर दिए जाते हैं। इससे संगठनात्मक ऊर्जा कमजोर पड़ जाती है, और जनता के बीच पार्टी की पकड़ ढीली होने लगती है।

हिमाचल की जनता जागरूक है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। वह किसी भी नेता को आंख मूंदकर दोबारा मौका नहीं देती। जनता अब काम देखती है, नीयत देखती है। लेकिन अब वक्त यह सोचने का है कि अगर हर बार सत्ता परिवर्तन ही होता रहेगा, तो नीतियों में निरंतरता कैसे आएगी? विकास की गति बार–बार रुक जाएगी, योजनाएं अधूरी रह जाएंगी, और प्रदेश स्थायी विकास की दिशा में नहीं बढ़ पाएगा।

इसलिए बदलाव की जिम्मेदारी केवल जनता पर नहीं डाली जा सकती। असली जिम्मेदारी नेताओं की है, जो जनता का विश्वास जीतने में असफल हो रहे हैं। यदि कोई मुख्यमंत्री या मंत्री सच्चे अर्थों में जनसेवा को धर्म माने, अपने कार्यकाल में पारदर्शिता रखे, और जनता से संवाद बनाए रखे, तो यह परंपरा अवश्य टूट सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर–176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# लघु हरिद्वार कांढापत्तन में अवैध कब्जों की भरमार

## सारी जमीन सरकारी, फिर किसकी मिलीभगत से बन गए बड़े-बड़े भवन? कब्जाधारियों ने जमीन का गलत उपयोग करके लाखों रुपए कमाए

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध धार्मिक स्थान लघु हरिद्वार कांढा पत्तन में मंदिर की भूमि के अलावा किसी की भी एक इंच मलकियत जमीन नहीं है, तो वहां बड़े बड़े मकान किसने बना लिए और धर्मपुर प्रशासन किस कारण आंखें मूंद बैठा रहा। बड़ी बात यह है कि सरकारी जमीन पर बने ये मकान, दुकानें रातों-रात को बनकर तैयार नहीं हुए, फिर वे कौन लोग हैं, जिनके खिलाफ कार्रवाई करने में राजस्व विभाग भी मुंह फेर कर बैठा रहा।

पूर्व भाजपा सरकार के समय मंदिर कमेटी से जुड़े लोगों ने यह मामला उजागर किया था, परंतु राजनीतिक हस्तक्षेप के बाद इस पर पर्दा डाल दिया गया, जबकि यह स्थान धर्मपुर ही नहीं जोगिंद्रनगर, सरकाघाट, हमीरपुर और मंडी से आने वाले शिवभक्तों का स्थान है तथा पूरे प्रदेश में लघु हरिद्वार के नाम से प्रसिद्ध है। इस मंदिर में सरकारी कमेटी होने के बाद भी कमेटी के पदाधिकारी आज तक न तो कब्जाई हुई मंदिर की भूमि मंदिर को जमीन छुड़ा सके है और न ही अवैध कब्जे के बारे में आवाज उठा सकी है।


अनंत ज्ञान मुद्दा
लघु हरिद्वार कांढापत्तन।

जनता का कहना है कि इस जगह का मूल निवासी कोई भी नहीं है सभी कब्जाधारी इधर-उधर के गांवों से आए हुए हैं। इन लोगों ने सरकारी जमीन पर एक-एक दुकान बनाकर धंधा शुरू किया और बाद में बड़ी-बड़ी इमारतें बना दीं, जिससे पता चलता है कि इन कब्जाधारियों ने सरकारी जमीन का गलत उपयोग करके लाखों रुपए कमाए। जनता की आस्था को किसी भी राजनीतिक दल ने समझने का प्रयास नहीं किया और इन कब्जाधारियों के आगे सब आँखें मूंद कर बैठे रहे। दिलचस्प बात यह भी है कि इन कब्जाधारियों में से एक व्यक्ति पंचायत प्रधान भी बन बैठा। ग्रामीणों में इस बात का भी रोष है कि मंदिर के ऊपर बने घरों का गंदा पानी ऐतिहासिक मंदिर की ओर आता है। जब इस जगह किसी की भी अपनी जमीन नहीं है और न ही आबादी देह के प्रॉपरायट्री राइट्स के लिए पात्रता नहीं है। सभी लोग बाहर से आए हैं तथा उस गांव में उनके आबादी देह पर अधिकार ही नहीं हैं तो ऐसे लोगों का आबादी देह और सरकारी जमीन पर कब्जा करने का हक किसने दिया। हाईकोर्ट द्वारा अवैध हटाने के कड़े आदेश जारी करने के बाद इस धार्मिक स्थान में श्रद्धा रखने वाले हजारों श्रद्धालुओं को आस जगी है कि नीलकंठ महादेव मंदिर के आस पास मंदिर और सरकारी जमीन पर किए गए कब्जे हट पाएंगे।

### वर्ष 1991 में बेदखली वारंट की आज तक तामील नहीं

**नीलकंठ** महादेव मंदिर के साथ लगती सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को हटाने के लिए ऐसी ग्रेड फर्स्ट क्लास सरकाघाट ने वर्ष 1991 में कुछ व्यक्तियों को बेदखली के आदेश जारी किए थे। हैरान कर देने वाली बात यह है कि यह आदेश एक एक दुकान को गिराने के लिए किए गए थे, लेकिन विभागीय मिलीभगत के कारण आज वहां दर्जनों कमरों वाले आलीशान रिहायशी मकान व व्यापारिक ढांचे खड़े हैं, जिनसे आज तक लाखों रुपए की आमदन हो रही है। कुछ लोगों ने बाहर से आकर आबादी देह पर मालिकाना हक का दावा पेश कर केंद्र सरकार की योजना में मालिक बनाए जाने का आवेदन किया है। जब इन लोगों की एक इंच मलकियत भूमि नहीं थी तो किस आधार पर इनके आवेदन स्वीकार हुए। यह माननीय उच्च न्यायालय में मामला जाने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। इस जगह रहने वाले एक व्यक्ति ने चार बार चुनाव लड़े और दो बार निर्वाचित हुआ। जाहिर है कि उक्त व्यक्ति ने कब्जा नाजायज में संलिप्तता होने के बावजूद झूठे शपथ पत्र निर्वाचन आयोग को पेश किए और निर्वाचित होने के बाद दस साल तक सरकारी मानदेय हासिल किया। नीलकंठ मंदिर में सरकारी कमेटी होने के बावजूद आज तक न तो मंदिर की जमीन पर हुए कब्जों को हटाने का प्रस्ताव पारित कर सकी और न ही सरकारी कब्जे हटाने के लिए प्रशासन को सूचित कर पाई। जबकि संबंधित कुसरी वार्ड से कई लोगों ने एसडीएम कार्यालय धर्मपुर को बार बार लिखित रूप से सूचना दी, जिस पर आज तक कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई, जिससे स्थानीय लोगों और मंदिर में आस्था रखने वाले शिवभक्तों में भारी रोष है। इन लोगों ने जिला प्रशासन से इस संदर्भ में शीघ्र संज्ञान लेने का आग्रह किया है अन्यथा माननीय उच्च न्यायालय को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाएगा। आसपास की कई पंचायतों के ग्रामीणों का कहना है कि लघु हरिद्वार कांढा पतन में सरकारी भूमि पर हुए कब्जों को लेकर स्थानीय प्रशासन को सब पता है लेकिन कब्जाधारियों के राजनीतिक रसूख के कारण प्रशासन तथ्यों को झुठला रहा है, जबकि धार्मिक महत्व वाली इस जगह के बारे में प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी अनभिज्ञ बना हुआ है। अगर मामला हाईकोर्ट में जाता है तभी असलियत सामने आ पाएगी कि किस-किस अधिकारी ने मामले पर लीपापोती करने की कोशिश की है। वहीं, एसडीएम धर्मपुर जोगेंद्र पटियाल का कहना है कि लिखित शिकायत मिलने पर ही कार्रवाई की जा सकेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### चोलथरा में नशे के खिलाफ होगी सड़क दौड़ 16 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति 16 नवंबर को चोरथला से कांगों गलू के बीच सड़क दौड़ का आयोजन करेगी, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और फिटनेस को बढ़ावा देना है। समिति अध्यक्ष एवं एथलेटिक्स कोच भूपिंदर भूपी ने बताया कि दौड़ में लड़कियों व लड़कों के लिए अंडर-14 (2 किमी), अंडर-16 (4 किमी) और अंडर-18 (6 किमी) वर्गों में प्रतियोगिताएं होंगी। विजेताओं को सर्वोदय जनकल्याण संस्था की ओर से नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश ठाकुर (एसएमओ मंडी) होंगे तथा विशेष अतिथि स्निग्धा राज ठाकुर, राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता की कांस्य पदक विजेता होंगी। इस आयोजन की तैयारी हेतु चोलथरा पंचायत घर में प्रधान मेहर चंद गारला की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

### धर्मपुर क्षेत्र में असामयिक मौतों से शोक लहर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत सरी, सजाओपीपलु और लौंगनी में तीन असामयिक मौतों से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सरी गांव के 26 वर्षीय अक्षय पठानिया, जो एमएससी करने के बाद नौकरी कर रहे थे, की कैंसर से मृत्यु हो गई। वहीं, सजाओपीपलु निवासी 55 वर्षीय पृथीपाल, जो जालंधर अनाज मंडी में कार्यरत थे, की हार्ट अटैक से मौत हो गई। अगले ही दिन लौंगनी ग्राम पंचायत के 50 वर्षीय कर्नल तेजेंद्र की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई। इन दुखद घटनाओं पर पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, हिमाचल किसान सभा के अध्यक्ष रणताज राणा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकग्रस्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।

### देसी गाय का पालन ही सबसे उत्तमः वीर सिंह

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल और चौहार घाटी में देशी गायों की नस्ल को संरक्षित करने के लिए पशुपालन विभाग से टीकाकरण की मांग की गई है। वर्तमान में इन घाटियों में जर्सी नस्ल की गायें अधिक देखने को मिल रही हैं। मुल्थान निवासी व बजरंग दल इकाई बैजनाथ के सदस्य वीर सिंह ठाकुर ने बताया कि लगभग 30-35 वर्ष पूर्व पशुपालन विभाग ने प्रत्येक वेटनरी डिस्पेंसरी में देसी बैल की व्यवस्था की थी, जिससे देशी नस्ल को बढ़ावा मिला था। लेकिन अब यह व्यवस्था बंद कर दी गई है, जो गलत निर्णय है। उन्होंने प्रदेश सरकार और पशुपालन विभाग से आग्रह किया कि देशी गाय और बैलों की नस्ल को बचाने के लिए सभी डिस्पेंसरियों में जर्सी नस्ल के कृत्रिम टीकाकरण के साथ एक-एक देशी बैल की पुनः व्यवस्था की जाए, ताकि पारंपरिक पशुपालन को बढ़ावा मिल सके।

### रोटरी क्लब 10 को लगाएगा कैंसर जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** रोटरी क्लब मंडी 10 नवंबर को सेरी मंच के पास सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निशुल्क ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर आयोजित करेगा। यह शिविर 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए होगा, जहां महिला डॉक्टर और नर्स पूर्ण गोपनीयता के साथ जांच करेंगी। जांच के बाद प्रत्येक महिला को रिपोर्ट दी जाएगी। रोटेरियन धर्मेंद्र राणा ने बताया कि यह प्राथमिक जांच है, जिससे महिलाएं समय रहते आगे की जांच करवा सकें। स्तन में गांठ, दर्द, या अन्य लक्षण होने पर महिलाओं से शिविर में जांच करवाने की अपील की गई है।

### प्रशिक्षुओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विद्या भारती एवं हिमाचल शिक्षा समिति के मार्गदर्शन में और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान मंडी का कौशल दीक्षांत समारोह सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी के सभागार में आयोजित हुआ। मुख्यातिथि जिला उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना से समारोह का शुभारंभ किया। अध्यक्ष मोहन सिंह केस्टा ने बताया कि संस्थान 2021 से प्रशिक्षण दे रहा है, जिसमें वर्ष 2024-25 में 1660 लाभार्थियों ने विभिन्न कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किए। प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

### पंडोह स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पंडोह में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष नूप चंद ने दीप प्रज्वलन कर किया। एनएसएस प्रभारी गोपाल ने बताया कि शिविर में स्वयंसेवकों को एनएसएस की जानकारी के साथ सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परंपराओं से अवगत कराया जाएगा। शिविर में स्कूल परिसर की साफ-सफाई, सजावट और गोद लिए गए गांव एनएच के तीन पिपल का नवीनीकरण मुख्य कार्य होंगे। 27 लड़के और 17 लड़कियां प्रतिभाग कर रहे हैं। एसएमसी अध्यक्ष नूप चंद ने बच्चों में संस्कार और देशभक्ति बढ़ाने के लिए शिविर की सराहना की। शिविर 12 नवंबर को संपन्न होगा।

## गुरु पर्व की लख-लख बधाइयां


गुरु नानक महाराज जी ने मानवता को नाम जपो, काम करो और वंड छको का उपदेश दिया, जो आज भी समाज को एकता और प्रेम का संदेश देता है। आज का दिन गुरु की शिक्षाओं को जीवन में उतारने का संकल्प लेने का दिन है।
**-गुरचरन सिंह, अध्यक्ष, गुरु गोबिंद सिंह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मंडी।**


**मंडी** के पड्डल स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी में गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए और बड़ी संख्या में संगत ने भाग लेकर नाम सिमरन, कीर्तन और लंगर का आनंद लिया।
**-सरदार निर्मल सिंह, सचिव, गुरु गोबिंद सिंह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मंडी।**


गुरु महाराज की कृपा से 1990 से गुरु के लंगर की सेवा कर रहे हैं। हम लंगर बनाते हैं और संगतों को खिलाते हैं। आज बड़े खुशी का दिन है, गुरु नानक जी महाराज का प्रकाशोत्सव है। गुरजी द्वारा शुरू किया गया लंगर निरंतर चलता ही जा रहा है।
**-सरदार बलविंद्र सिंह**


गुरु नानक देव ने लंगर शुरू करवाया था, हर जात धर्म वाले एक ही छत्त के नीचे लंगर ग्रहण करते हैं। ऐसी महान आत्मा को शत शत नमन। आज गुरु नानक देव का प्रकटोत्सव है। इस पर्व पर सबको बधाई।
**-चमन राही, महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता।**

## कांग्रेस राज में हिमाचल की जनता त्रस्त : अजय ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**कहा- प्रदेश सरकार के कुप्रबंधन से विकास कार्य ठप**

हिमाचल प्रदेश के भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार हिमाचल में आर्थिक अपराध कर रही है। सुंदरनगर में ठेकेदार को भुगतान न होने पर विश्राम गृह पर ताला लटक गया है। वहीं, ऐसी ही स्थितियां अनेक अन्य स्थानों पर भी हैं।



अजय ने कहा कि एक तरफ तो हिमाचल प्रदेश में वेतन, पेंशन तथा योजनाओं के भुगतान के लिए सरकार के पास पैसा नहीं है, वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बिहार चुनाव के दौरान बड़े बड़े वादे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में झूठे वादों की लंबी फेहरिस्त है। कई योजनाएं पैसे न होने के अभाव में लटक रही हैं, जिससे प्रदेश का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस सरकार का आर्थिक प्रबंधन पूरी तरह से विफल है, जिस कारण आम जनमानस अत्यंत त्रस्त हो रहा है। अजय ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की तीन साल सरकार केवल भ्रष्टाचार और काम से पीछे हटने का काम की है। इंडी गठबंधन ने जिस प्रकार से हिमाचल प्रदेश की जनता को झूठे वादों के आधार पर ठगा, ठीक उसी प्रकार बिहार के लोगों को ठगना चाहती है। अजय ने कहा कि कांग्रेस की हिमाचल में सरकार अपने घोषणा पत्र का एक वादा भी पूरा नहीं कर पाई है और प्रदेश पर कर्जा एक लाख करोड़ पार कर चुका है। इस खराब आर्थिक स्थिति के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। प्रदेश सरकार के लिए हिमाचल वासियों के उत्थान के लिए कोई विजन नहीं है।

## विधायक प्रकाश से मिले भड़ोल भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा पदाधिकारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल भड़ोल के नवनियुक्त पदाधिकारी बुधवार को विधायक प्रकाश राणा के निवास स्थान पर सौजन्य भेंट हेतु पहुंचे। इस अवसर पर विधायक राणा ने सभी पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और समान अवसर पहुंचाने में समर्पित है। उन्होंने अनुसूचित जाति मोर्चा को संगठन की मजबूत शक्ति बताते हुए कहा कि यह समाज के वंचित वर्ग तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाता है। विधायक ने पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे सेवा और समर्पण की भावना से कार्य करते हुए पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लक्की, महामंत्री करतार जगी, मोर्चा अध्यक्ष सुभाष सिंह आदि मौजूद रहे।

## देवभूमि लाइब्रेरी का उद्घाटन आधुनिक सुविधाओं से लैस



उद्घाटन करते हुए मुख्यातिथि राजा सिंह मल्होत्रा।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**देवभूमि** लाइब्रेरी का उद्घाटन मुख्यातिथि राजा सिंह मल्होत्रा व विशेष मुख्यातिथि रोहित सकलानी ने किया। इस अवसर पर अन्य अतिथि यश नार्दन फिल्म के एमडी, नटराज डांस एकेडमी के एमडी पवन, गोपाल तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। देवभूमि लाइब्रेरी के संस्थापक एसएस ठाकुर ने बताया कि इस लाइब्रेरी में 108 सीटों की क्षमता है और यहां वाई-फाई, एसी, चार्जिंग प्वॉइंट, आरओ वाटर, न्यूज पेपर, मैगजीन जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। यह लाइब्रेरी 24 घंटे खुली रहेगी, ताकि विद्यार्थी और पाठक अपने समयानुसार अध्ययन कर सकें। उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोगों ने भी नई लाइब्रेरी के खुलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे मंडी में शिक्षा और अध्ययन के क्षेत्र में एक नई पहल बताया।

## पटड़ीघाट-गोभड़ता सड़क की हालत खस्ता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाली पटड़ीघाट-गोभड़ता सड़क इन दिनों बेहद दयनीय स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे और टूटे डंगे वाहनों के लिए खतरा बने हुए हैं, जबकि टायरिंग भी उखड़ चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2023 की भारी बरसात में यह सड़क कई स्थानों पर धंस गई थी, और तब से इसकी मरम्मत नहीं हुई। छोटे वाहन चालक रोज़ाना परेशान हो रहे हैं, और बारिश होने पर हालात और भी खराब हो जाते हैं। ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधी चंद, उपप्रधान वीरी सिंह, वार्ड पंच गोभड़ता हेम राज, वार्ड पंच धनेड़ नील मणी सहित अन्य ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क की शीघ्र मरम्मत और डंगों के पुनर्निर्माण की मांग की। इस पर लोक निर्माण विभाग बल्द्वाड़ा के सहायक अभियंता भूपेंद्र पाल ने कहा कि शुक्रवार तक जेसीबी मशीन भेजकर सड़क की मरम्मत शुरू कर दी जाएगी और डंगों का टेंडर भी जारी है।

## भाजपा ने कामगारों का पंजीकरण कर चहेतों को बांटी थी रेवड़ियां : नरदेव


कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने पूर्व सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप।

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** पूर्व की भाजपा सरकार ने चुनावी समय में 5 महीने में 70 हजार मजदूरों का पंजीकरण करवा कर अपने चहेतों को रेवड़ियां बांटने का काम किया। बालीचौकी में पत्रकारवार्ता के दौरान प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ने कल्याण बोर्ड के पैसे का मनमाना उपयोग कर अपात्र लोगों को करोड़ों रुपए बांट दिए। उन्होंने कहा कि जमीनी सत्यापन से अब यह खुलासे हो रहे हैं कि जिन 70 हजार मजदूरों का 5 महीनों में पंजीकरण किया गया और अगले 8 महीनों में उन्हें 172 करोड़ के क्लेम दिए गए, उनमें 70 प्रतिशत फर्जी होने की संभावनाएं हैं। दिसंबर 2025 तक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत चरणबद्ध रूप से कामगारों के खाते में विविध योजनाओं के अंतर्गत पैसे डाले जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने रिपीट करने के लक्ष्य से कामगार कल्याण बोर्ड को लुटा है। उन्होंने कहा कि हमने सत्यापन की प्रक्रिया हमीरपुर से शुरू की, जाहं जब 38 लोगों का सत्यापन किया गया तो उसमे कई मजदूर अपात्र पाए गए और इस जांच के दौरान 9 लोग ऐसे भी पाए गए, जिन्होंने अपात्र होने के बावजूद बोर्ड से लाभ लिए थे। पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर 6 लाख 80 हजार की रिकवरी हुई।

## अंतरराष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी नीता राणा को मिले नकद पुरस्कार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

हिमाचल प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी नीता राणा को भी एक करोड़ रुपए पुरस्कार और नौकरी देने की मांग जोर पकड़ रही है। प्रदेश खो-खो संघ के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, महासचिव एल आर वर्मा, सीईओ देवीदत्त तनवर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण दुबे, पवन ठाकुर और मीडिया प्रभारी प्यार चंद सकलानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस मांग को उठाया। नीता राणा, जो खो-खो विश्व कप विजेता भारतीय टीम की सदस्य रही हैं, को महिला क्रिकेट विश्व कप विजेता रेणुका ठाकुर की तरह सम्मानित किए जाने की पुरजोर वकालत की जा रही है। राज्य सरकार ने हाल ही में रेणुका ठाकुर को एक करोड़ रुपए पुरस्कार और नौकरी देने की घोषणा की, लेकिन नीता राणा को अभी तक कोई मान-सम्मान नहीं मिला। 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली में हुए पुरुष व महिला खो-खो विश्व कप में भारत की टीम चैंपियन बनी थी। विजयी टीम में शामिल नीता राणा के सम्मान के लिए प्रदेश संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से समान व्यवहार करने की मांग की है।

## बालीचौकी में कामगार कल्याण बोर्ड के उपकार्यालय का उद्घाटन


भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने किया उद्घाटन।

अनंत ज्ञान, बालीचौकी

**प्रदेश** भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बुधवार को बालीचौकी में बोर्ड के उपकार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग के सदस्य विजय पाल सिंह विशेष अतिथि रहे। अध्यक्ष ने बताया कि सराज विधानसभा क्षेत्र की लगभग 50 पंचायतें जिला मुख्यालय मंडी से दूर हैं, जिससे श्रमिकों को सेवाओं के लिए पूरा दिन लग जाता था। अब 20 हजार से अधिक श्रमिकों को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड वर्तमान में 14 कल्याणकारी योजनाएं चला रहा है, जिनसे प्रदेशभर के पंजीकृत श्रमिक लाभान्वित हो रहे हैं। बालीचौकी में 12 हजार श्रमिक पंजीकृत हैं। पिछले दो वर्षों में इन्हें शिक्षा, विवाह, मातृत्व और चिकित्सा सहायता के तहत लगभग 2 करोड़ 40 लाख रुपए प्रदान किए गए। मृत्यु पर परिजनों को 46 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी गई। मंडी जिले में अब तक 92,700 श्रमिक पंजीकृत हैं। अध्यक्ष ने सभी पात्र श्रमिकों से शीघ्र पंजीकरण करवाने की अपील की और गलत पंजीकरण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। बालीचौकी उपकार्यालय में पहला पंजीकरण मीरा देवी (गांव गुराण) ने कराया। इस अवसर पर बोर्ड कर्मचारियों को राहत राशि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में निदेशक एचपीएमसी जोगिंद्र गुलेरिया, निदेशक एचआरटीसी बलदेव ठाकुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंटक महिमन चंद्र शर्मा, अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**जयंती** पड्डल गुरुद्वारा में धूमधाम से मनाया गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव

# गुरु नानक जी की शिक्षाओं का किया स्मरण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मंडी** के पड्डल स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी में बुधवार को गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए और बड़ी संख्या में संगत ने भाग लेकर नाम सिमरन, कीर्तन और लंगर का आनंद लिया।

गुरु गोबिंद सिंह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मंडी के अध्यक्ष गुरचरन सिंह ने बताया कि गुरु नानक महाराज जी ने मानवता को नाम जपो, काम करो और वंड छको का उपदेश दिया, जो आज भी समाज को एकता और प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन गुरु की शिक्षाओं को जीवन में उतारने का संकल्प लेने का दिन है। उपाध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह और सचिव सरदार निर्मल सिंह सहित पूरी कमेटी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सचिव सरदार निर्मल सिंह ने कहा कि यह जगत गुरु का प्रकाश पर्व है और हम सारी संगत को हार्दिक बधाई देते हैं। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।


प्रकाशोत्सव पर गुरुजी की शिक्षाओं को सुनती संगत।

### गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का इतिहास

गुरुद्वारे का निर्माण मूल रूप से राजा अजबर सेन ने आरंभ करवाया था, जबकि इसका पुनर्निर्माण राजा जोगिंदर सेन, रानी अमृत कौर और मुख्य सचिव दीना नाथ द्वारा किया गया। वर्तमान में इसका संचालन स्थानीय गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी करती है। यह गुरुद्वारा ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां गुरु गोबिंद सिंह जी से जुड़ी कई अमूल्य वस्तुएं संरक्षित हैं, जिनमें बिस्तर, रबाब, बंदूक, गन कुप्पी और तलाई शामिल हैं। ब्यास नदी में स्थित 'कोलसरा' नामक चट्टान पर गुरु साहिब ने मंडी प्रवास के दौरान ध्यान किया था, जो आज भी श्रद्धालुओं के लिए पवित्र स्थल माना जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने मंडी के राजा को बाहरी आक्रमणों से रक्षा का आशीर्वाद देते हुए कहा था कि जो मंडी को लूटेंगे, आसमानी गोले छूटेंगे।

### जोगिंद्रनगर में अमृत वाणी से संगत निहाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रथम गुरु और सिख धर्म के प्रवर्तक श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जोगिंद्रनगर में मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। सुबह से ही श्रद्धालु संगत गुरुद्वारा पहुंचकर गुरु वाणी का श्रवण कर रहे थे। प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार गुरुप्रीत सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के बाबा सेवा सिंह द्वारा श्री अखंड पाठ साहिब जी के भोग के साथ हुई। इसके उपरांत बाहर से पधारे प्रसिद्ध रागी जत्थों ने शबद-कीर्तन कर संगतों को निहाल किया। सिंह सभा महासचिव सरदार जगजीत सिंह ने बताया कि कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें रागी जत्थों की अमृतमयी वाणी से पूरा वातावरण गूंज उठा।

## राज्य अधिवेशन में उठाया हियुन-बॉल्ह और स्याठी आपदा प्रभावितों का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल किसान सभा की ओर से मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय आपदा प्रभावितों के अधिवेशन में धर्मपुर के प्रभावितों का मुद्दा पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि धर्मपुर प्रशासन की लापरवाही का आलम यह है कि स्याठी गांव के प्रभावित परिवारों को अब तक यह नहीं बताया गया कि उन्हें जमीन कहां और कैसे दी जाएगी। प्रशासन ने प्रभावितों से सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे नियमितीकरण के फार्म भरवा लिए, जबकि उनके घर उनकी खुद की भूमि पर बने थे। उन्हें हिमाचल सरकार की दो-तीन बीघा भूमि आवंटन योजना के तहत स्वीकृति मिलनी थी, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ।



**15 दिन में जमीन चयन व किराया अदा नहीं किया तो 26 को होगा प्रदर्शन : भूपेंद्र**

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रशासन ने प्रभावितों को केवल दस हजार रुपए की फौरी राहत देकर औपचारिकता पूरी की है। तनियार पंचायत के हियुन-बॉल्ह गांव के दर्जनभर परिवार 2023 की आपदा के बाद से किराए के मकानों में रह रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ छह महीने का किराया मिला है। उन्होंने मांग की है कि जब तक सरकार उन्हें जमीन नहीं देती, तब तक किराया जारी रखा जाए। उन्होंने धर्मपुर विधायक पर भी प्रभावितों की अनदेखी का आरोप लगाया। चेतावनी दी गई कि यदि 15 दिनों में जमीन चयनित कर किराया अदा नहीं किया गया तो 26 नवंबर को सरकार व प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

# गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा से मनाया

## कथा-कीर्तन और प्रवचनों के माध्यम से संगत ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं से ली प्रेरणा


समागम में उपस्थित बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी व संगत।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी के वंशजों द्वारा बसाई गई ऊना नगरी स्थित किला बाबा साहिब सिंह बेदी में बुधवार को गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व श्रद्ध एवं उत्साह पूर्वक गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी तथा इलाका निवासी समूह साध संगत द्वारा मनाया गया।

सुबह श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। उपरान्त रागी जत्थों द्वारा कथा कीर्तन द्वारा गुरु नानक देव जी की वाणी का शब्द कीर्तन गायन किया गया और उनके जीवन इतिहास के बारे में उपस्थित संगत जानकारी दी गई। इस अवसर पर भाई बलविंदर सिंह, भाई इकबाल सिंह, भाई अनिल सिंह, भाई मलकीत सिंह ने कथा कीर्तन निहाल किया गया।आयोजन के दौरान गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह बेदी ने संगत को प्रवचनों द्वारा निहाल किया। इस मौके पर उन्होंने गुरु नानक देव जी के बताए मार्ग पर चलने सहित 'किरत करो वंड शको नाम् जपो' का संदेश दिया। उन्होंने कहा की वर्तमान समय में गुरु नानक देव जे का सन्देश ही संसार को सही मार्ग प्रदान कर सकता है। गुरु नानक देव जी ने हमें सर्व-सांझी बाल्ता का सन्देश दिया है जो आपसी प्रेम, भाईचारे का प्रतीक है। इस मौके पर बाबा अमनदीप सिंह, बाबा हरनेक सिंह, बाबा सुरिंदर सिंह, हरपाल सिंह कोटला, परमजीत सिंह, बलविंद्र सिंह, जोगमान सिंह, इंदरजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, परमजीत सिंह,सतनाम सिंह, अंग्रेज सिंह, सोहन सिंह, सुरजीत सिंह, बलबीर सिंह, महिंदरपाल सिंह, प्रिंस मककड़, प्रभजोत सिंह, ओमप्रकाश सिंह सहत बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही। इस अवसर पर गुरु के लंगर का आयोजन भी किया गया।


सुखवंत सिंह ऊना।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर समस्त हिंदू और सिख मिलकर धार्मिक समागम में शामिल होते हैं। मनाते हैं। इस कार्यक्रम से गुरु नानक जी के आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश भी समाज को मिलता है।


राजेंद्र पाल सिंह ।

समस्त संसार में गुरु नानक देव जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। ऊना के किला बाबा बेदी साहिब में गुरु नानक देव जी के अंश वंश बाबा सरबजोत सिंह जी के सानिध्य में हर वर्ष उत्सव के तौर पर यह दिवस मनाया जाता है।


इकजोत सिंह।

गुरु की महिमा बहुत बड़ी है। गुरु नानक जी के संदेश का पालन करते हुए उनके अनुयायी आज भी आगे बढ़ा रहे हैं। सिखी और बाणे के प्रचार प्रसार के साथ समाज को जोड़ने का काम किया जा रहा है। बाबा सरबजोत सिंह बेदी जी की अगुवाई में यह कार्य आगे बढ़ रहा है।


जसबीर सिंह।

गुरु नानक जी द्वारा दुनिया में आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया गया था। उसकी झलक उनके प्रकाश पर्व पर ऊना समेत सभी जगह देखने को मिलती है, जब सभी धर्म के लोग इस जयंती को मनाते आ रहे हैं। सबको इस पर्व की बधाई।


इंद्रजीत सिंह।

ऊना शहर बसाने वाले बाबा कलाधारी जी बाबा साहिब सिंह बेदी जी के समय से गुरु नानक जी के संसार में फैलाए गए आपसी प्रेम भाईचारे के संदेश को परम्परा के मुताबिक आज भी आगे बढ़ाने में उनका वंश जुटा है। ऊना में गुरु नानक जयंती पर समस्त धर्म के लोग आपस में मिलकर धार्मिक समागम करते हैं। यह आपसी भाईचारे का सबसे बड़ा उदाहरण है।


गुरप्रीत सिंह।

ऊना के ऐतिहासिक किला बाबा बेदी साहिब में गुरु नानक देव जी की उस शिक्षा को प्रचारित प्रसारित किया जा रहा है, जो पांच शताब्दी पहले गुरु नानक जी द्वारा दी गई थी। वर्तमान में उस परंपरा को गुरु नानक के अंश वंश बाबा सरबजोत सिंह बेदी जी आगे बढ़ा रहे हैं।

## अक्षय धीमान ने हाई जंप में जीता कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 31 अक्तूबर को शुरू हुई व 3 नवंबर को समापन हुआ। राज्य स्तरीय एथलेटिक्स अंडर 19 खेलों में अक्षय धीमान ने पूरे प्रदेश में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स खेलों में हाई जंप खेल में कांस्य पदक हासिल किया, इससे पहले अक्षय धीमान ने जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलों में जिला ऊना में हाई जम्प प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था और बंगाणा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंगाणा का नाम जिला में भी चमकाया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया और सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंगाणा का नाम प्रदेश में भी चमकाया, आपको बता दें कि अक्षय धीमान का चयन राज्य स्तरीय अंडर 19 वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हुआ था वहां भी अक्षय धीमान ने बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया था। अक्षय धीमान ने इसका श्रेय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंगाणा के डीपीई पद पर तैनात भूपेंद्र सिंह और भाग सिंह अकादमी बंगाणा के मुख्य कोच भाग सिंह को दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### लोहे की रॉड से युवक पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** टाहलीवाल पुलिस थाना के अंतर्गत संतोषगढ़ मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास एक युवक पर लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल युवक का दुलैहड़ अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने घायल की शिकायत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मोहन सिंह निवासी गांव बाथू, ट्रैक्टर में धान की ट्राली लेकर दाना मंडी हाजीपुर, पंजाब जा रहा था, जब वह टाहलीवाल-संतोषगढ़ मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचा, तो गांव का ही युवक सागर मोटरसाइकिल पर सवार होकर आया और उसे ओवरटेक कर रोक लिया। मोहन सिंह के अनुसार सागर निवासी बाथू ने उससे पांच सौ रुपए मांगें और मना करने पर रास्ता रोककर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इसी दौरान सागर ने लोहे जैसी रॉड से उसके सिर पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। मौके पर पहुंचे कार्तिक और सागर के साथ आए अन्य युवक ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद सागर वहां से फरार हो गया। घायल मोहन सिंह को उपचार के लिए सीएचसी दुलैहड़ पहुंचाया गया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी सागर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क ठीक करने पर किया आभार व्यक्त

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा से सुंकाली सड़क की बहुत दयनीय स्थिति थी। सड़क में गड्ढों का आलम था। सड़क के आसपास की आबादी के लोग भी काफी परेशान थे। वाहनों की आवाजाही में भारी परेशानी हो रही थी। लोक निर्माण विभाग ने अब सड़क की मरम्मत लगभग कर दी है, जिस कारण अब सुंकाली रोड के लोगों में खुशी की लहर है। पंचायत सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने इलाके के विधायक राकेश कालिया व लोक निर्माण विभाग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली बहुत अनुकरणीय है। स्थानीय लोगों ने भी विधायक एवं लोक निर्माण विभाग का आभार व्यक्त किया है।


ऊना। डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में पंच भीष्म पर्व पर हजारों लोगों ने अखंड धूने पर माथा टेकने के बाद लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर लोगों ने आश्रम के महंत हेमानंद महाराज से भी आशीर्वाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। कुछ सेवकों द्वारा ऊना से आश्रम तक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन सुविधा की व्यवस्था की थी। पूर्णाहुति के बाद लंगर शुरू किया गया यह लंगर हिमाचल का सबसे बड़ा लंगर होता है।

### बस सेवा शुरू करवाने को विधायक से किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा से वाया बिलू तलाई सुंकाली होकर मुबारकपुर के लिए कोई भी बस सेवा नहीं है। यह बहुत पुरानी सड़क है और इस सड़क से रोजाना काफी संख्या में लोगों की आवाजाही है। सुंकाली से लोग गोंदपुर बनेहड़ा पटवार सर्कल बैंक आदि अपने कामों के लिए आते हैं। इसके अलावा तहसील घनारी जाने के लिए यह रास्ता ही सबसे शार्ट है तथा डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अच्युतानंद अमलेहड़ स्वास्थ्य केंद्र अमलेहड़ सुंकाली आवाजाही ही करने के लिए रास्ता सुगम है। कभी इस सड़क पर काफी संख्या में बसों की आवाजाही रहती थी और आज कल यहां पर एक भी बस सेवा नहीं है। गोंदपुर बनेहड़ा तो पंचायत सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा बरहमपुर पंचायत सदस्य रेनू बाला पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा महेंद्र सिंह जसवाल अंकुश, जसवाल, संदीप चौहान, दिनेश शर्मा इलाके के लोगों ने विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने विधायक राकेश कालिया से आग्रह किया कि गोंदपुर बनेहड़ा से वाया सुंकाली बस सेवा शुरू की जाए। पंचायत सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने बताया कि इस बारे में जल्द एक प्रस्ताव स्थानीय विधायक को भेजा जाएगा, स्मरण रहे इस सड़क पर बसों की आवाज यहीं शुरू होने से काफी गांव के लोगों की जनता को सुविधा मिलेगी।

### चिंतपूर्णी तलवाड़ा बाइपास सड़क बदहाली की शिकार

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी तलवाड़ा बाइपास सड़क की हालत काफी खराब है। सरस्वती स्कूल के पास सड़क पर बड़े-बड़े ब्लैक टूटे हुए हैं, जो सड़क के टूटने का प्रमुख कारण हैं। इससे यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है और आसपास हादसों की स्थिति बढ़ रही है। स्थानीय लोग सड़क की जगह-जगह टूटी हुई हालत से बेहद परेशान हैं, क्योंकि यह खस्ताहाल सड़क हादसों को न्योता दे रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ नीरज कुमार ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए बताया कि उन्होंने जल्द सड़क की रिपेयरिंग का आदेश दे दिया है। मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा, ताकि यात्रियों के लिए सड़क सुरक्षित व सुगम बनाई जा सके। उन्होंने लोगों से थोड़ी सहनशीलता की अपील भी की है, जब तक मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो जाता। फिलहाल, यह सड़क स्थानीय यात्रियों व श्रद्धालुओं के लिए एक चिंता का विषय बनी हुई है, खासतौर पर बारिश के मौसम में सड़क की स्थिति और भी अधिक खराब हो जाती है। प्रशासन को जल्द ही इस मुद्दे पर ठोस कार्रवाई करनी होगी, ताकि क्षेत्र में आवागमन निर्बाध और सुरक्षित हो सके।

### वैद्य संसार चंद मेहता के निधन पर शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** अंब के प्रसिद्ध व्यापारी मेहता परिवार के पिता वैद्य संसार चंद मेहता का निधन उनके पैतृक गांव बेहड़ जसवां में हुआ। वैद्य संसार चंद मेहता बहुत मिलनसार व्यक्तित्व के व्यक्ति थे, हर व्यक्ति से बहुत बढ़िया ढंग से नाम और नम्रता से मिलते थे और जरूरतमंद की सहायता भी करते थे उनके निधन पर चिंतपूर्णी की विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, पूर्व विधायक बलबीर सिंह चौधरी, यूनियन नेता राजन शर्मा विभिन्न पंचायत के प्रतिनिधियों व्यापारी वर्ग पत्रकार वर्ग एवं आमजन मानस में गहरा दुख किया है।

## टकारला में भक्तिभाव में झूमे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत पंचायत टकारला में चल रही श्री राम कथा के आठवें दिन का आयोजन भक्तिभाव और उत्साह से परिपूर्ण रहा। कथा वाचक परम पूजनीय निखिल महाराज ने आज के दिन माता सती अनसूया द्वारा माता सीता को दिए गए उपदेश, स्वर्ण मृग प्रसंग तथा रावण द्वारा सीता हरण की पावन कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। निखिल महाराज ने बताया कि माता सती अनसूया ने माता सीता को पतिव्रता धर्म और नारी आदर्श की महत्ता समझाई। उन्होंने समझाया कि सच्चे प्रेम और त्याग में ही जीवन का वास्तविक अर्थ निहित है। इसके पश्चात निखिल महाराज ने जब स्वर्ण मृग प्रसंग का वर्णन किया, तो श्रद्धालु कथा के रस में डूब गए। महाराज ने बताया कि कैसे रावण ने मायावी स्वर्ण मृग के बहाने से सीता हरण की योजना बनाई और अंततः प्रभु श्री राम के जीवन में एक नया अध्याय आरंभ हुआ।

## माता की कृपा से भक्त की प्रतिज्ञा पूरी, 25 साल बाद दंडवत भरी हाजिरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में मंगलवार को जालंधर करतारपुर के देवेंद्र सिंह ने माता के दरबार में दंडवत होकर हाजिरी भरी।

देवेंद्र सिंह ने बताया कि 25 साल पहले माता रानी के दरबार में उन्होंने मनोकामना की थी कि उनकी तीन बेटियां हैं और उन्हें एक लड़का चाहिए। माता की कृपा से उनकी मनोकामना पूरी हुई और उन्हें दो बेटे हुए। देवेंद्र सिंह ने बताया कि आज 25 साल बाद, जब उनके एक बेटे की शादी हो गई है, तो उन्हें माता रानी से की हुई प्रतिज्ञा याद आई। उन्होंने माता के दरबार में दंडवत होकर हाजिरी भरी और अपनी भूल-चूक के लिए माता रानी से क्षमा मांगकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर देवेंद्र सिंह के परिवार के सदस्य और रिश्तेदार भी उपस्थित रहे। सभी ने माता के दरबार में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। देवेंद्र सिंह ने बताया कि माता रानी की कृपा से उनके परिवार में सुख-शांति है और वे माता की आभारी हैं। देवेंद्र सिंह की इस भावना को देखकर स्पष्ट होता है कि माता की कृपा से उनकी मनोकामना पूरी हुई है और वे माता के दरबार में अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने के लिए आए हैं। माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धालुओं की आस्था व विश्वास का यह एक उदाहरण है।



## वीरेंद्र परिवार सहित डेरा बाबा रुद्रानंद में हुए नतमस्तक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में माथा टेकते हुए।

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ उना जिला में स्थित पावन स्थल डेरा बाबा रुद्रानन्द में आज पंच भीष्म व गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व (गुरु पर्व) के शुभ अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

इस पावन अवसर पर पूर्व मंत्री एवं अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर अपने परिवार सहित डेरा पहुंचे और महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। वीरेंद्र कंवर ने परिवार संग डेरा परिसर में आयोजित विशेष भजन-सत्संग कार्यक्रम में भाग लिया और श्रद्धालुओं के साथ बैठकर गुरु नानक देव जी के उपदेशों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी का जीवन संदेश मानवता, समानता और सेवा का प्रतीक है, जिसे अपनाकर समाज में भाईचारा और शांति स्थापित की जा सकती है। इस मौके पर उन्होंने बाबा रुद्रानन्द महाराज जी द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि ऐसे आध्यात्मिक केंद्र समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। पूर्व मंत्री ने इस पावन अवसर पर प्रसाद वितरण में भी भाग लिया और उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि पंच भीष्म और गुरु पर्व दोनों पर्व त्याग, श्रद्धा और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक हैं, जिनसे जीवन में धर्म और अनुशासन की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर डेरा परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए, जिन्होंने भक्ति संगीत, कीर्तन और लंगर सेवा में भाग लिया। माहौल पूर्णतः आध्यात्मिक और उल्लासपूर्ण रहा। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि वे हर वर्ष अपने परिवार सहित इस पावन पर्व पर डेरा बाबा रुद्रानंद में पहुंचते हैं और आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं और सभी से समाज में सद्भाव, करुणा और प्रेम बनाए रखने की अपील की। डेरा प्रबंधन समिति ने वीरेंद्र कंवर और उनके परिवार का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन आशीर्वचन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिससे श्रद्धालुओं में अपार आनंद और भक्ति की भावना देखने को मिली। इस मौके पर धर्म पत्नि मीना कंवर सुपुत्र प्रधान दीपांकर सिंह कंवर के साथ अन्य मौजूद रहे।

## अनुमोदन प्रक्रिया को सुगम और पारदर्शी जनहितैषी बनाने का प्रयास


नगर निगम आयुक्त ने स्थानीय वास्तुकारों के साथ की बैठक।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नगर निगम आयुक्त एवं एडीसी ऊना महेंद्र पल गुर्जर ने अपने कार्यालय में जिले के स्थानीय वास्तुकारों (आर्किटेक्चर) के साथ एक बैठक की। बैठक में 10 स्थानीय वास्तुकारों ने भाग लिया।

आयुक्त ने बताया कि बैठक का मुख्य मकसद नगर निगम क्षेत्राधिकार में आवासीय भवनों के नक्शों की अनुमोदन प्रक्रिया को और अधिक सुगम, पारदर्शी एवं जनहितैषी बनाना है। महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में पंजीकृत वास्तुकारों को 500 वर्ग मीटर तक के आवासीय भूखंडों के लिए स्व-अनुमोदन के अंतर्गत भवन नक्शे स्वीकृत करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं। उन्होंने वास्तुकारों को निर्देश दिए कि इन शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोगों को 500 वर्ग मीटर तक के आवासीय भवनों के नक्शों को स्वीकृति प्रदान करें, ताकि लोगों को नगर निगम कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता न पड़े। इससे आम नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी, साथ ही अनुमोदन प्रक्रिया अधिक समयबद्ध, पारदर्शी और सरल बनेगी। इस अवसर पर सहायक अभियंता अंकुश राणा, योजना अधिकारी रवि किशोर, कनिष्ठ अभियंता शिवानी ठाकुर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## युवक अपहरण व पिटाई मामले पर भाजपा में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** देहलां गांव में संतोषगढ़ निवासी युवक के अपहरण और निर्मम पिटाई की घटना के बाद नगर में चिंता और आक्रोश व्याप्त है। भाजपा संतोषगढ़ शहरी इकाई ने मंगलवार शाम इस गंभीर मामले को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में मांग की कि पुलिस आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करे, अन्यथा भाजपा नगरवासियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी। भाजपा नेता राजेश प्रभाकर ने कहा कि यदि पुलिस निष्पक्ष और तत्परता से कार्य करती, तो अब तक आरोपी सलाखों के पीछे होते। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि कार्रवाई न हुई तो युवा मोर्चा और शहरी इकाई जोरदार आंदोलन छेड़ेगी। राजेश प्रभाकर ने यह भी कहा कि दिनदहाड़े अपहरण और मारपीट जैसी घटनाएं स्थानीय माफिया के हौसले बढ़ा रही हैं, जिन्हें नियंत्रण में लाना जरूरी है।

## भाजपा किसान मोर्चा, चिंतपूर्णी अप्पर मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** भाजपा हिमाचल प्रदेश किसान मोर्चा की चिंतपूर्णी अप्पर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है।

नई कार्यकारिणी में किसानों के उत्थान और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न पंचायतों और गांवों से सक्रिय कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। मोर्चा के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी कुलदीप सिंह (पोलियां जस्वाला) को सौंपी गई है। वहीं, गुरदियाल सिंह (पगराह), रघुबीर सिंह (धर्मशाला महंता), रमन कुमार (नेहरी) और राज कुमार (वार्ड नंबर 4) को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महामंत्री के रूप में दिवांश राणा (ज्वार) और कुलविंद्र ठाकुर (भट्टेड़) का चयन किया गया है। सचिव पद की जिम्मेदारी अनिल कुमार (धर्मशाला महंता), धीरज कुमार (सुही), ईश्वर सिंह (झिझर) और राजीव कुमार (सुही) को दी गई है। कोषाध्यक्ष के रूप में रोहित शर्मा को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में अजय कुमार (बीहड़ी अंब टिल्ला), पवन कुमार (मवा लोहारा), राजीव कुमार (किन्नू भरवाई), अजय कुमार (अमोक्ला), बलजिंदर सिंह (सपोरी), सरजीवन सिंह (लांग्याना), विजय कुमार (सलोई), नरेंदर कुमार (बेहड़ा), सुरेश कुमार (लम्बा सैल), स्वर्ण सिंह (झिझर) और सुदर्शन सिंह (ज्वाल) शामिल हैं।

इन सभी सदस्यों ने पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कराने का संकल्प लिया है। अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा कि किसान मोर्चा केंद्र और राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करेगा। संगठन का विस्तार और किसान हितों की रक्षा मोर्चा की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

## श्रीमद्भागवत कथा का होगा भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी श्री बांके बिहारी सेवा मंडल वैलफेयर कमेटी (रजि.) द्वारा 16 से 22 नवंबर 2025 तक रोशन ग्राउंड, होशियारपुर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन प्रसिद्ध आचार्य गौरव कृष्ण गोस्वामी जी, श्रीधाम वृंदावन द्वारा किया जाएगा, जो अपने भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देंगे। आयोजन की तैयारियों में कमेटी के सभी सदस्य जुटे हुए हैं और नगरवासियों से धर्म लाभ लेने की अपील की गई है। कमेटी के चेयरमैन पंडित दीपक शारदा ने बताया कि इसका उद्देश्य लोगों को धार्मिक ज्ञान और शांति प्रदान करना है। कमेटी के सदस्यों ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में पूजा-अर्चना कर कथा आयोजन का कार्ड माता के चरणों में समर्पित किया। पुजारी विनोद कालिया ने सभी को विधिपूर्वक माथा टेकने की परंपरा निभाई। कमेटी ने आम लोगों और धर्मप्रेमियों को इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने और धर्म लाभ लेने के लिए आमंत्रित किया।

## रामायण कथा भक्ति ज्ञान महायज्ञ का समापन श्रद्धा व भक्ति भाव से हुआ

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

गगरेट क्षेत्र के अमलेहड़ गांव में सात दिन तक चले श्री रामचरितमानस रामायण कथा भक्ति ज्ञान महायज्ञ का समापन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। इस कथा में क्षेत्रभर से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन से प्रेरणा प्राप्त की।

अंतिम दिवस पर कथा व्यास पंडित अंकुश शर्मा ने भगवान श्रीराम के लंका विजय प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे भगवान श्रीराम ने धर्म की स्थापना के लिए रावण का वध किया और लंका का राज्य विभीषण को सौंपा। कथा के दौरान भक्तगण 'जय श्रीराम' के उद्घोष से वातावरण को भक्तिमय बनाए रखे। पंडित शर्मा ने आगे कहा कि रावण वध के बाद भगवान श्रीराम माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे, जहां दीपावली का पर्व मनाया गया और प्रभु श्रीराम का भव्य राज्याभिषेक संपन्न हुआ। कथा समापन पर सत्या देवी, विजय कुमारी जसवाल, शारदा देवी, सतपाल टिंकू, अनीता जसवाल, किरण देवी, रूपेश्वर जसवाल, ओम प्रकाश, दीपक जसवाल, गुरविंदर पिंकी, नीलम जसवाल, वरुण जसवाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने आरती में भाग लेकर भगवान श्रीराम के प्रति आस्था व्यक्त की। पंडित अंकुश शर्मा ने जीवन में त्याग, प्रेम और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। अंत में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और अगले वर्ष ऐसे ही आयोजन की कामना की।


गगरेट क्षेत्र के अमलेहड़ गांव में रामायण कथा भक्ति ज्ञान महायज्ञ के समापन पर मौजूद भक्त।

**प्रकाशोत्सव** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने डेरा बाबा रुद्रानंद धाम में की पूजा-अर्चना

## कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता के लिए मांगा आशीर्वाद


डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में माथा टेकते हुए कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव एवं पंच भीष्म पर्व के अवसर पर अपने परिवार सहित डेरा बाबा रूद्रानंद धाम, गांव नारी में पूजा-अर्चना की और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने श्री 1008 हेमानंद जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और लंगर सेवा में हिस्सा लिया। विधायक ने श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया और गुरु परंपरा, सेवा भावना, सत्य, करुणा और समाज में भाईचारे के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने डेरा बाबा जोगी पंगा समेत क्षेत्र के अन्य धार्मिक स्थलों में भी शीश नवाया और संत-महात्माओं से आशीर्वाद लिया।

विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की धरती गुरुओं और संतों की पावन भूमि रही है और उनका यह पवित्र अनुभव उन्हें आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा प्रदान करता है। डेरा बाबा रूद्रानंद धाम में हजारों श्रद्धालु भक्ति, कीर्तन और लंगर सेवा में शामिल हुए।

## सीएम की दूरगामी सोच से पुलिस विभाग को मिली 66 नई गश्त गाड़ियों की बड़ी सौगात

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शी सोच और जनता की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का परिणाम है कि आज हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग को गश्त के लिए 66 नए वाहनों की सौगात मिली है।

राज्य के मुख्यमंत्री सुक्खू ने इन वाहनों को शिमला से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिससे प्रदेशभर में पुलिस की गश्ती व्यवस्था को नई रफ्तार और मजबूती मिलेगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने हमेशा प्रशासनिक इकाइयों को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। पुलिस विभाग के लिए नई गाड़ियाँ उपलब्ध कराना इस बात का प्रतीक है कि सरकार प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना चाहती है। अब गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों को किसी भी प्रकार की तकनीकी या संसाधन संबंधी दिक्कत नहीं होगी, जिससे अपराधों की रोकथाम और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि यह पुलिस विभाग की वर्षों पुरानी मांग थी कि हर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक समर्पित गश्ती वाहन उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच सके। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस मांग को पूरा करते हुए पुलिस बल को राहत दी है। इससे जहां पुलिस की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, वहीं जनता में भी सुरक्षा का भरोसा और मजबूत होगा। विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू न केवल पुलिस विभाग बल्कि वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग और अन्य सरकारी संस्थानों की जरूरतों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रहे हैं।

## रामपुर निवासी अनीता राणा बनी महिला मोर्चा ऊना मंडल की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को महिला मोर्चा ऊना मंडल का गठन कर दिया। मंडल की अध्यक्ष के रूप में रामपुर निवासी अनीता राणा को नियुक्त किया गया। यह निर्णय ऊना सदर विधायक सतपाल सत्ती के साथ चर्चा के बाद लिया गया।

उपाध्यक्ष पद के लिए रक्कड़ कॉलोनी की सपना परमार, देहलां लोअर की कंचन धीमान, भड़ोलियां कलां की पूनम शर्मा और गांव सुनेहरा की अमृत कौर को जिम्मेदारी दी गई। महामंत्री पद के लिए गांव सुनेहरा की रणजीत कौर और गांव अपर देहलां की मनदीप कौर को चुना गया। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी कुठार खुर्द निवासी शिवेंद्र कौर को दी गई। सचिव पद पर एनी (बसोली), नीलम कुमारी (अप्पर अरनियाला), मनजीत कौर (लोअर अरनियाला) और चंचला (बारसड़ा) को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में भगवती, कंचन, वंदना कुमारी, अंजू देवी, सुदेश कुमारी, दर्शन देवी, पूनम रानी, पिंकी, मनजीत कौर और सुदर्शना रानी शामिल हैं। महिला मोर्चा बसदेहड़ा मंडल में सविता शर्मा (गांव जखेड़ा) को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए सीमा देवी (बनगढ़), सुदेश कुमारी (उदयपुर), अलका शर्मा (भटोली) और बलविंदर कौर (सनोली) को चुना गया। महामंत्री के रूप में मीनाक्षी चौधरी (मैहतपुर) और शिवानी जसवाल (गांव झोड़ोवाल) को जिम्मेदारी दी गई। कोषाध्यक्ष पद के लिए मीना कुमारी (मैहतपुर) का चयन किया गया। सचिव पद पर सरबजीत कौर (गांव मजारा), मोनिका (गांव चंड़तगढ़), प्रवेश शर्मा (गांव भटोली) और नरेंद्र कौर (गांव नांगड़ा) को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में सुनीता शर्मा, पूनम शर्मा, कांता देवी, दर्शना देवी, कृष्णा देवी, मधुबाला, नेहा शर्मा, बक्शो देवी और वंदना शामिल हैं। दोनों मंडलों की अध्यक्ष अनीता राणा और सविता शर्मा ने प्रदेश नेतृत्व, जिला भाजपा अध्यक्ष शाम मिन्हास और विधायक सतपाल सिंह सत्ती का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा।

# कुल्लू जिले में धूमधाम से मनाया गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में गुरु नानक देव जी का 556 वां प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिला के मणिकर्ण, अखाड़ा बाजार भुंतर व कटराई में गुरु पर्व की खूब धूम रही।

इस पावन मौके पर भुंतर व अखाड़ा बाजार दोनों जगह गदौरी साहिब के बाबा स्वामी दयानंद ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और संगत को आशीर्वाद दे कर निहाल किया। सभी गुरुद्वारों में गुरु नानक जी के प्रकाशोत्सव पर सत्संग वर्षों का अमृत पान कर संगत निहाल हो गई। वहीं इस खास अवसर पर अटूट लंगर का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा भाव से गुरु जी का अटूट लंगर छका। वहीं, सोमवार को भुंतर व मंगलवार को कुल्लू में महानगर कीर्तन गुरु ग्रन्थ साहिब की छत्र छाया व पांच प्यारो की अगुवाई में सजाया गया था। गुरु की प्यारी साध संगत द्वारा फूल मालाओं से सजाई पालकी के साथ तमाम श्रद्धालु शहर की परिक्रमा के साथ गुरु जस गायन करते हुए वापिस गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी पहुंचे। नगर कीर्तन में गतका पार्टी के जवानों ने गतका द्वारा पुरातन युद्ध के गजब करतब दिखाए। इसी संबन्ध में मंगलवार को निशान साहेब की सेवा की गई। बुधवार को साहिब के भोग डाले उसके उपरांत कीर्तनी जत्थे, संत महापुरुष कथा कीर्तन उपदेश द्वारा संगत को निहाल किया। भोग समाप्ति उपरांत गुरु के लंगर का आयोजन भी किया जाएगा। गुरुद्वारा सिंह साहिब अखाड़ा बाजार कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र सिंह चावला व श्री गुरुग्रंथ साहेब भुंतर के प्रधान सतविंदर सिंह लाडी ने जानकारी देते हुए, बताया कि गुरु नानक जी के प्रकाशोत्सव के मौके पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी के सहयोग से भुंतर गुरुद्वारा साहिब में सत्संग के उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरता गया। उन्होंने बताया कि कुल्लू में पिछले 15 दिनों से प्रभात फेरी का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके अलावा गुरु नानक देव जी की जीवनी पर शब्द कीर्तन के माध्यम से प्रकाश डाला और संगत से उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। वहीं, मणिकर्ण गुरुद्वारा में भी भारी संख्या में संगत पहुंची और इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में आई संगत में गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।


जिला कुल्लू में गुरु नानक देव जी का 556 वां प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## कटराई में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गुरु पर्व

**कटराई** में सिख समुदाय के लोगों द्वारा श्री गुरु नानक देव जी का 556 वां प्रकाश पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कटराई में रहने वाले सिख समुदाय की महिलाओं, पुरुषों तथा बच्चों ने मिलजुलकर गुरु पर्व मनाया। इस दौरान सुबह के समय आतिशबाजी की गई तथा श्रद्धालुओं द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ करने के उपरांत प्रसाद बांटा गया। जानकारी देते हुए धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि कटराई में रहने वाले सिख समुदाय के लगभग 10 परिवार हर वर्ष गुरु पर्व को बड़ी ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाते आ रहे हैं। बताया कि कटराई में सिख समुदाय से संबंधित गुरमीत सिंह के निवास पर श्री गुरु ग्रंथ साहब विराजमान हैं और वहीं सब लोग मिलजुल कर पूजा अर्चना करने के उपरांत कुल्लू के अखाड़ा बाजार स्थित गुरुद्वारा साहिब में गुरु पर्व के कार्यक्रमों में शामिल होकर अपने जीवन को धन्य करते हैं।


**बाबा स्वामी दयानंद जी महाराज, गदौरी कुल्लू।**

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की सभी को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। सतगुरु नानक प्रगटिया, मिटी धुंधल जगि चानु होआ, 556वां प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। सतगुरु नानक देव जी महाराज जी सभी वर्णों को एक ही उपदेश दिया है कि कुदरत के सब बंदे हैं। बड़े उत्साह के साथ पूरे देश, प्रदेश व दुनियाभर में सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु तथा संसार को शांति व सद्भाव का संदेश देने वाले गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।


**महेंद्र सिंह चावला, अध्यक्ष गुरुद्वारा सिंह साहिब अखाड़ा बाजार कुल्लू।**

सभी को गुरु पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। कुल्लू में पिछले 15 दिनों से प्रभात फेरी निकाली जा रही है और नगर कीर्तन का भी आयोजन हो रहा है। संगत गुरुद्वारा सिंह साहिब में आकर मथा टेकने के साथ ही गुरु का अटूट लंगर भी छक कर जा रही है। गुरु पर्व हमें सद्भावना व एकजुटता का संदेश देता है।

# मनाली के लुदर ठाकुर को तीसरी बार प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन की कमान


हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के लुदर ठाकुर तीसरी बार हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने हैं।

मनाली में सर्वसम्मति से गठित हुई कार्यकारिणी में प्रदेशभर के क्लबों ने भाग लिया। लुदर ठाकुर को अध्यक्ष जबकि शिमला के राजेश शर्मा को महामंत्री तो मनाली के रूप चंद नेगी को चेयरमैन की कमान सौंपी गई। चंद मोहन नेगी, पीटी अंगू, ज्ञालसन ठाकुर, ओम प्रकाश, संजीव कुमार, तेज सिंह को उपाध्यक्ष, चेतन प्रकाश ठाकुर को कोषाध्यक्ष, राजू, अमर चंद, शांता, बेगमा को सहसचिव बनाया गया है। तीसरी बार अध्यक्ष बने लुदर ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शीतकालीन खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ सालों से राष्ट्र स्तर पर विंटर गेम्स का आयोजन नहीं हो रहा है। नई कार्यकारिणी का प्रयास रहेगा कि इस बार राष्ट्र स्तर पर विंटर गेम्स का आयोजन किया जाए। ठाकुर ने कहा कि समस्त कार्यकारिणी मिलकर काम करेगी और प्रदेश में छुपी प्रतिभाओं को उभारने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा कि शीत कालीन खेलों को लेकर प्रदेश सरकार का रवैया सकारात्मक नहीं है। हालांकि, देश व प्रदेश में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन आधारभूत सुविधाएं न मिलने से खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे है। सरकार से मिलकर इन स्की स्लोप को आधुनिक बनाने का प्रयास किया जाएगा। पांच बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे रूप चंद नेगी ने कहा कि उन्हें चेयरमैन की जिम्मेवारी दी गई है उसे बेहतर ढंग से निभाने का प्रयास किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कल वंदे भारत गीत से गूंजेगा अटल सदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** देश के राष्ट्रीय गीत वंदे भारत के 150 वर्ष पूरे होने पर जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के अटल सदन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर करीब 1000 लोग एकत्र होंगे और एक साथ राष्ट्रीय गीत का यहां गायन करेंगे। यह जानकारी पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कुल्लू में पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र का कार्यक्रम सात नवंबर को अटल सदन में आयोजित होगा। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे शुरू होगा और 1000 से अधिक लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। ऐसे में अब 150 साल पूरे होने पर भाजपा के द्वारा पूरे प्रदेश के संसदीय क्षेत्र में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 अक्तूबर को राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर यह कार्यक्रम करवाने का निर्णय लिया है। उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### पेंशनर्स की विभिन्न मांगों पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन मनाली खंड की मासिक बैठक बुधवार को इंडियन फ्लेवर रेस्टोरेंट में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र मेंहदीरत्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बीर सिंह बोध, प्रधान मनाली उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। पेंशनरों ने बताया कि वर्ष 2016 से 2025 तक सेवानिवृत्त हुए कई पेंशनरों को अभी तक उनके बकाया भुगतान प्राप्त नहीं हुए हैं। जुलाई 2023 से जुलाई 2025 तक के डीआर (महंगाई राहत) के बकाया, लीव इनकैशमेंट, मेडिकल बिलों की राशि, और अन्य देय भुगतान अब तक लंबित हैं। इन विषयों पर पेंशनरों ने गहरा रोष व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त, बैठक में सरकार से संयुक्त सलाहकार समिति के गठन और शीघ्र बैठक बुलाने की मांग की गई, ताकि पेंशनरों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। बैठक के अंत में शांति पाठ किया गया। निर्णय लिया गया कि दिसंबर 2025 में नियमित बैठक नहीं होगी, बल्कि संघ का स्थापना दिवस 17 दिसंबर को कुल्लू या किसी अन्य स्थान पर धूमधाम से मनाया जाएगा।

### 60 लोगों का जांचा स्वास्थ्य, दी दवाइयां

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** ग्राम पंचायत कटराईं के पंचायत भवन में क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान पंडोह की टीम द्वारा चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत के विभिन्न गांव से आए लगभग 60 लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया और उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान पंडोह की डॉक्टर अनुभा चांदला ने बताया कि यह केंद्र सरकार की अनुसंधान परिषद है इसका मुख्य कार्य आयुर्वेदिक क्षेत्र में अनुसंधान कार्य करना है और उसी के अंतर्गत यह कैंप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर साल इस तरह के पब्लिक हेल्थ कार्यक्रम संस्थान की ओर से चलाए जाते हैं इनमें लोगों के अलग-अलग समुदायों में जाकर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाती हैं। इसके अलावा हम अध्ययन कर रहे हैं यह एक रिसर्च आधारित अध्ययन है जो पारंपरिक खाने के ऊपर आधारित है, जिसमें हर क्षेत्र के लोगों के खानपान के तरीके तथा उनके रहन-सहन से संबंधित डाटा बनाए जाते हैं और लोगों को जागरूक किया जाता है कि कैसे अपने खान पान तथा जीवन शैली में बदलाव करके स्वास्थ्य लाभ लिया जा सकता है। इस टीम में डॉक्टर अनुभा चांदला,डॉक्टर रचना, डॉ विवेक, फार्मासिस्ट शिवानी, गगन और गोविंद के अलावा ग्राम पंचायत कटराईं की प्रधान गीता ठाकुर तथा समस्त वार्ड पंच भी उपस्थित रहे।

## एसएसबी गुरिल्ला संघ की बैठक 10 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संघ कुल्लू की बैठक 10 नवंबर सोमवार को कुल्लू ढालपुर मे होगी। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रेम राणा करेंगे। प्रेम राणा ने बताया कि 4 नवंबर को दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें गुरिल्लाओं के पक्ष में पॉलिसी बनाने के आदेश जारी हुए हैं। पॉलिसी 2011 की है, जो स्व. वीके आंद सेवानिवृत्त डीआईजी ने सरकार व एसएसबी विभाग को दी थी, अब लंबे समय के बाद एक उम्मीद जगी है। कुछ न कुछ मिलेगा कुल्लू जिला संगठन में जुड़े हुए सभी गुरिल्ला इस बैठक मे भाग लें अपने नाम चेक करें। उन्होंने बताया कि इस बैठक में राष्ट्रीय चेयरमैन प्रीतम ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। कोर्ट की पूरी जानकारी साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में जो नहीं आ पाया बाद में संगठन की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी ।

# रोहतांग और लाहौल ने ओढ़ी बर्फ की चादर

## बर्फबारी के कारण बंद हुई लेह, जांस्कर व काजा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**केलांग/कुल्लू।** कुल्लू व लाहुल स्पीति जिला में मौसम ने करवट बदल ली है।

कुल्लू जिले के ऊपरी क्षेत्रों में जहां बर्फबारी हो रही है। वहीं, निचले क्षेत्रों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, रोहतांग सहित मनाली के अन्य ऊपरी क्षेत्रों के अलावा लाहौल-स्पीति जिले ने भी बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। मनाली के पर्यटन स्थल अटल टनल रोहतांग के साउथ व नॉर्थ पोर्टल सहित कोकसर, सिस्सू, गुफा होटल में बर्फबारी का दौर सुबह से रात तक जारी रहा। मनाली से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर ही पर्यटक बर्फ के दीदार कर रहे हैं। बर्फबारी के कारण मनाली लेह, दारचा जांस्कर व वाहनों की आवाजाही बंद हो गई थी। इस कारण लेह व जांस्कर जाने वाले वाहन दारचा में जबकि लेह से मनाली आ रहे वाहन सरचू में सुबह से ही फंसे रहे लेकिन शाम को लेह मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो गया। वहीं, मनाली काजा मार्ग बंद होने के कारण काजा जाने वाले वाहन कोकसर में जबकि आने वाले वाहन लोसर में फंसे हुए हैं।



एक महीने बाद मौसम ने करवट बदली है। रोहतांग, शिंकुला व बारालाचा दर्रे में आधा फीट बर्फबारी हुई है। जबकि कुंजम व चंद्रताल झील भी बर्फ से ढक गई है।

लाहौल-स्पीति सहित कुल्लू व मनाली के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ के फाहे गिर रहे हैं। कोकसर व रोहतांग की ओर गए पर्यटकों का स्वागत बर्फ के फाहों से हुआ। रोहतांग की ओर गए पर्यटक वाहन मढ़ी तक ही जा पाए जबकि कोकसर की ओर गए पर्यटकों का अटल टनल के छोर में ही बर्फ के फाहों से स्वागत हो गया। पर्यटकों ने बर्फ के फाहों में खूब अठखेलियां की ओर सुंदर लम्हों को कैमरे में कैद किया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने कहा कि मनाली के पर्यटन स्थलों में बर्फ के फाहों का आनंद लेने जा रहे हैं तो फोर बाई फोर वाहनों में ही सफर को प्राथमिकता दें। सामान्य वाहन के बर्फ में स्किड होने का खतरा है। अगर आप स्वयं वाहन चला रहे हैं तो बर्फ पर संभलकर वाहन चलाएं।

> पर्यटकों के लिए मनाली के निकट ही स्नो प्वाइंट बन गए हैं। ताजा हिमपात से पर्यटन कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। इन दिनों पर्यटकों को होटलों में 25 से 30 प्रतिशत तक ऑफर भी दिया जा रहा है।
> **रोशन ठाकुर, निवर्तमान उपाध्यक्ष, होटल एसोसिएशन मनाली।**

## सड़क हादसे में नेपाली नागरिक की मौत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल क्षेत्र के अंतर्गत कटराईं राष्ट्रीय राजमार्ग में एक दर्दनाक सड़क हादसे में नेपाल निवासी 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा 3 नवंबर सोमवार को वाहन संख्या HPxyB-yvw{ (आई20 कार) से हुआ। मृतक की पहचान मन बहादुर पुत्र चल्ला, मूल निवासी गांव रूमा, जिला दाईलेख (नेपाल) और वर्तमान में किरायेदार, जगदीश गांव उदयपुर, लाहौल-स्पीति के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम करवाया। चिकित्सक की रिपोर्ट के अनुसार, मौत का कारण सिर में गंभीर चोट बताई गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए मृतक के बेटे राजकुमार को सौंप दिया गया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने हादसे में शामिल वाहन को कब्जे में लेकर चालक मोहम्मद शहाब खान, निवासी जगतसुख, तहसील मनाली, जिला कुल्लू उम्र 49 वर्ष को गिरफ्तार किया।

## बंजार की जर्जर स्कूल सड़क बनी नई उम्मीद, कंक्रीट बिछाने का कार्य जारी

**शीला कौल, अनंत ज्ञान**



**बंजार।** बंजार बाजार के स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से खराब हालत में पड़ी स्कूल सड़क अब नई शक्ल ले रही है।

इस सड़क पर इन दिनों पेवर और कंक्रीट बिछाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है, ताकि यह मजबूत और टिकाऊ बन सके। यह सड़क क्षेत्र में 'स्कूल रोड' के नाम से जानी जाती है, जिससे रोजाना सैकड़ों विद्यार्थी, अभिभावक और सरकारी कर्मचारी गुजरते हैं। बरसात के मौसम में यह सड़क कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाती थी, जिससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। अब निर्माण कार्य पूरा होने के बाद स्थानीय लोगों को स्थायी राहत मिलेगी और आवाजाही सुगम होगी। यह मार्ग न केवल स्कूल बल्कि स्थानीय मेला ग्राउंड तक जाता है, जहाँ समय-समय पर जनसभाएँ, सांस्कृतिक और खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आयोजनों के दौरान असुविधा होती थी, परंतु अब नई सड़क से क्षेत्र का सौंदर्य और उपयोगिता दोनों में वृद्धि होगी। सड़क के किनारे कई सरकारी कार्यालय और शिक्षण संस्थान स्थित हैं। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत और प्रशासन का आभार जताया है कि उनकी वर्षों पुरानी मांग अब पूरी हो रही है और कार्य तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

## हिमपात से फंसे पर्यटकों को पुलिस ने किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** काजा से मनाली आ रहे पर्यटक गत रात हिमपात के कारण छतड़ू में फंस गए। पर्यटकों का वाहन बर्फ में फंस गया। छतड़ू में फंसे पर्यटकों ने किसी तरह अपने फंसे होने की सूचना आधी रात डेढ़ बजे डीडीएमए को दी। डीडीएमए ने पर्यटकों के फंसे होने की सूचना कोकसर थाने में दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम फोर बाई फोर वाहन में छतड़ू की ओर रवाना हुई। पुलिस रेस्क्यू टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए तुरंत मौके पर पहुंचकर सभी फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित बचाया। कोकसर से लगभग 20 किमी दूर फंसे पर्यटकों को सुरक्षित कोकसर पहुंचाते सुबह के साढ़े 5 बजे गए। एसपी केलांग शिवानी मैहला ने बताया कि पुलिस के बचाव दल द्वारा समय पर प्रतिक्रिया और समर्पित प्रयासों से गंभीर मौसम की स्थिति के बीच सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की। राहगीरों से आग्रह किया कि कुंजम सहित बारालाचा व शिंकुला दर्रे को आर पार करते समय मौसम का विशेष ध्यान रखें।

# सभी विभाग भविष्य में पूरी वैज्ञानिक पद्धति से सतत व टिकाऊ डिजाइन बनाकर करें निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पोस्ट डिजास्टर नीड असेसमेंट टीम ने बुधवार जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने आपदा प्रभावित अखाड़ा बाजार, छरुड़ू, सेयुबाग, बागन, भूट्टी, शाड़ाबाई, तलाड़ा के सारी, तीर्थन के गुशैनी तथा बांदल गांवों का दौरा किया।

उन्होंने विभिन्न विभागों की क्षतिग्रस्त स्कीमों का जायजा लिया तथा नुकसान का आकलन किया। टीम ने सभी विभागों को भविष्य में पूरी वैज्ञानिक पद्धति से सतत एवं टिकाऊ डिजाइन बनाकर निर्माण करने का सुझाव दिया। उन्होंने जल शक्ति एवं लोक निर्माण विभाग सहित उन सभी विभागों को सुझाव दिया की जिनकी स्कीमों के निर्माण नदी के नजदीक हैं वे अपनी स्कीम के मुख्य निर्माण के आगे सैक्रिफिशियल किस्म के निर्माण करें ताकि नदी के बहाव की तीव्रता कम की जा सके तथा मुख्य निर्माण को होने वाली क्षति को कम किया जा सके।इस अवसर पर जल शक्ति, लोक निर्माण, कृषि, बागवानी, राजस्व,शिक्षा,स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास आदि प्रमुख विभागों के अधिकारी गण भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि यह विशेषज्ञ टीम मंगलवार शाम को कुल्लू पहुंची थी। इस पांच सदस्यीय टीम ने देर सांय अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने विस्तार से बताया कि जिला में किस स्थान पर, किस स्कीम को, कितना नुकसान हुआ है। उन्होंने जिला के भौगोलिक विस्तार तथा आपदा में हुए नुकसान के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति दी।सभी विभागों ने भी अपनी अपनी योजनाओं को हुए नुकसान पर पीपीटी प्रस्तुति दी। आज इस टीम द्वारा आपदा प्रभावित प्रमुख स्थानों पर विभिन्न विभागों की क्षतिग्रस्त स्कीम तथा क्षतिग्रस्त गांवों का दौरा किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने बागन, भूट्टी, तलाड़ा के सारी तथा बांदल गांव में प्रभावित लोगों से बातचीत भी की।


पोस्ट डिजास्टर नीड असेसमेंट टीम आपदा प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का जायजा लेते हुए।

# अक्षित मेहता और वरूण ने नृत्य कर लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

शहीद श्री बालकृष्ण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र कुल्लू में एनएसएस विशेष शिविर का समापन हुआ।

इस शिविर का समापन समारोह में बाराहार पंचायत के पूर्व प्रधान सुख राम ठाकुर मुख्यातिथि के रुप में शामिल हुए। एनएसएस प्रभारी मंजू आनंद ने इस 7 दिवसीय शिविर की जानकारी दी की। इस शिविर के 7 दिनों में बच्चों द्वारा विशेष प्रोजेक्ट पूरा किया गया। इसमें पर्यावरण संरक्षण के लिए साफ-सफाई अभियान के साथ रैलियां, प्रभात फेरी के साथ अपने अपने क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तित्व इन बच्चों को अभिप्रेरित किया गया। इस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सुन्दर श्याम महंत द्वारा बेहतरीन प्रकार से शायराना अंदाज से किया गया। पाठशाला प्राचार्य प्रकाश ने सबसे पहले मुख्यातिथि को सम्मानित किया और स्वागत उद्बोधन दिया। स्वंयसेवियों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी तत्पश्चात पीयूष ने कुलवी गीत गाकर सभी का मनोरंजन किया अक्षित मेहता और वरूण ने शानदार नृत्य से सब का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चो को पारितोषिक दे कर के सम्मानित किया। ओम कश्यप और अभिषेक सबसे शांत और सौम्य स्वयंसेवी नमन और युवराज सबसे एकटिव और ऊर्जावान अखिल को किचन किंग, राहुल और जगदीश सबसे साफ सुथरे और आगयकारी तथा सुजलॉन को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चुना गया। अंत मे पीयूष खेम चंद बीर प्रकाश और राहुल ने शानदार लोकनृत्य से कार्यक्रम का समापन किया। मुख्यातिथि ने कहा कि आप अनुशासन में रह कर इस शिविर में नई नई बातें सीखे और स्वयंसेवकों के रूप में समाज उत्थान के लिए तैयार रहें, ताकि हमारा राष्ट्र आगे बढ़ता रहे। कार्यक्रम प्रभारी मंजू आनंद ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्टाफ सचिव राजपाल, स्मृति कात्यायन, जया ठाकुर, सीता राखा, सुंदर श्याम, निर्मल भारद्वाज, अमित कौंडल, प्रेरणा, शांति, कंचन, नेहा भारती भी उपस्थित रहे।

**आयोजन** ऋषिराज राणा की अध्यक्षता में भारतीय किसान संघ जिला कुल्लू की बैठक आयोजित

# किसान संघ का हर कार्यकर्ता जिला और खंड स्तर का हो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारतीय किसान संघ जिला कुल्लू की बैठक जिला अध्यक्ष ऋषिराज राणा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में प्रांत संगठन मंत्री हरी राम पंवार ने कहा कि भारतीय किसान संघ की पंचायत स्तर की इकाई ग्राम समिति ही किसान संघ की जड़ है, इसका मजबूत होना होना और इसका सुदृढ़ीकरण करना बहुत आवश्यक है। प्रांत महामंत्री उमेश सूद ने कहा कि किसान संघ का हर कार्यकर्ता जिला और खंड स्तर का हो। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने ग्राम समितियां के पालक के रूप में कार्य करें जिससे कि पंचायत स्तर पर ग्राम समितियां मजबूत हो सके। बैठक में भूमिहीन किसानों को नौतोड़ देने के बारे में भी चर्चा हुई। इस हेतु भारतीय किसान संघ ने जिलाधीश के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को ज्ञापन सौंपा। जिला मंत्री रमेश ठाकुर ने कहा कि जिन किसानों का बरसात में नुकसान हुआ है, उन्हें सरकार शीघ्र अति शीघ्र मुआवजा दे और गांव को जोड़ने वाली सड़कों का जल्दी ठीक किया जाए। जिला उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर ने कहा की मासू गांव के लिए सड़क सुविधा को जल्द बाहाल किया जाए और उस इलाके में तार-स्पैन लगाने के लिए भी पंचायत को प्रोत्साहित करने के लिए जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में जिला कार्यालय मंत्री अरुण ठाकुर,जिला महिला प्रमुख सीता देवी, जिला कोषाध्यक्ष प्रेम चंद, जिला उपाध्यक्ष डा शेर सिंह, प्रकाश चंद राणा जिला राजस्व प्रमुख, कुल्लू खंड के अध्यक्ष पैने राम जी तथा खंड मंत्री फतेह सिंह उपाध्यक्ष दोत राम राणा, खन्ड महिला प्रमुख बंतू देवी, नगर खंड प्रभारी दरवारा सिंह, नगर खंड सचिव पूर्ण ठाकुर,जैविक प्रमुख नगर खंड बीणीराम, भुंतर खंड के अध्यक्ष गेहर सिंह ठाकुर तथा मंत्री प्रेमजीत प्रचार प्रमुख राजकुमार, विधि सहायक प्रमुख जितेंद्र,अंकित ठाकुर अध्यक्ष ग्राम समिति भूटटी, पवन ठाकूर, उत्तम सिंह, हुक्मी देवी, चंद्रपाल आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



भारतीय किसान संघ जिला कुल्लू की बैठक के दौरान चर्चा करते हुए सदस्य।

# गाड़ागुशैणी कॉलेज में देशराज और अनु बने बेस्ट एथलीट

**अनंत ज्ञान, बंजार**

राजकीय महाविद्यालय गाड़ागुशैणी में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में पी.टी.ए. अध्यक्ष ठाकुर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि पीटीए उपाध्यक्ष श्याम लाल एवं कार्यकारी प्राचार्य सन्नी नेगी विशेषातिथि के रूप में शामिल हुए।

मीट के दौरान 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़ के साथ-साथ लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन सभी इवेंट्स में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र देश राज को पुरुष वर्ग में तथा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अनु को महिला वर्ग में बेस्ट एथलीट घोषित किया गया।

मुख्यातिथि ठाकुर सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि खेल शारीरिक व मानसिक विकास के साथ अनुशासन और नेतृत्व गुण भी सिखाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर भविष्य संवारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया।


वार्षिक एथलेटिक मीट के दौरान प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए।

## गुरु पर्व की लख-लख बधाइयां



सुनील सन्नी सोलन।

सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु गुरू नानक देव जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं।



ई. दिनेश कश्यप, सोलन।

गुरु नानक जी के विचार हमें सदैव धर्म और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने की शक्ति प्रदान करते रहेंगे।



अमरप्रीत सिंह, चेयरमैन सपरून गुरु द्वारा सभा सोलन।

इक ओंकार सतनाम करता पुरखु निरभउ। बिरवैर अकाल मूरत अजूनी सैभं गुर प्रसादि। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।



इशप्रीत सिंह, सोलन।

विश्व को शांति, सद्भाव, भाईचारे और सेवा का संदेश देने वाले सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### सोलन के गाइघाट स्कूल में छात्र के साथ मारपीट

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के राजकीय प्राथमिक पाठशाला गाईघाट में चौथी कक्षा के छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र के सिर में चोट लगी है, जिसे परिजन बुधवार को क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में इलाज करवाने के लिए लेकर आए। परिजनों ने सदर थाना सोलन में मामले की शिकायत की है। छात्र की मां शोभा ने बताया कि उन्हें स्कूल से फोन आया और सूचना दी की। उनके बेटे शिवांश की पिटाई की गई है। यह सूचना भी आरोपी शिक्षक द्वारा ही दी गई कि उन्होंने आपके बेटे को चांटा मारा था, जिससे खून बहने लगा। यह सुनते ही वह स्कूल पहुंची, तो साथी बच्चों ने बताया कि शिक्षक ने लोहे की स्केल से उसे मारा, जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। खून इतना बहा की उसे नलके के पास ले जाकर पानी से धोया गया। इस पर स्कूल का कहना था कि बच्चे को खिड़की से चोट लगी है। शोभा ठाकुर के अनुसार, वह इससे पहले भी स्कूल प्रशासन को बच्चे के साथ हो रही मारपीट के बारे में चेतावनी दे चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद घटना दोहराई गई। उन्होंने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते आरोपित शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय प्रशासन ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है और संबंधित शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### दो लोगों से हुई 1,43,95000 की साइबर ठगी

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** देशभर में बढ़ते साइबर अपराधों की तरह सिरमौर जिले का नाहन शहर भी साइबर ठगों की नई चालों से अछूता नहीं रहा है। अपराधी लगातार लोगों को झांसे में लेकर उनकी मेहनत की कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। खासतौर पर रिटायर सीनियर सिटीजन इसके मुख्य शिकार बन रहे हैं। हाल ही में नाहन में दो बड़े साइबर ठगी के मामले सामने आए, जिनमें कुल 1 करोड़ 43 लाख 95 हजार रुपए की ठगी हुई। पहला मामला 2015 का है, जब रिटायर बैंक मैनेजर जसवंत सैनी के बैंक खाते से 84.75 लाख रुपए चोरी कर लिए गए। ठगों ने 61 ट्रांजेक्शन के माध्यम से यह राशि 24 अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की। पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चार लाख रुपये रिकवर किए। चार्जशीट 2021 में दाखिल की गई थी, लेकिन तकनीकी खामियों के कारण इसे 2024 में संशोधित कर अदालत में पेश किया गया। यह मामला अब भी विचाराधीन है। दूसरा मामला सितंबर 2025 का है, जब नाहन के वरिष्ठ नागरिक जीसी टांक और उनकी पत्नी के खातों से मुंबई से कॉल कर ठगों ने 59.20 लाख रुपए उड़ा लिए। अपराधियों ने खुद को जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर राशि 'वेरिफिकेशन' के लिए मांगी और 24 घंटे में वापसी का भरोसा दिया। शिकायत मिलने पर मामला राज्य सीआईडी साइबर सेल को सौंपा गया, क्योंकि 20 लाख से अधिक की ठगी वाले मामले अब सीआईडी जांच करेगी। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि 2025 में सिरमौर पुलिस ने विभिन्न राज्यों में छापेमारी कर लगभग 40 लाख रुपये रिकवर किए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध कॉल या ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के मामले में तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते ठगी रोकी जा सके।

### पुलिस ने पंजाब से लाए 130 सिलेंडर पकड़े

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने हिमाचल में अवैध तरीके से लाए जा रहे 130 सिलेंडर पकड़े। जानकारी के मुताबिक एक शिकायतकर्ता धर्मेश शर्मा वर्तमान निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग धर्मपुर ने थाना धर्मपुर में शिकायत दर्ज करवाई कि 4 नवंबर को एक गुप्त सूचना के आधार पर इन्होंने जाबली राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 पर गाड़ी संख्या एचपी-64-9663, एचआर-68बी-3934 और गाड़ी अल्ट्राईड पल्स का निरीक्षण किया, तो इन तीनों गाड़ियों में अवैध रूप से रखे/परिवहन किए जा रहे कुल 130 सिलेंडर बरामद किए। उपरोक्त वाहन के चालक इन सिलेंडरों के बारे में कोई भी वैध दस्तावेज, बिल आदि पेश न कर सके। इस पर पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया तथा वारदात में सलिप्त उपरोक्त तीनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है, जबकि बरामद सिलेंडरों को शिकायतकर्ता धर्मेश शर्मा के हवाले किया गया है। उपरोक्त वाहनों के चालको जिनके नाम, पते यशपाल गुज्जर पुत्र जरनैल सिंह निवासी गाव टेगरा हरी सिह डाखा व तहसील कालका जिला पंचकूला हरियाणा उम्र 24 वर्ष, गुरजट पुत्र कर्मवीर निवासी गाव व डाकखाना लालडु तह. डेराबस्सी जिला एसएएस नगर मोहाली पंजाब उम्र 22 वर्ष व नरेंद्र देव पुत्र गोपाल निवासी गाव लानशा डाखा जाबली तह. कसौली जिला सोलन उम्र 55 वर्ष पाए गए हैं, उनको नोटिस अधीन धारा 35 (3) बीएनएस एस के तहत पाबंद किया गया। अभियोग के अन्वेषण के दौरान पाया गया कि उपरोक्त वाहन चालक बाहरी राज्यों से अवैध रूप से सिलेंडर लाकर हिमाचल में लोगों को बेच देते थे। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

### भाषण प्रतियोगिता में दामिनी ने चमकाया नाम



**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू के दो छात्रों ने एसडी स्कूल रबोन में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अपनी वक्तृत्व कला की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया, जिसमें कनिष्ठ वर्ग में 19 और वरिष्ठ वर्ग में भी 19 स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। दामिनी सिंह ने जूनियर वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अर्नव सिंगला को उनके आत्मविश्वास और अभिव्यंजना पूर्ण प्रदर्शन के लिए सीनियर वर्ग में सम्माननीय उल्लेख प्राप्त हुआ। पाइन ग्रोव स्कूल स्कूल के दोनों छात्रों की प्रभावशाली उपलब्धियों और स्पष्टता एवं दृढ़ विश्वास के साथ विचारों को व्यक्त करने की उनकी क्षमता की सराहना करते है।

### अंडर-19 वॉलीबॉल टीम में अक्षिता का चयन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के पच्छाद उपमंडल के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरसू की जमा दो की छात्रा अक्षिता शर्मा का चयन अंडर-19 हिमाचल प्रदेश वॉलीबॉल टीम में हुआ है। अक्षिता सिरमौर जिला की एकमात्र महिला खिलाड़ी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अंडर-19 महिला वॉलीबॉल टीम में कुल 12 खिलाड़ियों को स्थान मिला है, जिनमें 9 खिलाड़ी शिमला जिला से और 2 कांगड़ा जिला से हैं। चयनित टीम 13 से 17 नवंबर तक मध्यप्रदेश के आदर्श गदरवारा, नरसिंहपुर में होने वाली नेशनल स्कूल गेम्स में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगी। विद्यालय के प्रिंसिपल रणदीप चौहान ने अक्षिता को बधाई दी और उनकी मेहनत की सराहना की। उनकी सफलता का श्रेय स्कूल के पीईटी चतर सिंह और प्रशिक्षक वीरेंद्र शास्त्री को जाता है। वीरेंद्र शास्त्री स्वयं सीनियर स्टेट वॉलीबॉल खिलाड़ी रह चुके हैं और बच्चों को प्रशिक्षण देते हैं।

### ग्रामीण मंडल के युवा मोर्चा पदाधिकारियों की घोषणा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के सोलन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मंगलेश सिंह ने बुधवार को अपने मंडल की नई पदाधिकारी सूची की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मंगलेश सिंह ने कहा कि युवा मोर्चा संगठन का मजबूत स्तंभ है और नव-नियुक्त पदाधिकारी संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा सदैव समाज के विकास और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहा है। नई टीम के गठन से संगठन को नई गति और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

# विस चुनाव के लिए भाजपा बद्दी से भरेगी उड़ान

## 7 मोर्चों व प्रदेश पदाधिकारियों, प्रकोष्ठों को चार्ज करने के बाद फील्ड में उतरने के दिशा-निर्देश

ओम शर्मा, अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बद्दी से जोरदार तैयारी में जुट गई है। पार्टी ने दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें संगठन के सात मोर्चों के कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाने और पार्टी की नीतियों व योजनाओं का प्रचार करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें कर्मचारियों, पूर्व कर्मचारियों, वरिष्ठ नागरिकों, पूर्व अध्यापकों, व्यापारी वर्ग, युवाओं, बेरोजगारों और समाज के अन्य वर्गों के बीच संवाद स्थापित करने के तरीकों पर चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इसे चुनावी 'टेकऑफ' की तैयारी बताया और कहा कि 2027 विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी के सभी मोर्चे, पदाधिकारी और कार्यकर्ता फील्ड में पूरी तैयारी के साथ उतरेंगे। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में हुआ। प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए प्रेरित किया। पहले सत्र में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति, ट्राइबल, अल्पसंख्यक और ओबीसी मोर्चे को प्रशिक्षण दिया गया।

दूसरे सत्र में प्रदेश के सभी पदाधिकारी, मीडिया, सोशल मीडिया और आईटी विभाग के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. बिंदल ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग में पार्टी की नीतियों और योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग प्रकोष्ठों के माध्यम से कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों तक जाएंगे और जनता से संवाद कर उन्हें पार्टी की उपलब्धियों और योजनाओं से अवगत कराएंगे। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की झूठ की ट्रेन हिमाचल से बिहार तक जा रही है और जनता को ठगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ जनता तक पहुंचे और सत्ता में वापसी के लिए अभियान तेज करेंगे।



दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ करते भाजपा प्रदेश प्रभारी व अन्य वरिष्ठ नेता तथा कार्यशाला में उपस्थित विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ता।

### बद्दी के मंच से भाजपा की हुंकार : उखाड़ फेंकेंगे निकम्मी कांग्रेस सरकार

**कार्यशाला** के मंच से भाजपा नेताओं ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कड़ी टिप्पणियां कीं। प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन और डॉ. राजीव बिंदल ने सरकार पर बेरोजगारी, अधूरी योजनाओं और आपदा प्रबंधन में घोटालों का आरोप लगाया। जयराम ठाकुर ने कहा कि 15 लाख बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरियों का वादा पूरी तरह से नाकाम रहा। डॉ. बिंदल ने प्रदेश में सड़कें टूटी, पेयजल योजनाएं अधूरी और हजारों परिवारों को आपदा के दौरान बेघर होने का उदाहरण देते हुए कांग्रेस सरकार को इतिहास की सबसे असफल सरकार बताया।

# श्री रेणुका जी झील पर प्रतिदिन आरती की पहल सराहनीय : राज्यपाल

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सिरमौर जिला के रेणुका जी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने पवित्र श्री रेणुका जी झील के देवघाट पर प्रतिदिन आरती के आयोजन की पहल की सराहना की और जिला प्रशासन एवं श्री रेणुका जी विकास बोर्ड को इसके लिए बधाई दी।

राज्यपाल ने श्रद्धालुओं से अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण का आह्वान किया और कहा कि यह मेला देशभर के लोगों के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया। राज्यपाल ने कहा कि संस्कृति

**अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला संपन्न**

हमारी सबसे बड़ी विरासत है और इसे संरक्षित करना समाज की समृद्धि के लिए आवश्यक है। राज्यपाल ने भगवान परशुराम और माता रेणुका जी के मंदिरों में पूजा-अर्चना की और पारंपरिक देव विदाई समारोह में भाग लिया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। सभा में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष और श्री रेणुका जी विकास बोर्ड के अध्यक्ष विनय कुमार, सांसद सुरेश कश्यप, उपायुक्त प्रियंका वर्मा, पुलिस अधीक्षक निश्चिंत नेगी और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



पालकी को कंधा देते राज्यपाल राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

# चेक बाउंस मामले में तीन महीने की सजा

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

चेक बाउंस के एक मामले में अर्की की ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास की अदालत ने बागा कंधर निवासी एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए तीन माह की साधारण कैद तथा 22,10,400 रुपए (बाइस लाख दस हजार चार सौ रुपए) की राशि शिकायतकर्ता को अदा करने के आदेश जारी किए हैं।

राशि का भुगतान न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त 15 दिन का कारावास भुगतना होगा। यह मामला वर्ष 2022 से संबंधित है, जिसमें शिकायतकर्ता मुनिष कुमार शुक्ला पुत्र राम चंद निवासी दाड़लाघाट ने आरोपी के खिलाफ एनआई एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत शिकायत दायर की थी। सितंबर 2019 में आरोपी ने अपने व्यवसायिक कार्यों के लिए शिकायतकर्ता से 18,00,000 रुपए (अठारह लाख रुपए) की राशि उधार ली थी। उस समय आरोपी ने यह वादा किया था कि वह उक्त

**22,10,400 रुपए शिकायतकर्ता को अदा करने के दिए आदेश**

राशि एक वर्ष के भीतर लौटा देगा। हालांकि, निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद भी आरोपी ने राशि वापस नहीं की। इसके उपरांत आरोपी ने शिकायतकर्ता को 18 लाख रुपए का एक चेक प्रदान किया, जो बैंक में जमा करवाने पर धनराशि की कमी के कारण बाउंस हो गया।

शिकायतकर्ता ने चेक के बाउंस होने की सूचना मिलने पर आरोपी से संपर्क किया, लेकिन जब कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उसने अपने अधिवक्ता एडवोकेट सुनील ठाकुर के माध्यम से अदालत की शरण ली और नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 की धारा 138 के अंतर्गत मामला दायर किया। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से दलीलें प्रस्तुत की गईं। अदालत ने पेश किए गए दस्तावेजी साक्ष्यों और मौखिक गवाही पर विचार करते हुए पाया कि आरोपी द्वारा जारी किया गया चेक वास्तव में उधारी राशि की अदायगी के लिए था और उसके बाउंस होने से शिकायतकर्ता को आर्थिक हानि हुई। अदालत ने यह भी माना कि आरोपी यह साबित करने में असफल रहा कि उसने उक्त राशि पहले ही लौटाई थी या कोई वैध कारण था। इसके कारण भुगतान नहीं किया जा सका। दोनों पक्षों की दलीलों और साक्ष्यों का विस्तृत परीक्षण करने के बाद, न्यायिक मजिस्ट्रेट इशानी शर्मा की अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए तीन माह की साधारण कैद की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने आदेश दिया कि आरोपी शिकायतकर्ता को 22,10,400 रुपए की राशि अदा करे, जिसमें मूल राशि, ब्याज और मुकदमे से संबंधित अन्य खर्च सम्मिलित हैं। यदि आरोपी निर्धारित अवधि में यह राशि अदा नहीं करता है तो उसे अतिरिक्त 15 दिन का कारावास भुगतना होगा।

# सोलन में श्रद्धा के साथ मनाया श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व



गुरुपर्व पर सपरून गुरुद्वारा पहुंचे श्रद्धालु गुरुवाणी सुनते हुए।

अनंत ज्ञान, सोलन

गुरुद्वारा सिंह सभा सपरून में सिक्खों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक के पावन प्रकाश पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया इस अवसर पर संगत ने गुरुबाणी की मधुर धुनों में डूबकर गुरु साहिब के उपदेशों को आत्मसात किया। गुरुद्वारे में सजे सुंदर दीवान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थिति दर्ज कराई।

समारोह में करमजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह के साथ विशेष रूप से अमृतसर से आए अमनदीप सिंह और भाई मनदीप सिंह ने कीर्तन दरबार में हाजिरी भरी। पूरे परिसर में 'जो बोले सो निहाल' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

दीवान के दौरान वक्ताओं ने कहा कि श्री गुरु नानक देव संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने बताया कि गुरु का आगमन उस युग में हुआ जब अज्ञान और भेदभाव का अंधकार व्याप्त था और उनके उपदेशों से संसार में ज्ञान का प्रकाश फैल गया। इस साहिबानों ने गुरु जी के तीन मूल संदेशों 'किरत करो, नाम जपो और वंड छको' को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# वंशिका राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबाल में दिखाएगी जौहर

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शावगा की छात्रा वंशिका शर्मा पुत्री तपिंदर शर्मा ग्राम धनोह का चयन अंडर-19 वॉलीबाल में राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा के लिया हुआ है। वंशिका शर्मा के चयन होना जहां स्कूल खुशी की खबर है वहां पूरे राजगढ़ क्षेत्र के लिए भी गर्व की बात है। अध्यापक अभिभावक संघ के अध्यक्ष राज कुमार ठाकुर और स्कूल के कार्यवाहक प्रिंसिपल लोकेश तोमर व पूरे स्टाफ ने वंशिका के चयन के लिए स्कूल के पीईटी, सुखदेव भारद्वाज को बधाई दी है जिनके अथक प्रयास से स्कूल का नाम और क्षेत्र नाम रोशन हुआ है। समाजसेवी राजकुमार और रणवीर सिंह ने हैरानी जताते हुए बताया कि सिरमौर की चयन समिति ने जिस छात्रा का चयन जिला और राज्य स्तर के लिए करना उचित नहीं समझा, उस लड़की ने अपनी कड़ी मेहनत से नेरवा में अपना ट्रायल दिया और वहां चयनकर्ता समिति ने उसका राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन कर दिया।

# कार्यकर्ताओं के समर्पण से ही मेरा बूथ सबसे मजबूत का लक्ष्य होगा साकार : श्रीकांत शर्मा



बैठक को संबोधित करते प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा।

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

भाजपा दाड़लाघाट मंडल की संगठनात्मक बैठक झरना बरायली में प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला प्रभारी राज पाल, ज़िला सोलन सह प्रभारी वंदना योगी, जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल, कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा, तथा जिला सचिव संजय सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने संगठन को मज़बूत करने के लिए चलाए जा रहे अभियान मेरा बूथ सबसे मज़बूत पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बूथ पालकों, बूथ अध्यक्षों और बीएलए को संगठनात्मक ढाँचा सुदृढ़ करने तथा बूथ स्तर पर जनसंपर्क को और मज़बूत बनाने के दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आगामी कार्यक्रमों, संगठन विस्तार, तथा बूथ सशक्तिकरण के लिए रणनीति तैयार की गई। नेताओं ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन की रीढ़ हैं और उनके समर्पण से ही मेरा बूथ सबसे मज़बूत का लक्ष्य साकार होगा। इस अवसर पर भाजपा दाड़ला मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी प्रदेश, ज़िला एवं मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, मंडल कार्यसमिति सदस्य, ग्राम केंद्र अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं बूथ पालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 6.40 करोड़ से पच्छाद की तीन सड़कें होंगी चकाचक

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पच्छाद निर्वाचन की तीन सड़कों की टायरिंग और नवीनीकरण के लिए 6.40 करोड़ की राशि स्वीकृत करने के लिए विधायक रीना कश्यप ने केंद्र सरकार व विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। इसमें 10 किलोमीटर बड़ू साहिब- सोहड़ा ध्याड़ी सड़क के लिए दो करोड़, कल्यो पाब से लेउलाना 15 किलोमीटर सड़क के लिए 3.15 करोड़ और छह किलोमीटर लंबी जयहर से मानगढ़ सड़क के लिए 1.25 करोड़ की राशि सड़कों को पक्का करने तथा इसके नवीनीकरण के लिए स्वीकृत की गई है। इन सड़कों की टेंडर प्रकिया पूर्ण हो गई है। भाजपा कार्यालय सचिव हर्ष आनंद ने बताया कि रीना के प्रयासों से पच्छाद की तीन सड़कों के लिए पीएमजीएसवाई के तहत धनराशि स्वीकृति हुई है, जिसका श्रेय विधायिका को जाता है।

# अपूर्वा ने सियोल में लहराया भारत का परचम

अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले की होनहार बेटी अपूर्वा ममगाईं ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत और प्रदेश का नाम गर्व से ऊंचा किया है। अपूर्वा ने इंटरनेशनल फोरम 'वी द यूथ' के तत्वावधान में आयोजित वैश्विक सम्मेलन में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह सम्मेलन 25 से 29 अक्तूबर तक दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में हानयांग यूनिवर्सिटी में संपन्न हुआ।

सम्मेलन का मुख्य विषय था 'परिवर्तन के लिए जुड़ना' इस मंच पर विश्वभर के युवा एकत्र होकर वैश्विक चुनौतियों के समाधान और नीतियों पर विचार-विमर्श करते हैं। इंटरनेशनल फोरम 'वी द यूथ' ने विश्व को छह क्षेत्रों में विभाजित कर 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं से छह विभिन्न विषयों पर आलेख आमंत्रित किए। विश्व स्तर पर लगभग 27,000 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। अपूर्वा ममगाईं का चयन उनके उत्कृष्ट आलेख 'एनवायरनमेंट सस्टेनेबिलिटी' के



आधार पर हुआ। उनके इस लेख ने उन्हें 11 से 14 अगस्त तक थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय सम्मेलन में कैटेलिस्ट के रूप में भाग लेने का अवसर दिलाया। इस क्षेत्रीय सम्मेलन में भारत सहित एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कुल 50 युवाओं ने भाग लिया, जिन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान हेतु एक नीति-पत्र तैयार किया। बैंकॉक में अपने प्रभावशाली वक्तव्य और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अपूर्वा का चयन सियोल में आयोजित वैश्विक सम्मेलन में एक्सप्लोरर के रूप में हुआ। इस सम्मेलन में विश्वभर से कुल 150 युवाओं ने भाग लिया, जिनमें अपूर्वा भारत की एकमात्र प्रतिनिधि थीं। उन्होंने सम्मेलन में एशिया-प्रशांत क्षेत्र की पर्यावरणीय चुनौतियों और उनके स्थायी समाधानों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए, जिनकी सराहना सभी प्रतिभागियों और आयोजकों ने की। अपूर्वा सिरमौर कल्याण मंच सोलन के अध्यक्ष प्रदीप ममगाईं की भतीजी हैं। उनके माता-पिता सरकारी विद्यालय में अध्यापक हैं। अपूर्वा ने भूगोल (ऑनर्स) में स्नातक किया है और वर्तमान में दिल्ली के टैरी स्कूल ऑफ एडवांस स्टडीज से एनर्जी स्टडीज एंड मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर कर रही हैं। उनका कहना है कि हिमालयी प्रदेश से होने के कारण उनका प्रकृति से गहरा नाता है। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि आने वाली पीढ़ियां व्यवहारिक पर्यावरण शिक्षा के माध्यम से सस्टेनेबिलिटी को जीवन शैली के रूप में अपनाएं। अपूर्वा ममगाईं की यह उपलब्धि न केवल हिमाचल बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सिद्ध किया है कि हिमालय की बेटियां प्रकृति की रक्षक ही नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाली युवा नेतृत्व की मिसाल हैं।

**आयोजन** देवठी मंझगांव में 6 से 9 नवंबर तक सजेगा रुद्र महाराज का एकादशी मेला

# वाद्ययंत्रों के साथ देव यात्रा व जागरे की अनूठी परंपरा

बीआर चौहान, अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजगढ़ उपमंडल के रासूमांदर के देवठी मंझगांव में हर वर्ष नवंबर माह के दौरान क्षेत्र के आराध्य देव रूद्र महाराज के नाम पर एकादशी मेले का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष यह मेला 6 से 9 नवंबर तक रूद्र देवता के मौड़ के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मेले का शुभारंभ 6 नवंबर को प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह करेंगे। इसकी पुष्टि एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने की। मंदिर मेला समिति के अनुसार प्रबोधनी एकादशी को देवठी मझगांव में रूद्र महादेव प्रादुर्भाव हुआ था। रूद्र महादेव के इस प्रकटोत्सव पर हर वर्ष देवठी मझगांव में प्रबोधनी एकादशी में मेले का आयोजन किया जाता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को प्रारंभ होकर यह मेला तीन दिन तक चलता है। इस दिन रूद्रमहादेव को पुरानी देवठी से गांव के साथ लगते एक अन्य मंदिर अर्थात मौड़ में वाद्य यंत्रों के साथ



देवठी मंझगांव में रूद्र महाराज का प्राचीन मंदिर।

ले जाते हैं। इसी के साथ ही देवता के नाम पर जागरे की परंपरा आरंभ हो जाती है। इसमें क्रमवार जागरा देवठी, मझगांव, कूंथल, लवाणा, ठारू और मधैईक का जागरा सबसे अंत में होता है। सातवें दिन मौड़ के प्रांगण में रूद्र महाराज का विशाल मेला आयोजित किया जाता है। इसमें देवता के गूर सामूहिक नृत्य में भाग लेते हैं। रात्रि के चौथे पहर में उनमें देवता की खेल आती है और देववाणी से लोगों को सुख समृद्धि का आशिर्वाद देते हैं। उसके उपरांत देवता अपनी पुरानी देवठी को प्रस्थान कर देते हैं। मेले के दौरान लोगों के मनोरंजन के लिए करियाला व ड्रामा का मेला समिति द्वारा आयोजन किया जाता है। इस वर्ष मेला समिति ने लोगों के मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध कलाकारों को आंमत्रित किया है। इनमें पंकज ठाकुर, दीपक चौहान, रोशनी शर्मा, भारती शर्मा, विनोद रांटा, विक्की कौंडल, विवेक राजटा सहित अनेक कलाकार अपनी सुरीली आवाज से धमाल मचाएंगे। मेला समिति ने बताया कि देवठी मंझगांव स्थित मंदिर में रूद्र महादेव दो रूप में विराजमान है, जिनमें एक पशुपति व दूसरे भूतपति रूद्र महादेव है।

कामांह ब्राह्मण की पत्नी घर पर दही के मंथन के दौरान पशुपति रूद्र महादेव की उत्पति हुई है, जबकि भूतपति महादेव को प्रादुर्भाव क्षेत्र के राजा के वध से जुड़ा है। सिर कटा धड़ घोड़े पर सवार होकर रूद्र महाराज के मंदिर में आकर समा गया था। इसकी भूतेश्वर महादेव अर्थात टकराल देवता के नाम से इस मंदिर में पूजा की जाती है।

# संगठन की मजबूती के लिए हर मोर्चे की भूमिका अहम : रीना



भाजपा मंडल राजगढ़ के सभी मोर्चों की परिचय बैठक में मौजूद पार्टी कार्यकर्ता।

अनंत ज्ञान, राजगढ़

भाजपा मंडल राजगढ़ के सभी मोर्चों की परिचय बैठक विश्राम गृह राजगढ़ में विधायक रीना कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में भाजपा के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह जानकारी कार्यालय सचिव हर्ष आनंद ने दी। विधायक रीना कश्यप ने कहा कि संगठन के प्रत्येक मोर्चे की भूमिका पार्टी की मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन इसलिए है क्योंकि यहां हर कार्यकर्ता को सम्मान और जिम्मेदारी दी जाती है। विधायक ने सभी पदाधिकारियों से आगामी पंचायती राज चुनावों में एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि संगठन तभी मजबूत बनता है, जब कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझें व उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से जोड़ें। बैठक में अनुसूचित जनजाती मोर्चा से प्रकाश ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, अभिनंदन सिंह, क्रांति चौहान, बलविंदर, श्यामा नंद, प्रताप मेहता, गुरदयाल ठाकुर, कैलाश ठाकुर, उमा दत्त, रमेश, मदन अत्री, युवा मोर्चा से दीपक अत्री, मनीष भगनाल, मंदीप कंवर, रजत शर्मा, भूपेंद्र रापटा, राहुल चौहान, अखिल ठाकुर, भानु प्रताप, वीरेंद्र कुमार, विजेंदर कुमार, रजत, महेंद्र हब्बी,किसान मोर्चा से तपेंद्र सिंह ठाकुर, राकेश ठाकुर, अनिल चौहान, संजय ठाकुर, विक्रम ठाकुर, सुरजीत ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, सुभाष कनाल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### फाइनेंस कंपनी की मनमानी से किसान परिवार बेघर

**अनंत ज्ञान, हिसार।** बरवाला क्षेत्र के गांव पंघाल में एक निजी फाइनेंस कंपनी की मनमानी के चलते किसान परिवार को अपने दो छोटे बच्चों सहित गली में दो रातें बितानी पड़ीं। कंपनी ने किसान सुरेश कुमार के घर को ताला लगाकर उन्हें बाहर निकाल दिया था। बुधवार को बाडोपट्टी टोल कमेटी, अखिल भारतीय किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन, भ्याण खाप और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कंपनी का ताला खुलवाया और परिवार को दोबारा घर में प्रवेश करवाया। किसान नेताओं ने बताया कि शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ने मात्र अढ़ाई लाख रुपए की बकाया राशि के लिए यह अमानवीय कदम उठाया। किसान परिवार बीपीएल श्रेणी का है और अब तक 2 लाख 34 हजार रुपए चुका चुका है। जलभराव और आर्थिक संकट के कारण वे समय पर किस्तें नहीं दे पाए थे, लेकिन कंपनी ने घर सील कर अंदर रखा राशन, कपड़े और बच्चों का सामान भी बंद कर दिया। टोल कमेटी अध्यक्ष सरदानंद राजली ने कहा कि सरकार की शह पर कंपनियां गरीब किसानों पर अत्याचार कर रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने ऐसी मनमानी नहीं रोकी, तो बाडोपट्टी टोल कमेटी संयुक्त किसान मोर्चा के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

### पानीपत रेलवे स्टेशन पर मिला युवक का शव

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन के पास लाइन किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव को जब गुजर रहे यात्रियों ने देखा तो तुरंत इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव को सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 39 वर्ष प्रतीत हो रही है। शव के पास से कोई पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिले हैं। युवक के बाएं हाथ पर सिर्फ जख्मी दिल गुदा हुआ है, जो उसकी पहचान में मददगार साबित हो सकता है। जीआरपी थाना प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि आसपास के थानों में युवक की फोटो भेज दी गई है ताकि जल्द से जल्द उसकी पहचान हो सके। जीआरपी ने बताया कि व्यक्ति के शरीर पर कोई चोट का निशान भी नहीं मिला है। घटनास्थल के पास किसी तरह के हादसे के निशान नहीं मिले हैं। अब पुलिस मृतक युवक का पता लगाने में जुटी है और मौत के सही कारण का पता लगाने में जुटी है । इसलिए आसपास के कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने युवक को इससे पहले कभी भी स्टेशन के पास नहीं देखा था। थाना प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि मौत के सही कारण का तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

### फाजिलपुरिया फायरिंग केस में दो और गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नूंह।** सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने बुधवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी फायरिंग के लिए हथियार उपलब्ध कराने में शामिल थे। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार के अनुसार अब तक इस केस में कुल 10 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। घटना 14 जुलाई को गुरुग्राम के बादशाहपुर थाना क्षेत्र स्थित एसपीआर रोड पर हुई थी, जब फाजिलपुरिया की गाड़ी पर अज्ञात बदमाशों ने गोलीबारी की थी। गोली गाड़ी पर लगी थी, लेकिन सिंगर सुरक्षित बच गए थे। पुलिस ने मौके से गोली का खोल और एक लोहे का पोल बरामद किया था, जिस पर गोली के निशान मिले थे। अदालत में पेशी के बाद प्रदीप को न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जबकि गगनदीप को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### पलवल में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दो मासूम कुचले

**अनंत ज्ञान, पलवल।** जिले के खिल्लुका-कोट मार्ग पर मंगलवार देर शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। मीठाका गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े दोनों बच्चों को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान खिल्लुका गांव निवासी 13 वर्षीय मुआविया और 14 वर्षीय मोहम्मद अनस के रूप में हुई है। हादसे में मोहम्मद अनस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल मुआविया ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। शिकायतकर्ता वसीम ने बताया कि वह दोनों बच्चों के साथ बाइक से कोट गांव जा रहा था। मीठाका गांव के पास उसने बाइक सड़क किनारे खड़ी की और लघुशंका के लिए चला गया। इसी दौरान कोट निवासी तय्यूब ट्रैक्टर को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए आया और बच्चों को कुचल दिया।

# प्रदेश को बेसहारा गोवंश से मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता : सीएम सैनी

## मुख्यमंत्री ने स्वदेशी राष्ट्रीय गोधन समिट-2025 का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार गो संरक्षण को लेकर लगातार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। सरकार ने गोशालाओं के विकास, गौवंश के संरक्षण और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।



सैनी गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर बुधवार को गुरु दलीप सिंह महाराज के मार्गदर्शन में नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित स्वदेशी राष्ट्रीय गौधन समिट-2025 के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। लगातार 10 नवंबर तक चलने वाली इस समिट में देशभर से अनेक जनप्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में विशाल नामधारी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। लगातार 6 दिन तक चलने वाले इस समिट में गोसरंक्षण पर मंथन कर आगे बढ़ने के अवसर सुलभ होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोसेवा और खेती एक दूसरे के पर्याय हैं। गोमाता हमारी अर्थव्यवस्था का आधार है। प्राचीन काल से हमारे देश में जिस व्यक्ति के पास जितनी अधिक गायें होती थी, उसे उतना ही अधिक धनवान माना जाता था। गाय को माता का दर्जा दिया गया है और गाय का दूध अमृत के समान है। देसी गाय का दूध डायबिटिज व हृदय रोगों से बचाव व उपचार में अत्यंत लाभकारी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए वोकल फॉर लोकल पर बल दिया है। गोमाता संरक्षण और स्वदेशी की शक्ति का रास्ता ही हमें आत्मनिर्भर भारत की ओर लेकर जाता है। इसलिए हमें इन पर पूर्ण रूप से सक्रिय होकर कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को बेसहारा गोवंश से मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए पानीपत व हिसार में दो गो अभ्यारण्यों की स्थापना की गई है। इनमें शैड, पानी व चारे की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 686 गोशालाओं में लगभग 4 लाख गोवंश का पालन किया जा रहा है। 330 गोशालाओं में सोलर ऊर्जा प्लांट लगाए गए हैं। गोशालाओं की जमीन पर रजिस्ट्री नि:शुल्क होती है। गौसेवा आयोग का बजट भी बढ़ाकर 595 करोड़ रुपए किया गया है।

सैनी ने गुरु पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा नानक जी ने हमें तीन मंत्र दिए मेहनत ईमानदारी से कीरत करना, वंड छकना और नाम जपना। इन तीनों मूल मंत्रों को हम सभी को अपने जीवन में अपनाकर आगे बढ़ना है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली स्थित बंगला साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका और शीश नवाया तथा नागरिकों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। गुरुद्वारे में मुख्यमंत्री को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

# हरियाणा के पैरा एथलीट्स ने देश का नाम किया रोशन : आरती सिंह राव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री और हरियाणा पैरा एथलेटिक एसोसिएशन की अध्यक्ष आरती सिंह राव ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप 2025 में पदक जीतने वाले हरियाणा के पैरा एथलीट्स का अपने निवास पर सम्मान किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**पैरा एथलीट्स ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीते आठ पदक**

नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 25 सितंबर से 5 अक्तूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाड़ियों ने कुल 8 पदक (2 स्वर्ण, 4 रजत, 2 कांस्य) जीते। आरती सिंह राव ने कहा कि उनके समर्पण, संघर्ष और आत्मविश्वास ने पूरे प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता में विश्व के 102 देशों के लगभग 2400 पैरा एथलीट्स ने हिस्सा लिया। हरियाणा से 30 खिलाड़ियों ने भाग लेकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। प्रमुख विजेताओं में रोहतक की रिंकू (जेवलिन थ्रो) ने स्वर्ण, झज्जर के योगेश कथुनिया (डिस्कस थ्रो) और पानीपत के नवदीप (जेवलिन थ्रो) ने रजत, भिवानी के प्रदीप (डिस्कस थ्रो) और हिसार के संदीप (200 मीटर दौड़) ने क्रमश: कांस्य और रजत पदक जीते।

आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य सरकार पैरा खेलों को हर संभव प्रोत्साहन दे रही है। नई नीतियों, आधुनिक प्रशिक्षण ढांचा, उपकरण और छात्रवृत्तियां प्रदान की जा रही हैं, ताकि खिलाड़ी अपनी क्षमता का सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा आने वाले समय में देश के पैरा स्पोर्ट्स हब के रूप में स्थापित होगा और खिलाड़ी विश्व मंच पर अधिक पदक जीतकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएंगे।

सम्मान समारोह में एसोसिएशन के संस्थापक गिरराज सिंह, महासचिव ज्योति कुमार छाबड़ा, कोषाध्यक्ष पवन कुमार और वरिष्ठ कोच धर्मेंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ‘सिंदूर’ के जरिए रितु सिंह ने किया महिला शक्ति और समर्पण को नमन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



प्रसिद्ध गायिका, गीतकार और संगीतकार रितु सिंह ने बुधवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में अपने बहुप्रतीक्षित गीत ‘सिंदूर’ का भव्य शुभारंभ किया। मीडिया प्रतिनिधियों और संगीत प्रेमियों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में उत्साह देखने को मिला। गीत का टीज़र पहले ही सोशल मीडिया पर लाखों व्यूज हासिल कर चुका है।

रितु सिंह ने बताया कि ‘सिंदूर’ केवल एक पारंपरिक प्रतीक नहीं, बल्कि आस्था, साहस, गरिमा और त्याग का प्रतीक है। यह गीत ‘ऑपरेशन सिंदूर’ से प्रेरित है और उन भावनाओं को समर्पित है जो पहलगाम की त्रासदी के दौरान उत्पन्न हुईं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना से जुड़े अपने परिवार की विरासत ने उन्हें देशभक्ति और करुणा की गहराई महसूस कराई। गीत के निर्देशक राहुल खान ने रितु सिंह की बहुमुखी प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि वह एक ऐसी कलाकार हैं जो गायन, अभिनय और भावनाओं को एक साथ जीवंत कर देती हैं। रितु सिंह जल्द अपने नए गीत ‘मेहंदी’, ‘सोहम’ और ‘बंदया’ लेकर आने वाली हैं।

# जींद में वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

**अनंत ज्ञान, जींद।** वोट चोरी के मुद्दे को लेकर बुधवार शाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टाउन हाल से रानी तालाब स्थित अंबेडकर चौक तक कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ‘लोकतंत्र बचाओ’ के नारे लगाए। मार्च से पहले टाउन हाल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऋषिपाल हैबतपुर ने कहा कि हरियाणा की कई सीटों पर कांग्रेस बेहद कम अंतर से हारी है, जो भाजपा की सुनियोजित साजिश का नतीजा है। उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग के बीच मिलीभगत लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। भाजपा विपक्ष की आवाज दबाने, सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करने और चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। हैबतपुर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी साफ कहा है कि भाजपा वोटों की चोरी कर सत्ता में बनी हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि लोकतंत्र बचाने के लिए एकजुट होकर भाजपा की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करें। कैं डल मार्च सिटी थाना, गांधी गली, एसडी स्कूल से होते हुए अंबेडकर चौक पर संपन्न हुआ।

# फरीदाबाद में छात्रा को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद**

बल्लभगढ़ के श्याम कॉलोनी में 17 वर्षीय छात्रा को गोली मारने वाले आरोपी जतिन मंगला को पुलिस ने बुधवार सुबह शाहपुरा गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की उम्र लगभग 27 वर्ष है और वह सोहना थाना क्षेत्र के सर्मथला गांव का निवासी है।

घटना सोमवार शाम की है, जब 12वीं की छात्रा अपनी दो सहेलियों के साथ लाइब्रेरी से पढ़ाई के बाद घर लौट रही थी। गली नंबर एक में पहले से घात लगाए बैठे जतिन ने पीछे से आकर देसी कट्टे से दो राउंड फायर किए। पहली गोली छात्रा के हाथ और कंधे में लगी, जबकि दूसरी गोली पास के मकान के गेट पर जा लगी। घायल छात्रा को स्थानीय लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका ऑपरेशन किया गया। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है।

छात्रा की बहन ने बताया कि आरोपी काफी समय से उसकी बहन को परेशान कर रहा था। शिकायत के बाद आरोपी के परिजनों ने माफी भी मांगी थी, लेकिन उसने यह गंभीर वारदात कर दी। पुलिस जांच में पता चला कि दोनों एक ही लाइब्रेरी में पढ़ते थे। आरोपी निजी कॉलेज में अकाउंटेंट था और युवती को परेशान करने पर लाइब्रेरी से निकाला गया था।

क्राइम ब्रांच 65 की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी साइको प्रवृत्ति का प्रतीत होता है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर वारदात की वजह और हथियार की सप्लाई की जांच करेगी।

## देश-विदेश

# गूगल स्पेस में बनाएगा एआई डेटा सेंटर 2027 में होंगे दो प्रोटोटाइप सैटेलाइट लॉन्च

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**गूगल** ने अपने नए मूनशॉट प्रोजेक्ट ‘सनकैचर’ का ऐलान किया। इस प्रोजेक्ट के तहत गूगल स्पेस में एआई डेटा सेंटर बनाएगा। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 𝕏 पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी।

**सैटेलाइट्स में गूगल के लेटेस्ट एआई चिप्स फिट किए जाएंगे**

इस प्रोजेक्ट के तहत गूगल स्पेस में सूरज की रोशनी से चलने वाले सैटेलाइट्स भेजेगी। इन सैटेलाइट्स में गूगल के लेटेस्ट एआई चिप्स फिट किए जाएंगे, जो ट्रिलियम टीपीयू कहलाते हैं। ये चिप्स एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कामों को तेजी से हैंडल करने के लिए बनाए गए हैं। ये सैटेलाइट्स एक-दूसरे से फ्री-स्पेस ऑप्टिकल लिंक्स नाम की तकनीक से जुड़ेंगे। मतलब, लेजर लाइट की मदद से बिना तारों के हाई-स्पीड डेटा शेयर करेंगे। इससे एआई की कंप्यूटिंग पावर यानी दिमागी ताकत को धरती से बाहर स्पेस में और ज्यादा बड़ा और तेज बनाया जा सकेगा। आसान शब्दों में कहें तो गूगल पृथ्वी पर बिजली की कमी या अन्य दिक्कतों से बचने के लिए स्पेस में सूरज की फ्री एनर्जी यूज करके एआई को सुपरफास्ट बनाना चाहती है, ताकि बड़े-बड़े एआई टास्क आसानी से हो सकें। (अनंत ज्ञान)

# मुंबई एयरपोर्ट पर 13 करोड़ मूल्य का नशीला पदार्थ गिरफ्तार, पांच गिरफ्तार

**एजेंसी, मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम ) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर पांच अलग-अलग मामलों में 13 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ और 87 लाख रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त की। कस्टम विभाग ने इन पांच मामलों में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामले की छानबीन कर रहे कस्टम अधिकारी ने बुधवार को बताया कि गोपनीय जानकारी के आधार पर उनके विभाग की टीम मुंबई एयरपोर्ट पर एक नवंबर से चार नवंबर तक निगरानी कर रही थी। इसी निगरानी के पहले दिन कस्टम की टीम ने कोलंबो से आ रहे एक यात्री को रोका और उसके सामान की तलाशी ली। यात्री के सामान की तलाशी में 2.568 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 2.56 करोड़ रुपये है। ये ड्रग्स एक ट्रॉली बैग के अंदर छिपाए गए थे। यात्री को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में चार करोड़ लोगों की फूड सप्लाई बंद

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका में 1 अक्तूबर से शुरू हुए सरकारी शटडाउन का बुधवार को 36वां दिन है। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था। शटडाउन की वजह से 42 मिलियन (4.2 करोड़) अमेरिकियों की फूड स्टैंप सहायता रुक गई है। अमेरिका के एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के पास इस कार्यक्रम के लिए सिर्फ 5 अरब डॉलर का रिजर्व फंड है, जबकि नवंबर में फूड स्टैंप जारी रखने के लिए 9.2 अरब डॉलर की जरूरत होगी। वॉशिंगटन स्थित बाइपार्टिसन पॉलिसी सेंटर के मुताबिक अब तक 6.7 लाख सरकारी कर्मचारी छुट्टी पर भेजे जा चुके हैं, जबकि 7.3 लाख कर्मचारी बिना सैलरी के काम कर रहे हैं।

इस तरह लगभग 14 लाख लोग कर्ज लेकर घर चला रहे हैं। ट्रंप हेल्थ केयर प्रोग्राम की सब्सिडी बढ़ाने को तैयार नहीं हैं, इस वजह से अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में फंडिंग बिल पास नहीं हो पा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर में मुठभेड़ : चार उग्रवादी मारे गए हथियार व गोला-बारूद किया बरामद

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के चूड़ाचांदपुर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में चार उग्रवादियों को मार गिराया। सेना ने हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है। इलाके में एक प्रतिबंधित संगठन के शिविर को नष्ट कर दिया। प्रतिबंधित यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) से जुड़े उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में मिली सूचना के आधार पर मंगलवार को जिले के हेंगलेप उपमंडल के अंतर्गत खानपी गांव में एक अभियान शुरू किया गया और चार उग्रवादियों को मार गिराया गया। जवानों द्वारा की गई कार्रवाई में एक एके-56, एक एमए4 एमके2 राइफल, गोला-बारूद और युद्धक सामग्री जैसी वस्तुएं बरामद हुई है। (अनंत ज्ञान)

# ह्यूस्टन-वॉशिंगटन फ्लाइट में बम की धमकी रोनाल्ड रीगन एयरपोर्ट पर उड़ानें रोकी

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन के रोनाल्ड रीगन एयरपोर्ट पर बम की धमकी से कुछ देर के लिए सभी उड़ानें रोक दी गईं। यह धमकी ह्यूस्टन से वॉशिंगटन आने वाली यूनाइटेड एयरलाइंस की फ्लाइट को मिली थी। विमान को एयरपोर्ट के एक सुरक्षित हिस्से में ले जाकर यात्रियों को बाहर निकाला गया और बस से टर्मिनल तक पहुंचाया गया। एफबीआई ने जांच शुरू कर दी है। इस घटना के कारण अन्य उड़ानों में औसतन 50 मिनट की देरी हुई, जबकि कुछ में दो घंटे तक की। जांच पूरी होने के बाद एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन फिर से शुरू कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

# नेपाल और भारत के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सात सूत्री योजना पर सहमति

**एजेंसी, काठमांडू**

**नेपाल** और भारत ने द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सात बिंदुओं पर एक समझौता किया है, जिसमें बिजली के आदान-प्रदान और सीमा-पार ट्रांसमिशन नेटवर्क के विस्तार को शामिल किया गया है।

यह समझौता 3 और 4 नवंबर को पोखरा में आयोजित नेपाल-भारत ऊर्जा सहयोग पर संयुक्त तकनीकी टीम की 17वीं बैठक के दौरान अंतिम रूप से तय किया गया। बैठक की सह-अध्यक्षता नेपाल के ऊर्जा, जलस्रोत तथा सिंचाई मंत्रालय के सह-सचिव संदीप कुमार देव और भारत के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के मुख्य अभियंता भगवान सहाय भैरव ने की। (अनंत ज्ञान)

**मुख्य समझौते**

1. चमेलिया-जौलजीबी 220 केवी ट्रांसमिशन लाइनः दोनों पक्षों ने अपने-अपने विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। संयुक्त डीपीआर नवंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा और परियोजना दिसंबर 2027 तक सम्पन्न करने का लक्ष्य रखा गया है।
2. बुटवल-गोरखपुर 400 केवी लाइनः इस नई लाइन को अस्थायी रूप से 220 केवी पर संचालित करने का निर्णय हुआ है। विद्युत आदान-प्रदान क्षमता को अंतिम रूप देने के लिए उत्तर प्रदेश ट्रांसमिशन कंपनी के साथ 15 दिनों के भीतर पुनः बैठक की जाएगी।
3. धलकेबर-मुजफ्फरपुर और धनकेबर-सीतामढ़ी लाइन की क्षमता समीक्षाः समीक्षा के बाद यह निर्धारित किया गया कि नेपाल इन लाइनों के माध्यम से अधिकतम 1,500 मेगावॉट बिजली निर्यात और 1,400 मेगावॉट आयात कर सकता है।
4. निजगढ-मोतीहारी 400 केवी लाइनः इस परियोजना का डीपीआर तैयार करने के लिए नेपाल एक माह के भीतर आवश्यक तकनीकी विवरण भारत को उपलब्ध कराएगा। यह लाइन संयुक्त रूप से विकसित की जाएगी।
5. लमही-लखनऊ 400 केवी लाइनः दोनों पक्षों ने यह तय किया कि डीपीआर तैयार करने से पहले इस प्रस्तावित लाइन का नेपाली पक्ष पर अंतिम बिंदु-लमही या कोहलपुर-संयुक्त रूप से तय किया जाएगा।
6. एचटीएलएस प्रौद्योगिकी का उपयोगः दोनों देशों ने सहमति दी कि धलकेबर-मुजफ्फरपुर 400 केवी लाइन के पुनर्निर्माण में हाई-टेंपरेचर लो-सैग (एचटीएलएस) तकनीक का उपयोग किया जाएगा ताकि उच्च तापमान की स्थिति में भी इसका प्रदर्शन बेहतर रहे।
7. पुरानी लाइनों का आधुनिकीकरणः रक्सौल-परवानीपुर और रामनगर-गंडक 132 केवी लाइनों में वर्तमान कंडक्टरों को एचटीएलएस कंडक्टरों से बदलने के लिए संयुक्त अध्ययन किया जाएगा ताकि ट्रांसमिशन क्षमता बढ़ाई जा सके।

# भारत की वर्तमान स्थिति ब्रिटिशराज जैसी: प्रियंका

**एजेंसी, वाल्मीकि नगर ( बिहार )**

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश की स्थिति ब्रिटिशराज जैसी हो गई है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार में ‘वोट चोरी’ के जरिए सरकार बनाना चाहता है। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकि नगर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ‘यह वही भूमि है जहां से महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन की शुरुआत की थी। आज की स्थिति देखकर लगता है कि देश फिर से उसी दिशा में जा रहा है। राजग सरकार ने बिहार में करीब 65 लाख मतदाताओं के नाम, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं, मतदाता सूची से हटा दिए हैं।

उन्होंने कहा, ‘बिहार में बेरोजगारी और पलायन चरम पर है। राज्य के युवा रोजगार की तलाश में बाहर जाने को मजबूर हैं। किसान बढ़ती लागत और कर के कारण खेती से पर्याप्त आय नहीं कमा पा रहे हैं।’ कांग्रेस नेता ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ‘राजग ने देश के सार्वजनिक उपक्रमों को बर्बाद कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# ईपीएफओ सोसायटी में 70 करोड़ का घोटाला, सीईओ और कर्मचारी गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बेंगलुरु पुलिस ने ईपीएफओ स्टाफ क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी में 70 करोड़ के घोटाले का खुलासा किया है। पुलिस ने सीईओ गोपी और कर्मचारी लक्ष्मी जगदीश को गिरफ्तार किया, जबकि अकाउंटेंट जगदीश फरार है। सोसायटी 61 साल से कर्मचारियों की एफडी रकम संभाल रही थी। करीब तीन महीने पहले ब्याज भुगतान रुकने पर गड़बड़ी सामने आई। जांच में करोड़ों रुपए गायब मिले और सिर्फ 3 करोड़ लोन के रूप में दिए गए थे। पुलिस ने कई लग्जरी गाड़ियां जब्त कीं और विदेशी खातों में ट्रांजेक्शन की जांच शुरू की है। (अनंत ज्ञान)

# सरयू में पलटी श्रद्धालुओं से भरी नाव

**एजेंसी, देवरिया।** नगर स्थित सरयू नदी तट पर बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने ऑस्था की डुबकी लगाते हुए दान-पुण्य किया। नदी तट पर जनसैलाब उमड़ पड़ा था। इसी बीच श्रद्धालुओं से भरी छोटी नाव पलट गई। जिससे नदी तट पर अफरातफरी मच गई। किसी तरह लोगों ने नदी में डूब रहे लोगों को बाहर निकाला। नाव पर अधिकांश महिला-पुरुष सवार थे। सीओ राजेश चतुर्वेदी पानी भरने से नाव पलट गई थी। लेकिन पानी कम होने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ है। सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# कालमेघी तूफान : फिलीपींस में मौतों का आंकड़ा 66 पहुंचा

**एजेंसी, मनीला।** उष्णकटिबंधीय तूफान ‘कालमेघी’ के कारण फिलीपीन्स में भारी बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 66 हो गई है। इस तूफान के मंगलवार को यहां पहुंचने के बाद तेज बारिश और बाढ़ से भारी तबाही मची हुई है, जिससे लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। (एनडीआरआरएमसी) के अनुसार, उत्तरी लुज़ॉन क्षेत्र इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां भूस्खलन और नदियों का उफान के चपेट में कई गांवों के आने की खबरें हैं। प्रारंभिक सरकारी आंकड़ों में 50 से अधिक लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी लेकिन राहत अभियानों के दौरान और शव मिलने से यह संख्या अब 66 हो गई है। खबरों के मुताबिक सैकड़ों लोग अभी भी लापता बताए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर ट्रेन हादसा : 11 लोगों की मौत, 20 से अधिक घायल

**एजेंसी, बिलासपुर**

**छत्तीसगढ़** के बिलासपुर में गतौरा स्टेशन के पास लालखदान क्षेत्र में मंगलवार को कोरबा पैसेंजर ट्रेन एक ट्रैक में खड़ी मालगाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई जिसमें लोको पायलट इंजन का पूरा हिस्सा मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया। इस भयावह हादसे में मंगलवार की देर रात तक मृतकों की संख्या 8 या 9 थी, जो अब तक बढ़कर 11 हो गई है, वहीं 20 से ज्यादा लोग घायल हैं।

सीपीआरओ विपुल कुमार ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों का इलाज



रेलवे अस्पताल, सिम्स और अपोलो में जारी है। रेस्क्यू टीम ने कई यात्रियों को बोगी से सुरक्षित निकाला। पैसेंजर ट्रेन की बोगी को गैस कटर से भी काटा गया है। बोगी में फंसे सभी लोगों को निकाला गया। हादसे में बच्चे, महिलाएं शामिल हैं। देर रात तक रेस्क्यू टीम का बचाव अभियान जारी रहा। जिसमें 3 लोगों के शव भी निकाले गए। रेलवे की तरफ से जांच की बात कही जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार शाम करीब 4:00 बजे हुई यह दुर्घटना हुई। हादसे के बाद 10 घंटे से ज्यादा समय तक रेलवे, जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी रही। इस दौरान एक-एक कर बोगी में फंसे मृतकों और घायल यात्रियों को बाहर निकाला। इस दौरान रेलवे के सुरक्षा और टेक्निकल विभाग की टीम रेलवे ट्रैक को सुधारने में लगे रहे। शाम करीब सात बजे से ही रेलवे ने एक ट्रैक पर परिचालन शुरू कर दिया था। जबकि, मिडिल लाइन को भी देर रात चालू कर लिया गया। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता अब भी ‘खराब’ श्रेणी में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी की वायु गुणवत्ता में बुधवार को थोड़ा सुधार देखा गया, हालांकि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 273 के साथ हवा की स्थिति अब भी ‘खराब’ श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के ‘समीर ऐप’ के अनुसार, 27 निगरानी स्टेशनों में वायु गुणवत्ता ‘खराब’ श्रेणी में दर्ज की गई, जबकि शादीपुर में 308 के आंकड़े के साथ यह ‘बेहद खराब’ श्रेणी में रही। मंगलवार रात वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 291 दर्ज किया गया था।



सीपीसीबी वर्गीकरण के अनुसार, 0 से 50 के बीच एक्यूआई को ‘अच्छा’, 51 से 100 के बीच को ‘संतोषजनक’, 101 से 200 के बीच को ‘मध्यम’, 201 से 300 के बीच को ‘खराब’, 301 से 400 के बीच को ‘बहुत खराब’ और 401 से 500 के बीच को ‘गंभीर’ माना जाता है। न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत से 3.1 डिग्री अधिक है, जबकि सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता 89 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### गॉफ ने पाओलिनी को हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स में उम्मीद रखी जीवंत

**एजेंसी, रियाद।** गत चैंपियन कोको गॉफ ने जैस्मीन पाओलिनी पर 6-3, 6-2 से जीत के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। गॉफ को टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मुकाबले में जेसिका पेगुला से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। उनका अगला मुकाबला शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सबालेंका ने पेगुला को 6-4, 2-6, 6-3 से हराकर पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। पाओलिनी लगातार दो मैच में हार से सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। वह अपनी जोड़ीदार सारा इरानी के साथ इस प्रतियोगिता में युगल मुकाबला भी खेल रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान विलियम्स नशे की लत के कारण राष्ट्रीय टीम से बाहर

**एजेंसी, हरारे।** जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान सीन विलियम्स अब कभी अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की तरफ से नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उन्होंने खुलासा किया है कि नशे की लत के कारण उन्होंने कुछ मैच नहीं खेले थे। जिम्बाब्वे क्रिकेट के अनुसार विलियम्स को राष्ट्रीय टीम से हमेशा के लिए बाहर कर दिया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने इस बात की जांच की कि सितंबर में टी-20 विश्व कप क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की पूर्व संध्या पर विलियम्स ने अचानक टीम से नाम वापस क्यों ले लिया था। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने एक बयान में कहा, ''जांच के दौरान विलियम्स ने खुलासा किया कि वह नशे की लत से जूझ रहे हैं और स्वेच्छा से रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया से गुजरना चाह रहे हैं।'' जिम्बाब्वे ने आठ टीमों वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी और उसमें जीत हासिल करके अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था। विलियम्स ने 2005 में जिम्बाब्वे के लिए पदार्पण किया और 20 साल तक अपने देश के लिए खेलते रहे। उन्होंने 24 टेस्ट, 164 एकदिवसीय और 85 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। (अनंत ज्ञान)

### मार्नस लाबुशेन की एशेज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में वापसी

**एजेंसी, गोल्ड कोस्ट।** लगातार लचर प्रदर्शन के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाने वाले मार्नस लाबुशेन की एशेज सीरीज के लिए आस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हुई है। चयनकर्ताओं ने इस अनुभवी बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए बुधवार को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया। लाबुशेन खराब फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में नहीं खेल पाए थे लेकिन इस बीच उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे वह वापसी करने में सफल रहे। सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड 21 नवंबर से पर्थ में होने वाले मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। उन्हें मैट रेनशॉ और सैम कोंस्टास पर तरजीह दी गई है, हालांकि अभी यह तय नहीं है कि उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा। नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम की अगुवाई करेंगे। कमिंस अभी भी पीठ के निचले हिस्से की समस्या से उबर रहे हैं। ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर और कैमरन ग्रीन को भी टीम में शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज मे ईवा लिस

**जर्मनी।** ईवा लिस अपने देश की नंबर-वन टेनिस खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने दुबई में हुए डब्ल्यूटीए 1000 चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था। ईवा लिस के खूबसूरती के चर्चे हर जगह होते हैं।



## चौथा टी20 ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख खिलाड़ियों की गैर-मौजूदगी में भारत मजबूत

# गोल्ड कोस्ट में गिल की अग्निपरीक्षा आज

**एजेंसी, कैरारा ( गोल्ड कोस्ट )**




अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वीरवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे। भारतीय टीम इस मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी।

तीन मैचों के बाद सीरीज 1-1 से बराबर है, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण कमजोर दिख रही है। पिछले मैच में जोश हेजलवुड की गैर-मौजूदगी का असर साफ दिखाई दिया था, जब भारत ने 186 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया था। चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को ट्रेविस हेड की भी कमी खलेगी, क्योंकि वह एशेज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड खेलने लौट गए हैं। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारत के पास गाबा में होने वाले अंतिम मैच से पहले 2-1 की बढ़त हासिल करने का सुनहरा मौका है।

हालांकि, टीम प्रबंधन के लिए शुभमन गिल की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। गिल ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अब तक खेले गए छह मैचों में एक भी अर्द्धशतक नहीं लगाया है। केवल कैनबरा में उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ अच्छी साझेदारी की थी, लेकिन वह मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। गिल को फिलहाल फुल लेंथ की गेंदों पर संघर्ष करना पड़ रहा है, जिनमें मूवमेंट दिखाई दे रही है। चिर-परिचित लय की कमी उनके आत्मविश्वास को प्रभावित कर रही है। हालांकि, भारत के लिए राहत की बात यह है कि अभिषेक शर्मा ने विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज की अपनी ख्याति को बनाए रखा है और टीम को उनसे एक बार फिर दमदार पारी की उम्मीद होगी।

गिल को एक सप्ताह में लाल गेंद से खेलना शुरू करना है, ऐसे में किसी भी प्रारूप में रन बनाना उनके आत्मविश्वास को बढ़ा सकता है। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहले और तीसरे मैच में अपनी पुरानी लय के संकेत दिए हैं, लेकिन अब वे बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीका सीरीज से पहले उन्हें एक महीने का ब्रेक मिलेगा और संभावना है कि वह रणजी ट्रॉफी में मुंबई की ओर से पुड्डूचेरी के खिलाफ खेलें।

गेंदबाजी विभाग में अर्शदीप सिंह के जुड़ने से मजबूती आई है, जबकि कुलदीप यादव को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए वापस भेजा गया है। टीम प्रबंधन का मानना रहा है कि कुलदीप और अर्शदीप दोनों को एक साथ खिलाना मुश्किल होता है, लेकिन फिलहाल यह समस्या नहीं दिखती। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए कप्तान मिशेल मार्श और टिम डेविड पर निर्भर रहेगी। हेड की अनुपस्थिति में मार्श मैथ्यू शॉर्ट के साथ पारी की शुरुआत कर सकते हैं। गेंदबाजी में भी बदलाव संभव है, क्योंकि सीन एबॉट अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उनकी जगह बेन ड्वार्शुइस या महली बियर्डमैन में से किसी एक को मौका मिल सकता है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 1 : 45 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत** : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया** : मिशेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), जोश फिलिप (विकेट कीपर), मिशेल ओवेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट कुहनेमन, एडम ज़म्पा, महली बियर्डमैन, बेन ड्वार्शिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मार्कस स्टोइनिस।

## हम बड़ी तस्वीर को देखते हुए आजमा रहे अलग-अलग संयोजन : मोर्कल

**एजेंसी, कैरारा ( गोल्ड कोस्ट )**



भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा कि अर्शदीप सिंह को चयन मामलों में भले ही परेशानी का सामना करना पड़ा हो, लेकिन यह तेज गेंदबाज इस बात को अच्छी तरह से समझता है कि टीम प्रबंधन बड़ी तस्वीर को देखते हुए अलग-अलग संयोजन आजमा रहा है।

अर्शदीप को होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। उन्होंने शानदार वापसी की और वह मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए थे। उन्हें पहले दो मैचों में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया क्योंकि उन्हें और कुलदीप यादव को एक साथ नहीं खिलाया जा सकता और दुबई की परिस्थितियों के कारण सितंबर में एशिया कप में भी वे पहली पसंद नहीं थे। गौरतलब है कि अर्शदीप टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 से अधिक विकेट लेने वाले एकमात्र भारतीय गेंदबाज़ हैं।

मोर्कल ने वीरवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले संवाददाताओं से कहा, ''अर्शदीप अनुभवी हैं और उन्हें पता है कि हम बड़ी तस्वीर को देख रहे हैं और अलग-अलग संयोजनों को आजमा रहे हैं। उन्हें पता है कि वह विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और उन्होंने पावरप्ले में अधिकतर विकेट लिए हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम जानते हैं कि वह टीम के लिए कितने अमूल्य खिलाड़ी है, लेकिन हमें अन्य संयोजनों पर भी गौर करने की जरूरत है और वह इस बात को समझते हैं।'' मोर्कल ने हालांकि, स्वीकार किया कि अर्शदीप जैसी क्षमता वाले गेंदबाज के लिए यह आसान नहीं रहा है। उन्होंने कहा,''यह आसान काम नहीं है लेकिन कभी-कभी कड़े फैसले करने पड़ते हैं। हम बस उनसे यही कहते हैं कि वे कड़ी मेहनत करें और जब भी उन्हें मौका मिले, उसके लिए तैयार रहें। टी20 विश्व कप से पहले अब सीमित मैच ही बचे हैं।'' मोर्कल ने कहा, ''इसलिए, हमारे लिए यह देखना ज़रूरी है कि दबाव की परिस्थितियों में खिलाड़ी कैसा प्रदर्शन करते हैं। यह जानने के लिए अलग-अलग संयोजन आजमाना जरूरी है।'' (अनंत ज्ञान)

## 37 साल के हुए रिकॉर्ड्स के बादशाह विराट कोहली

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार को अपना 37वां जन्मदिन मना रहे हैं। कोहली ने अपने शानदार करियर में क्रिकेट जगत में ऐसी छाप छोड़ी है, जिसे मिटाना बेहद मुश्किल है। भले ही विराट अब केवल वनडे क्रिकेट में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व कर रहे हों, लेकिन उनका स्टारडम और फैंस का प्यार आज भी बरकरार है।

टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद उन्होंने टी20 फॉर्मेट को अलविदा कहा और फिर टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया, लेकिन उनके नाम जो रिकॉर्ड हैं, वह हमेशा उन्हें किंग कोहली बनाकर रखेंगे। आईए, जानते हैं उनके ऐतिहासिक रिकॉर्ड्स, जो बताते हैं कि विराट क्यों हैं खास।

**विराट** कोहली वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 14 हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ फरवरी 2025 में अपने 287वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही वे सबसे तेज 8,000, 9,000, 10,000, 11,000, 12,000 और 13,000 रन बनाने का रिकॉर्ड भी रखते हैं।

**कोहली** ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक कुल 21 बार प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीता है। इनमें से टेस्ट में 3, वनडे में 11 और टी20 फॉर्मेट में 7 अवॉर्ड शामिल हैं। यह उपलब्धि उन्हें ऑल-फॉर्मेट क्रिकेटर्स में सबसे आगे खड़ा करती है।

**कोहली** के नाम वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। 305 मैचों में उन्होंने 51 शतक और 75 फिफ्टी जड़ी हैं, और 14,000+ रन बनाए हैं। यह आंकड़े यही साबित करते हैं कि chase master सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक युग है।

**2011** विश्व कप में अपने पहले ही मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक जमाकर कोहली उस समय पहले भारतीय बने जिन्होंने वर्ल्ड कप डेब्यू में शतक लगाया। यह उनकी बड़े मंच पर मानसिक मजबूती का शुरुआती सबूत था।

**विराट** ने कप्तान के रूप में सभी फॉर्मेट मिलाकर कुल 213 मैचों में टीम इंडिया का नेतृत्व किया। वह भारत के सबसे सफल और आक्रामक कप्तानों में गिने जाते हैं। उनसे आगे सिर्फ एमएस धोनी (332) हैं।

**2018** में कोहली ने सिर्फ 65 पारियों में 4000 टेस्ट रन पूरे किए और यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले ब्रायन लारा को यह मील का पत्थर हासिल करने में 71 पारियां लगी थीं। (अनंत ज्ञान)

## पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच

## पाकिस्तान ने द. अफ्रीका को दो विकेट से हराया

**एजेंसी, फैसलाबाद**



पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों के सहयोग से पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दो विकेट से जीत दर्ज की।

पाकिस्तान के सामने 264 रन का लक्ष्य था, लेकिन अच्छी शुरुआत के बावजूद उसकी पारी लड़खड़ा गई और आखिर में वह अंतिम ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य तक पहुंच पाया। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम पांच ओवरों में चार विकेट लेकर पाकिस्तान को मुश्किल में डाल दिया था। पाकिस्तान दौरे पर सभी प्रारूपों में लगातार छठी बार टॉस हारने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम पदार्पण कर रहे लुआन-ड्रे प्रीटोरियस (57) और क्विंटन डी कॉक (63) के अर्द्धशतकों का फायदा नहीं उठा सकी और 49.1 ओवर में 263 रन पर आउट हो गई।

सलमान अली आगा (62) और मोहम्मद रिजवान (55) की बदौलत पाकिस्तान ने 39वें ओवर में अपना स्कोर तीन विकेट पर 196 रन पर पहुंचा दिया था लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए। पाकिस्तान की टीम आखिर में दो गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रही। (अनंत ज्ञान)

## उपमहाद्वीप में स्पिन का सामना करने के लिए अच्छी तैयारी जरूरी : मैथ्यू शॉर्ट

**एजेंसी, गोल्ड कोस्ट**

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट मौजूदा टी20 सीरीज में भारतीय गेंदबाजों का सामना करने के अवसर का आनंद ले रहे हैं, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में स्पिन के अनुकूल ढलना महत्वपूर्ण होगा।

शॉर्ट मौजूदा सीमित ओवरों की सीरीज का अभिन्न हिस्सा रहे हैं क्योंकि ऑस्ट्रेलिया अगले साल फरवरी से मार्च के दौरान भारत और श्रीलंका में होने वाले टी 20 विश्व कप के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहा है। शॉर्ट ने चौथे टी20 मैच से पहले कहा, ''सुधार करने के अपने अलग-अलग तरीके होते हैं। विश्व कप भारत और श्रीलंका में खेला जाना है और इसे देखते हुए स्पिन के खिलाफ खेलना मेरे लिए अच्छी बात है। मुझे लगता है कि इसमें थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''हमारी टीम में कई पावर हिटर हैं जैसे टिम डेविड, ग्लेन मैक्सवेल, मिची ओवेन, मार्कस स्टोइनिस, जिन्हें पहले भी भारत में खेलने का अनुभव है और स्पिन के खिलाफ उनके पास पावर गेम है। यह स्पष्ट रूप से एक चुनौती है और ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना आसान नहीं है। इसलिए, हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा।'' शॉर्ट ने कहा, ''विश्व कप के दौरान परिस्थितियां भिन्न होगी, लेकिन भारत ने यहां अपनी मजबूत टीम उतारी है। उसके पास विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं जिनका सामना करना ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छा है। मुझे विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने की उम्मीद है लेकिन इसके लिए मुझे लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा।'' (अनंत ज्ञान)

## दूसरा चार दिवसीय मैच : भारत-ए बनाम दक्षिण अफ्रीका-ए

## सिराज, राहुल, कुलदीप और तेम्बा बावुमा की नजर अच्छी तैयारी पर

**एजेंसी, बेंगलुरु**



भारत-ए के कप्तान ऋषभ पंत पहले मैच की तरह अपनी फॉर्म और फिटनेस बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे, जबकि मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी गुरुवार से यहां तेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीका-ए के खिलाफ होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में लाल गेंद से महत्वपूर्ण मैच अभ्यास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

पंत ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के इसी मैदान पर पिछले सप्ताह खेले गए पहले मैच में विकेटकीपर के रूप में 139.3 ओवर बिना किसी परेशानी के खेले और साथ ही बल्लेबाज के रूप में 133 गेंदें खेली। उन्होंने दूसरी पारी में 90 रन बनाकर अपनी बल्लेबाजी फॉर्म का भी अच्छा परिचय दिया। फिटनेस की चिंता पूरी तरह से पीछे छूट जाने के बाद बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अब 14 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले एक बार फिर अपने खेल के चरम पर पहुंचने की कोशिश करेगा। सिराज, केएल राहुल और कुलदीप स्वदेश लौटने से पहले भारत के ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे का हिस्सा थे और अब वे दक्षिण अफ्रीका ए जैसी प्रतिस्पर्धी टीम के खिलाफ अपने लाल गेंद के कौशल को निखार सकते हैं। पहले मैच में भारतीय टीम ने तीन विकेट से जीत हासिल की थी और दक्षिण अफ्रीका की टीम अब सीरीज बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। (अनंत ज्ञान)

## जोकोविच ने यूनान में टेनिस की वापसी पर जीत हासिल की

**एजेंसी, एथेंस।** नोवाक जोकोविच ने यूनान में 30 साल से भी अधिक समय के बाद किसी शीर्ष स्तर के टेनिस टूर्नामेंट की वापसी पर शुरू में संघर्ष करने के बाद सीधे सेटों में जीत हासिल करके हेलेनिक चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यूनान में 1994 के बाद पहली बार आयोजित किए जा रहे एलीट स्तर के टूर्नामेंट के पहले दौर में चिली के एलेजांद्रो ताबिलो को 7-6 (3), 6-1 से पराजित किया।

पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने दबाव में अपनी सर्विस बरकरार रखी, जब तक कि जोकोविच टाईब्रेकर में जीत नहीं गए। दूसरे सेट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने दो बार ताबिलो की सर्विस तोड़ी और मैच 90 मिनट में अपने नाम कर दिया। इस वर्ष की शुरुआत में अपने परिवार के साथ एथेंस में बसने वाले जोकोविच ने मैच के बाद कहा, ''एथेंस ने खेलना वास्तव में घर जैसा लगता है। यहां के लोग मेरे साथ बहुत दोस्ताना व्यवहार करते हैं जिसने वास्तव में मेरे दिल को छू लिया।'' (अनंत ज्ञान)

## युवराज ने हांगकांग में क्रिकेट क्लिनिक का किया आयोजन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने लॉरियस 'स्पोर्ट फॉर गुड' पहल की सराहना की है जिसके तहत वह इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस के साथ मिलकर हांगकांग में क्रिकेट क्लिनिक का आयोजन कर रहे हैं।

**लॉरियस 'स्पोर्ट फॉर गुड' पहल की सराहना की**

भारत के लिए दो बार विश्व कप जीतने वाले युवराज और स्ट्रॉस बुधवार को स्थानीय हांगकांग क्रिकेट क्लब में इस क्लिनिक का आयोजन कर रहे हैं। युवा खिलाड़ियों को 'स्पोर्ट फॉर गुड' मिशन के तहत इन दोनों दिग्गजों से सामूहिक कोचिंग और सलाह मिलेगी।

युवराज ने कहा, ''जब से मैंने खेलना छोड़ा है, तब से मैं लॉरियस का एंबेसडर हूं। यह एक शानदार जुड़ाव रहा है। जैसा कि आप जानते हैं कि मेरा एक कैंसर फाउंडेशन है और लॉरियस जो कार्यक्रम चलाता है, उसका नाम है स्पोर्ट फॉर गुड। मुझे लगता है कि यह लोगों को एक साथ लाने का बहुत अच्छा तरीका है।''

उन्होंने कहा, ''खेल में दुनिया को बदलने की शक्ति है, मानसिकता को बदलने की शक्ति है और किसी भी खेल को खेलने के लिए समुदायों को एक साथ लाना, उन्हें एकजुट करना और कुछ अच्छा करना बहुत अच्छी बात है।'' (अनंत ज्ञान)

## स्मृति, जेमिमा, हरमनप्रीत भारतीय क्रिकेट की नई ब्रांड हैं : करसन घावरी

**एजेंसी, मुंबई।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज करसन घावरी ने महिला वनडे विश्व कप विजेता भारतीय टीम की जमकर प्रशंसा करते हुए बुधवार को हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और स्मृति मंधाना को भारतीय क्रिकेट का नया ब्रांड करार दिया। घावरी ने कहा, ''भारतीय महिला टीम की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने पूरे विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया विशेष कर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी दो मैच में उनका प्रदर्शन शानदार रहा। वह विश्व कप जीतने की असली हकदार थी।'' घावरी ने यहां पुलिस जिमखाना में शारीरिक रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अंतर-राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन के दौरान कहा, ''जैसे पुरुष टीम में विराट, रोहित और गिल हैं, वैसे ही स्मृति, जेमिमा और हरमनप्रीत अब भारतीय क्रिकेट की नई ब्रांड हैं।'' (अनंत ज्ञान)

## खुशी का इजहार — हरमन बोली-मैंने 'तुम्हारा काफी इंतजार किया, पर अब तुम्हें हर रोज देखूंगी

# वर्ल्ड कप जीतने के बाद हरमनप्रीत ने बनवाया ट्रॉफी का टैटू

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारतीय महिला टीम ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार महिला वनडे विश्व कप का खिताब जीता है। इस जीत में पूरी टीम ने अहम भूमिका निभाई। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शानदार तरीके से टीम को लीड किया और आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली भारत की पहली महिला कप्तान बन गईं। इस जीत के बाद से हरमन काफी उत्साहित हैं। इस जीत की खुशी में उन्होंने अपनी बाजू पर एक खास टैटू भी बनवाया है। इसकी तस्वीर हरमनप्रीत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है।

दरअसल, भारतीय कप्तान ने ट्रॉफी का टैटू बनवाया है। साथ ही उस पर 52 लिखवाया है। यानी 52 साल के महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में भारत ने पहली बार खिताब जीता। साथ ही जीत का साल 2025 भी लिखा है। इस तस्वीर को साझा करते हुए हरमनप्रीत कौर ने कैप्शन में लिखा, 'हमेशा के लिए मेरी त्वचा और दिल में बस गए हो। पहले दिन से तुम्हारा इंतजार कर रही थी और अब मैं हर सुबह तुम्हें देखूंगी और तुम्हारी आभारी रहूंगी।' (अनंत ज्ञान)

### 'मेरे लिए यह काफी भावुक कर देने वाला पल'

**इससे** पहले मंगलवार को बीसीसीआई ने हरमनप्रीत का एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने विश्व कप और खुद से जुड़ी दिलचस्प बातें बताई थीं। वीडियो में हरमनप्रीत कहती हैं, 'मेरे लिए यह काफी भावुक कर देने वाला पल है, क्योंकि जैसे पहले भी मैंने बोला कि यह बचपन से मेरा सपना था। जब से टीवी देखना शुरू किया और क्रिकेट खेलना शुरू किया, तब से मेरा सपना था कि विश्व कप जीतना है और अगर मैं कप्तान होऊंगी तो मैं उसे मिस नहीं करूंगी। लगता है मैंने ये चीजें दिल से बोली थीं और भगवान ने एक एक करके सब सुन लिया। यह कोई जादू जैसा है। समझ नहीं आ रहा है कि कैसे सब कुछ फेज वाइज हो रहा है। हर एक चीज एक एक करके अपने आप होती रही और आज हम चैंपियन बन चुके हैं।'

### 'जिस चीज का सपना देखा अब वह पूरा हो चुका'

**हरमनप्रीत** ने कहा, 'विश्व कप जीतकर हम तीन-चार घंटे सो पाए, लेकिन फिर भी काफी फ्रेश महसूस कर रही हूं। ऐसा कभी-कभी ही होता है। नहीं तो आठ घंटे की नींद तो चाहिए ही चाहिए। यह इस बात पर निर्भर करता है कि जब आप चैंपियन बन जाते हो, जीत जाते हो तो क्या महसूस करते हो। मैं यह सब अब महसूस कर पा रही हूं। अब बहुत रिलैक्स है और ऊपर वाले की आभारी हूं कि जिस चीज का सपना हम इतने वर्षों से देख रहे थे, अब वह पूरा हो चुका है।'